आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 42°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

सीएम ने श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक की...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 17 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 212 | www.janexpresslive.com/epaper





# ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं यह सिर्फ ट्रेलर: रक्षामंत्री

## समय आने पर दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर, भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा- ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले गुरुवार को राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था।

### 'भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित'

रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कल ही मैं श्रीनगर में सेना के अपने वीर जवानों से मिलकर लौटा हूं। आज मुझे आपके बीच आने का अवसर मिला है। कल मैं भारत के उत्तरी भाग में जवानों से मिला। आज मैं भारत के पश्चिमी भाग में वायु योद्धाओं और जवानों से मिल रहा हूं। दोनों ही मोर्चों पर उच्च र्जा और हाई जोश देखकर मैं फिर से आश्वस्त हो गया हूं कि भारत की सीमाएं आप सभी की मजबूत भुजाओं में पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपने जो कुछ किया, उसने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। भारतीय वायुसेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे, पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए। मैं यह कहूं तो गलत नहीं होगा, कि जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया। आपने दुश्मन की सीमा के भीतर जाकर जो मिसाइलें गिराईं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी और वास्तव में वह गूंज, सिर्फ मिसाइलों की ही नहीं थी, वह गूंज आपके शौर्य और भारत के पराक्रम की थी।

### 'आईएएफ ने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई ऊंचाइयों को छुआ'

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने जो प्रभावी भूमिका निभाई है, उसकी सराहना इस देश में ही नहीं दूसरे देशों में भी हो रही है। आपने इस ऑपरेशन में न केवल दुश्मन को परास्त किया है, बल्कि उन्हें तबाह करने में भी कामयाबी हासिल की है। आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए इस अभियान को हमारी वायु सेना ने आगे बढ़ाया। हमारी एयरफोर्स एक ऐसी 'स्काइफोर्स' है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है, यह बात पूरी तरह साबित हो चुकी है। आज स्थिति यह है कि भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किए ही यहीं से उनके हर कोने तक प्रहार करने में सक्षम है। पूरी दुनिया ने देख लिया है कि कैसे आपने पाकिस्तान की धरती पर मौजूद, आतंकवाद के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। बाद में की गई कारवाई में उनके अनेक एयरबेस तबाह कर दिए।

### 'आर्थिक सहायता आतंक के लिए फंडिंग से कम नहीं'

राजनाथ ने कहा कि मैं मानता हूं कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता आतंक के लिए फंडिंग से कम नहीं है। भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर की मदद पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। भारत नहीं चाहता कि जो फंडिंग हम आईएमएफ को करते हैं, वह प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी तरीके से पाकिस्तान या किसी भी देश में आतंकी ढांचे को बनाने में इस्तेमाल की जाए।

### 'मेरे शब्द आपके कार्यों को मापने में असमर्थ'

उन्होंने कहा कि आपने जो पराक्रम दिखाया, उसकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। आज भारत को वैश्विक मंच पर जो सम्मान मिल रहा है, उसकी बुनियाद में आपका यही पराक्रम है। यही कारण है कि भारत का बच्चा-बच्चा आपको, अपना आदर्श मानता है। आपने पूरे देश को यकीन दिलाया है, कि नया भारत अब सहन नहीं करता, बल्कि वह पलटकर जवाब देता है। मैं चाहे जितना कुछ भी बोलूं, लेकिन मेरे शब्द आपके कार्यों को मापने में असमर्थ होंगे। मैं कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से आप सबके प्रति आभार व्यक्त करने आया हूं।

### 'निसिचर हीन करउं महि, भुज उठाइ पन कीन्ह'

राजनाथ ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई, केवल सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय रक्षा सिद्धांत का हिस्सा बन चुकी है। हम आपके साथ मिलकर इस हाइब्रिड और प्रॉक्सी युद्ध को जड़ से समाप्त करेंगे। हम, हमारे आराध्य श्रीराम के उस मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें वह आसुरी शक्तियों के विनाश का प्रण लेते हैं। निसिचर हीन करउं महि, भुज उठाइ पन कीन्ह। अर्थात जिस प्रकार भगवान राम ने अपनी भुजाओं को उठाकर, धरती को राक्षस विहीन करने का प्रण लिया था। ठीक उसी प्रकार, प्रभु श्री राम के आदर्शों का पालन करते हुए हमने भी आतंकवाद को, जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है।

### यदि कोई नुकसान पहुंचाएगा तो वह प्रहार भी झेलेगा'

उन्होंने कहा कि आप सब तो जानते ही होंगे, कि भारत में जब भी कोई उपद्रवी तत्व होता है, जिसको लेकर यह आशंका रहती है, कि यह भविष्य में कुछ उपद्रव कर सकता है, तो उसको मजिस्ट्रेट और पुलिस की ओर से अच्छे बर्ताव के परिवीक्षा पर रखा जाता है। अगर वह व्यक्ति परिवीक्षा के दौरान कोई भी शरारत करता है, तो उसे उचित दंड दिया जाता है। ठीक उसी तरह, वर्तमान संघर्ष विराम में हमने पाकिस्तान को बर्ताव के आधार पर अभी परिवीक्षा पर रखा हुआ है। यदि उसका बर्ताव सुधरता है, तब तो ठीक और यदि परिवीक्षा में फिर से गड़बड़ी आती है, तो उसको कड़े से कड़ा दंड दिया जाएगा। मैं दोहरा रहा हूं कि पाकिस्तान को हमने परिवीक्षा पर रखा है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक बात बहुत साफ कही है, कि आतंक पर प्रहार अब न्यू नॉर्मल है। ये नए भारत का न्यू नॉर्मल है। अब हमने यह साफ कर दिया है कि हमारी संप्रभुता को यदि कोई नुकसान पहुंचाएगा तो वह प्रहार भी झेलेगा। आतंकवाद का हम कड़ा और दमदार जवाब देंगे।

### आईएमएफ की मदद पर उठाए सवाल

उन्होंने कहा कि आपने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ प्रभावी कारवाई की मगर पाकिस्तान फिर से इस कोशिश में लग गया है कि ध्वस्त हुए आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा किया जाए। वहां की सरकार, पाकिस्तानी आम नागरिकों से लिया गया टैक्स, 'जैश ए मुहम्मद' जैसे आतंकी संगठन के आका मसूद अजहर को करीब चौदह करोड़ रुपए देने में खर्च करेगी। जबकि वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी घोषित है। इतना ही नहीं, 'लश्कर ए तैयबा और जैश ए मुहम्मद' के मुरीदके और बहावलपुर स्थित आतंकी ढांचे को फिर से खड़ा करने के लिए पाकिस्तान सरकार ने आर्थिक सहायता देने के एलान किया है। निश्चित रूप से आईएमएफ से आने वाले एक बिलियन डॉलर के बड़े हिस्से को आतंकी ढांचे को फंड करने में इस्तेमाल होगा। क्या यह आईएमएफ द्वारा जो कि एक अतंरराष्ट्रीय संगठन द्वारा परोक्ष फंडिंग नहीं माना जाएगा?

### 'भारत की युद्ध नीति और तकनीकी दोनों बदल चुकी'

उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इंडियन एयरफोर्स ने केवल पराक्रम ही नहीं दिखाया है, बल्कि पूरी दुनिया के सामने प्रमाण भी दिया है। प्रमाण इस बात का कि अब भारत की युद्ध नीति और तकनीकी दोनों बदल चुकी है। आपने नए भारत का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाया है। यह संदेश है कि अब भारत केवल विदेशों से इंपोर्ट किए गए हथियारों और प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर नहीं है,बल्कि भारत में बने अस्त्र और शस्त्र भी हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन चुके हैं। अब भारत में बने और भारतीय हाथों से बने हथियार भी अचूक और अभेद हैं, यह पूरे विश्व ने देख लिया है।

### 'जांबाजों को सलाम करता हूं'

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों को और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। मैं हमारे घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं और ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हों। हमारे देश की मजबूत भुजा भुज में आप सबके बीच आकर मुझे बड़ा गर्व हो रहा है। यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है और यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प। मैं आप सभी वायु योद्धाओं समेत, सशस्त्र बलों और बीएसएफ के सभी जांबाजों को सलाम करता हूं।

## जल जीवन मिशन में लापरवाही पर सीएम योगी का बड़ा एक्शन

# 183 अफसर-कर्मियों पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय



उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल आपूर्ति में लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कदम उठाया है। सीएम योगी ने 183 अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की है, जिसमें 122 अधिकारियों पर अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि, और 6 को निलंबित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि ÷योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।÷ उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक समय पर और गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, और इसके लिए पारदर्शी व कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी। उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक नल कनेक्शन देने वाला देश का पहला राज्य बना है। अब तक 2.36 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को कनेक्शन दिए जा चुके हैं। प्रदेश में 5,07,479 किलोमीटर की वाटर पाइपलाइन बिछाई गई है और 28,526 सोलर पंप लगाए गए हैं। 80त्न परियोजनाएं सोलर आधारित हैं, जिससे प्रतिदिन 900 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है और लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम हो रहा है। सीएम योगी ने जल जीवन मिशन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं।

▸ शेष पेज 03 पर...

### मुख्य अभियंताओं पर कार्रवाई

- 7 मुख्य अभियंताओं पर जांच, 4 को प्रतिकूल प्रविष्टि।

### अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई

- 59 अधिशासी अभियंताओं पर जांच, 44 को प्रतिकूल प्रविष्टि, 4 निलंबन।

### सहायक अभियंताओं पर कार्रवाई

- 32 सहायक अभियंताओं पर जांच, 2 निलंबन।

### अवर अभियंताओं पर कार्रवाई

- 19 अवर अभियंताओं पर अनुशासनिक जांच।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में अव्यवस्था और भूख से बेहाल नवविवाहित जोड़े: अखिलेश यादव का भाजपा पर करारा वार

जन एक्सप्रेस। वाराणसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह एक बार फिर अव्यवस्थाओं और लापरवाही की भेंट चढ़ गया। सैकड़ों नवविवाहित जोड़े भूखे लौटने को मजबूर हुए। मंत्री-विधायकों की मौजूदगी में हंगामा हुआ और कार्यक्रम स्थल पर तैनात कर्मी खाना छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए। यह घटना न सिर्फ प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है बल्कि सत्ताधारी दल के 'सुशासन' के दावों पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। इस पूरे प्रकरण पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने फेसबुक पोस्ट के ज़रिए कहा, भ्रष्टाचार के लिए भाजपाइयों का पेट सुरसा के मुँह जैसा है। भाजपाई 'कोरोना दान' का तो खा गये अब क्या 'कन्या दान' का भी शर्मनाक! इसके साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि जब दोनों जगह (राज्य और केंद्र) भाजपा की सरकार है, तो जाँच की औपचारिकता भी दोनों को मिलकर करनी चाहिए।

### विपक्ष का हमला, सरकार की चुप्पी

अखिलेश यादव के इस बयान ने सत्ताधारी भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने इसे भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए कहा कि पहले 'कोरोना राहत' में जनता को ठगा गया और अब 'कन्या दान' जैसे पुण्य कार्य को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को सहायता देना है, लेकिन यदि ऐसी योजनाएं सिर्फ फोटोग्राफी और मीडिया कवरेज तक सिमट जाएँ और ज़मीनी सच्चाई भूख, लाचारी और अपमान हो, तो यह प्रशासनिक विफलता से ज़्यादा कुछ नहीं। अब देखना यह है कि भाजपा सरकार इस मामले में जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई करती है या हमेशा की तरह लीपापोती करके आगे बढ़ जाती है।

### मंत्री-विधायकों की मौजूदगी में भी नहीं हुई व्यवस्था

कार्यक्रम में सरकार के मंत्री, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे, लेकिन अफसरशाही और ठेकेदारों की लापरवाही के सामने सब लाचार दिखे। जब हंगामा बढ़ा तो भोजन व्यवस्था में लगे कर्मचारी अपना काम छोड़कर भाग खड़े हुए।

### सवाल उठाती है यह घटना

- जब प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में यह हाल है, तो बाकी जिलों का क्या हाल होगा?
- सरकार की योजनाओं में गरीबों के लिए निर्धारित बजट का कितना हिस्सा ज़मीन तक पहुँचता है?
- क्या यह सिर्फ रस्म अदायगी है या सरकार वाकई इन परिवारों के भविष्य की चिंता करती है?

### हंगामे का कारण: खाना नहीं मिला, नवविवाहित जोड़े भूखे लौटे

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों के नवविवाहित जोड़ों के लिए आयोजित इस सरकारी समारोह में भारी अव्यवस्था रही। गर्मी और उमस से परेशान दूल्हा-दुल्हन कार्यक्रम में लंबा इंतजार करते रहे, लेकिन अंत में उन्हें बिना भोजन किए ही लौटना पड़ा। कई जगहों पर परिजनों ने हंगामा भी किया।

# उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक हुई सम्पन्न, दो दर्जन से अधिक प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

- धामी कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आप्रेशन सिंदूर की एतिहासिक कामयाबी को लेकर दी बधाई
- परिवहन विभाग बसूलेगा ग्रीन सेस, गौशालाओं के निर्माण हेतु मिलेगी वित्तीय सहायता
- पशुपालन विभाग के तहत पोल्ट्री फार्म योजना को मिली मंजूरी, पहाड़ी क्षेत्रों में 40 प्रतिशत व मैदानी क्षेत्रों में मिलेगा 30 प्रतिशत सब्सिडी



जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी गई। मुख्यमंत्री राहत कोष की राशि अब केवल उन्हीं बैंकों में रखी जाएगी, जहाँ अधिक ब्याज लाभ मिलेगा। पशुपालन विभाग ने पोल्ट्री फॉर्म को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी योजना को मंजूरी दी है। पहाड़ी क्षेत्रों में 40 प्रतिशत और मैदानी क्षेत्रों में 30 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। सड़कों पर घूमने वाले लगभग 16 हजार बेसहारा पशुओं की देखरेख को लेकर सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब पशुपालन विभाग गौशालाओं के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता देगा। डीएम निजी एनजीओ के प्रस्तावों को मंजूरी दे सकेंगे और सरकार निर्माण पर 60 प्रतिशत सब्सिडी देगी, जबकि 40 प्रतिशत लागत एनजीओ द्वारा वहन की जाएगी। महिला सशक्तिकरण और



बाल विकास विभाग के अंतर्गत किशोर न्याय नीति के तहत कॉपास फंड की उपयोग नीति बनाई गई है। इसके साथ ही स्ट्रीट चिल्ड्रन के लिए एक विशेष नीति को मंजूरी दी गई।मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना को भी कैबिनेट की स्वीकृति मिली है, जो सभी जिलों में लागू होगी। योजना के तहत 30 करोड़ रुपये के बजट से हर साल 2,000 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सहायता दी जाएगी, जिसमें 75 प्रतिशत तक की सब्सिडी सरकार वहन करेगी। पूर्व में संचालित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और सूक्ष्म स्वरोजगार योजना का अब विलय कर दिया गया है, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नरेंद्रनगर क्षेत्र के तपोवन-कुंजापुरी में रोपवे निर्माण के लिए विशेष प्रयोजन संस्था बनाई जाएगी। पर्यटन विभाग टेक्निकल पार्टनर रखेगा और डेवलपर अलग होगा। गृह विभाग के अंतर्गत अग्निशमन सेवाओं को लेकर भी अहम फैसला लिया गया है। अब 12 मीटर से कम ऊंचाई वाले उद्योगों के लिए भी क्षेत्रानुसार सुरक्षा मानकों का वर्गीकरण किया गया है। राज्य में वर्चुअल रजिस्ट्रेशन सुविधा को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके अलावा, नई और पुरानी पेंशन योजना के तहत पदों की अधिसूचना तिथि के आधार पर पेंशन पात्रता तय करने का निर्णय लिया गया है। परिवहन विभाग के अंतर्गत ग्रीन सेस वसूलने का फैसला लिया गया है। प्रवेश उपकर में वृद्धि पर भी जल्द निर्णय लागू किया जाएगा। इसके साथ ही धर्मस्व और तीर्थाटन विकास परिषद के गठन को भी कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की है।

### उत्तराखण्ड मंत्रिपरिषद ने किया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना का अभिनंदन प्रस्ताव पारित

मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना, प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्रालय का अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिपरिषद के प्रस्ताव में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और रणनीतिक कौशल की सफलता को दर्शाता है, यह सैन्य अभियान भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मबल का उदाहरण बनकर उभरा है। मंत्रिपरिषद द्वारा विश्वास व्यक्त किया गया कि ऑपरेशन सिंदूर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा जो भारत की सैन्य गौरवगाथा में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित होगा। मंत्रिपरिषद के इस अभिनंदन प्रस्ताव को केन्द्र सरकार और रक्षा मंत्रालय को भेजा जाएगा ताकि उत्तराखण्ड राज्य की भावनाओं से उन्हें अवगत कराया जा सके।

## 'कभी-कभी पुरस्कार स्वयं ही पुरस्कृत हो जाता है...'



राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में पूज्यपाद महाराज को ज्ञानपीठ सम्मान प्रदान करतीं महामहिम राष्ट्रपति

भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के कर-कमलों से प्रदत्त 58वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार, जब माँ सरस्वती के दिव्य वरणपुत्र पूज्यपाद जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के मस्तक को स्पर्श करता है, तो वह केवल एक सम्मान नहीं रह जाता। वह स्वयं भी सम्मानित हो उठता है। यह दृश्य न केवल साहित्यिक साधना का गौरव है, अपितु भारतीय संस्कृति, भक्ति और विद्वत्ता का आलोक भी है।

# सपा का पोस्टर वार: कर्नल सोफिया के अपमान पर भाजपा से माफी की मांग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर समाजवादी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। सपा नेता मोहम्मद इकलाख द्वारा पार्टी मुख्यालय के बाहर लगाए गए पोस्टर ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। पोस्टर में स्पष्ट संदेश दिया गया है- 'हिंदू-मुस्लिम के नाम पर न बटेंगे, न बाँट सकोगे', साथ ही लिखा गया है कि हर हिंदुस्तानी का हौसला नफरत की सियासत के खिलाफ है। सपा ने भाजपा से पूरे देश से सार्वजनिक रूप से माफ़ी माँगने की मांग की है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह पोस्टर वार 2024 के बाद के सियासी समीकरणों को हवा दे सकता है।

# कदौरा ही नहीं महेवा विकासखंड में मजदूरों को काम देने के नाम पर हो रहा गोलमाल

जन एक्सप्रेस । शत्रुघन सिंह 'बादशाह'

उरई/जालौन। जनपद के विकासखंडों में मनरेगा योजना की जा रही लगातार मॉनीटरिंग के बाद भी मजदूरों के हितों का जमीनी धरातल पर संरक्षण होना तो दूर की बात बल्कि मशीनरी से मनरेगा कार्यों को अंजाम तक पहुंचाकर कागजी कार्यवाही पर अमल किया जा रहा है। इसीक्रम में कदौरा ही नहीं बल्कि महेवा विकासखंड के ग्रामीण मनरेगा योजना के गड़बड़झाले की अखियन देखी बता रहे हैं तो वहीं जिला मुख्यालय पर बैठे डीसी मनरेगा कागज लेखी को मानकर चल रहे हैं। ऐसे मामले समाचार पत्र की सुर्खियां बन रहे हैं तो वहीं मनरेगा के जिम्मेदार इस मामले में मुंह खोलने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि जिले में मनरेगा योजना की हकीकत से जुड़ी खबरों को पढ़कर यह कहने लगे कि जब सब कुछ छाप ही दिया है तो मैं कुछ नहीं कह सकता। जिम्मेदार अधिकारी की इस तरह की प्रतिक्रिया को लेकर ग्रामीण क्या समझे समझ से परे हैं।

मनरेगा योजना में सबसे पहले कदौरा विकासखंड के ग्राम मगरायां व ताहरपुर में मनरेगा कार्यों की पोल खोल अभियान में खुलासा होने के बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मचा तो आनन फानन में डीसी मनरेगा ने दोनों गांवों की बीडीओ कदौरा को जांच सौंप कर मामले को ठंडा करने का काम तो कर दिया। लेकिन उसकी जांच कब तक पूरी होगी यह कहना मुश्किल होगा। इसके अलावा भी कदौरा विकासखंड के ही गांव बसरेही व चंदरसी का भी प्रकाश में आया जहां बसरेही गांव में तो 9 मई से 14 मई तक मस्टर रोल रिकार्ड को खंगाला जाये तो एक ही फोटो को कई-कई बार अपलोड की गयी। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत चंदरसी में भी 14 दिन चलने वाले कार्य में 3 से 15 मई तक के मस्टर रोल रिकार्ड का परीक्षण किया जाये तो एक ही फोटो बार-बार देखने को मिल जायेगी। उक्त दोनों गांवों में मनरेगा योजना में चल रहे खेला में डीसी मनरेगा ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। उक्त दोनों गांवों के ग्रामीणों की मानें तो उन्होंने इसकी जानकारी डीसी मनरेगा को दी थी लेकिन गांव में कोई जांच करने तक नहीं पहुंचा। इसके अलावा भी कदौरा विकासखंड के कई गांवों में इसी तरह से मनरेगा योजना में 9 हजार से अधिक मजदूरों को गांव में ही रोजगार देने का आंकड़ेबाजी को पूरा किया जा रहा है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी जमीनी हकीकत से पूरी तरह से अनजान भी नहीं हैं। लेकिन सिस्टम को किस तरह से जिम्मेदार अधिकारी नकारा बनाने पर तुले हुये है मनरेगा में चल रहे खेल को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

इसी प्रकार से महेबा विकासखंड में क्षेत्र पंचायत द्वारा पड़री से नरहान व नरहान से दहेलखंड तक कच्चे संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य मनरेगा योजना से कराया जा रहा है जहां एक भी मनरेगा मजदूर काम करते नहीं मिलेगा। बल्कि मजदूरों के स्थान पर मशीनरी कच्चा संपर्क मार्ग डालने में जुटी नजर आयी। जबकि पड़री से नरहान कच्चे संपर्क मार्ग निर्माण में 165 मजदूरों को काम करते मस्टर रोल में दिखायी दे रहे लेकिन जमीनी हकीकत में एक भी श्रमिक नहीं। इस कार्य की जो फोटो एनएमएस अपलोड की जा रही है वह पूरी तरह से फर्जीबाड़ा को साबित करती है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि जिन मजदूरों की फोटो अपलोड की जा रही है उनके गांव दस से 15 किलोमीटर दूर बताये जा रहे हैं। इस मामले में डीसी मनरेगा क्या कार्यवाही अमल में लाते हैं यह तो समय ही बतायेगा।

# रोडवेज बसों में मुखबिरों का व्हॉट्सएप ग्रुप फिर सक्रिय

जन एक्सप्रेस । बांदा

रोडवेज बसों में एक बार फिर मुखबिरों का व्हॉट्सएप ग्रुप सक्रिय हो गया है। कंडक्टर धड़ल्ले से राजस्व चोरी कर रहे हैं।

रात की बसों में कुछ ज्यादा ही चोरी हो रही है। यातायात निरीक्षण चेकिंग के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। अफसर एसी में गहरी नींद ले रहे हैं, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि आरएम और एआरएम भी बसों को चेक करें, लेकिन वह कभी नहीं करते। कागजों में बस चेकिंग का मानक पूरा किया जा रहा है।

गर्मी के चलते आरएम व एआरएम चेकिंग पर नहीं जाते हैं। कभी गए भी तो इन पर मुखबिरों की नजर रहती है। सूत्र बताते हैं कि परिचालकों का छह सदस्यों वाला मुखबिर दल है। एक मुखबिर आरएम और दूसरा एआरएम पर नजर रखता है। अन्य चार अतर्रा तिराहा, भूरागढ़, तिंदवारी चौराहा, नरैनी रोड पर नजर रखते हैं।

जैसे ही आरएम व एआरएम कार्यालय से बाहर निकलते हैं, इसकी सूचना व्हॉट्सएप ग्रुप पर परिचालकों को दे दी जाती है। इससे परिचालक सतर्क हो जाते हैं। दो साल पहले तत्कालीन एआरएम लक्ष्मण सिंह ने परिचालकों का व्हॉट्सएप ग्रुप पकड़ा था और कार्रवाई भी की थी। इससे घबराएं रोडवेज कर्मी हड़ताल पर चले गए थे। एक कर्मचारी ने साजिश के तहत रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम से पकड़ा दिया।

ताकि न बांस रहे न बांसुरी बजे। इस घटना के बाद से अधिकारी इतने सकते में आ गए कि वह बस चेक करने ही नहीं जाते हैं।

**सुलह का बना रहे दबाव**

पैसा लेने के बाद टिकट न देने की शिकायत में जांच के नाम पर खानापूरी की जा रही है। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि झूठा साबित करने के लिए परिचालक कुछ खास गुर्गों को फर्जी टिकट देकर फर्जी बयान करवा रहा है। यहां तक कि चालक व एसएम कार्यालय के एक लिपिक ने भी झूठे बयान दिए।

एआरएम के सामने सुलह का दबाव बनाया गया। बताया कि 16 अप्रैल को कानपुर से बांदा आते समय इंटर सिटी के कंडक्टर अमित शुक्ला ने पैसा लेने के बाद करीब 20 यात्रियों के टिकट नहीं बनाएं। टिकट मांगने पर अभद्रता की। इसकी शिकायत 19 अप्रैल को आरएम से की गई थी।

**समय-समय पर अधिकारी चेकिंग करते हैं। फिर भी जल्द मंडल के एआरएम से क्रॉस चेकिंग कराई जाएगी। राजस्व चोरी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।**
**-संदीप अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक चित्रकूटधाम मंडल, बांदा।**

# राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर प्राधिकरण सचिव ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी कार्य योजना के अनुक्रम में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव वर्णिका शुक्ला ने शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सम्प्रेक्षण गृह में शिक्षक राजीव कुमार सिंह 12 बाल अपचारियों को सामाजिक विषय पढ़ाते हुए पाए गए। इसी प्रकार शिक्षक अभिषेक त्रिपाठी 21 बाल अपचारियों को गणित पढ़ाते हुए पाए गए। इस दौरान शिक्षण कक्ष में कम्प्यूटर संचालित होते नहीं पाए गए। इस पर प्राधिकरण सचिव ने शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे विशेष तकनीकि माध्यम से बाल अपचारियों को अग्रेजी भाषा पढना, लिखना एवं बोलना सिखाए। इस दौरान उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में आवासित बाल अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी जानी। साथ ही बताया कि जन बाल अपचारियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं।

इसके बाद प्राधिकरण सचिव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में रसोईघर व शौचालय का भी निरीक्षण किया। जहां रसोई घर में पर्याप्त साफ-सफाई पायी गयी, परन्तु शौचालय में पर्याप्त सफाई नहीं पायी गयी। इस पर संस्था प्रभारी को निर्देशित किया गया कि शौचालय की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर किशोर न्यायबोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट विदिषा भूषण, संस्था प्रभारी बीर सिंह, सदस्य अर्चना श्रीवास्तव, काउन्सलर दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुराचार के आरोपी को 25 वर्ष कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

खेत में महुआ बीनने गई नाबालिग लड़की के साथ दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 25 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती छह अप्रैल को एक व्यक्ति ने मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायर्ता ने बताया था कि छह अप्रैल 2025 को सबेरे आठ बजे उसकी 12 वर्षीय बेटी अपने भाईयों के साथ घर से लगभग एक किमी. दूर अपने खेत में महुआ बीनने गई थी। इस दौरान वहां एलहा बढैया गांव का निवासी शारदा आया और जबरन उसकी बेटी का मुह दबाकर जंगल ले गया। जहां उसने बेटी के साथ गलत काम किया। जब बेटी ने स्वयं को छुड़ाने की कोशिश की, तो उसके साथ आरोपी ने मारपीट भी की । जिससे उसके शरीर में चोटें भी आईं। आरोपी ने घटना के सम्बन्ध में किसी को जानकारी देने पर पूरे परिवार को खत्म कर देने की धमकी भी दी। वहां से भागकर रोते हुए बेटी घर पहुंची और अपनी मां को पूरी जानकारी दी। जिसके बाद उन लोगों ने थाने आकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दूसरे दिन ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और एक सप्ताह के अंदर 11 अप्रैल को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने इस मामले निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी शारदा को 25 वर्ष की कैद के साथ 12,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। न्यायालय के निर्णय के बाद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि घटना के 41 दिन के भीतर दुष्कर्मी को न्यायालय से सजा सुनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में तत्कालीन मानिकपुर थाना प्रभारी, विवेचक, वर्तमान थाना प्रभारी व पुलिस के पैरोकार के साथ अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखा था।

# यमुना में गिरी स्नातक की छात्रा: डूबकर मौत, तीन घंटे बाद शव बरामद

जन एक्सप्रेस । कालपी

यमुना नदी में सामग्री प्रवाहित करते समय पैर फिसलने से स्नातक की छात्रा नदी में गिर गई और डूबकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद छात्रा का शव बरामद कर लिया। नगर क्षेत्र की यमुना नदी में नागरिकों के डूबने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जैसा की एक मामला फिर संज्ञान में आया है। बताया गया कि नगर के मोहल्ला हरीगंज निवासी सियाराम की पुत्री बबली स्नातक की छात्रा थी। जो शुक्रवार की दोपहर को कई लोगों के साथ यमुना नदी में सामाग्री प्रवाहित करने गई थी। इसी दौरान उसका अचानक पैर फिसल गया और वह यमुना नदी में गिरकर डूब गई। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और मामले की खबर उसके परिजनों को दी गई। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वही जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने स्थानीय गोताखोरों की मदद से यमुना नदी में डूबी छात्र की खोज शुरू करवा दी। छात्र की तलाश में लगे गोताखोरों ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नदी से शव बरामद कर लिया।लोगों ने बताया कि बीते दो दिन पहले 18 वर्षीय मुकीम मोहल्ला दमदमा कालपी की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई थी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अनियंत्रित होकर खंदक में पलटा ट्रैक्टर, चालक घायल

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर बिरिया मंदिर के पास अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया। जिसमें दबकर चालक घायल हो गया। तभी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाहर निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। कस्बा माधौगढ निवासी अरविंद कुमार गुरूवार देर शाम ट्रैक्टर में डीजल डलवाने के लिए विरिया मंदिर के पास बने पेट्रोल टैंक पर गया था। बताया गया कि डीजल लेने के बाद वह घर लौट रहा था। तभी बिरिया मन्दिर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गया। जिसमें चालक ट्रैक्टर के नीचे दबकर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। सीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष राजपूत का कहना है कि हल्की चोटें आई थी, इलाज के बाद घर भेज दिया गया है।

## फांसी पर लटका मिला अज्ञात युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुरा थाना क्षेत्र के जगम्मनपुर किले के सामने नजर बाग में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते नीम के पेड पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी पर लटक रहा शव देखकर वहां अफरातफरी मच गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया है कि मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष है और मृतक पैंट व चेक की शर्ट पहने हुए है। बताया कि मृतक एक पैर में जूता पहने हुए है, और जेब में पेन लगा है। शव को देखने से प्रथम द्रस्ट्या लगता कि शव पांच से सात दिन पुराना है। म्रतक की जेव से सडा गला कागज का टुकड़ा पाया गया जिसमें बिक्रम बाबू नाम समझमें आ रहा है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष रजत कुमार सिंह व जगम्मनपुर चोकी इंचार्ज हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा जांच पड़ताल कर क्षेत्राधिकारी को सूचित किया।

# विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर किया गया बुन्देली लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




ग्राम बनाड़ी के पंचायत भवन में विश्व कृषि पर्यटन दिवस के अवसर पर देहाती ग्रामोत्थान विकास समिति (डीजीवीएस) द्वारा उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से विशेष बुन्देली लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

साथ ही बताया गया कि पर्यटक ग्रामीण जीवनशैली, परंपराएँ और कृषि पद्धतियों का अनुभव करके स्थानीय समुदाय के लिए आय के नए अवसर उत्पन्न कर सकते हैं। ग्राम प्रधान शिवसागर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को कृषि और पर्यटन के पारस्परिक संबंधों के प्रति जागरूक करना और पर्यटन को एक सशक्त वैकल्पिक आजीविका के रूप में प्रस्तुत करना है। इस दौरान एक किसान को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कृषि विषय पर आधारित स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। साथ ही एग्री रूरल एवं गंगे ग्राम ग्रामीण पर्यटन परियोजना के अंतर्गत चर्चा भी की गई। जिसमें यह बताया गया कि पर्यटक ग्रामीण जीवनशैली, परंपराएँ और कृषि पद्धतियों का अनुभव करके स्थानीय समुदाय के लिए आय के नए अवसर उत्पन्न कर सकते हैं। कार्यक्रम में बुन्देली लोकगीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम की महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में 95 ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिनमें 55 महिलाएँ और 40 पुरुष शामिल थे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर टीम लीडर वेद प्रकाश शर्मा, ग्रामीण विशेषज्ञ उमाशंकर पाण्डेय, जिला समन्वयक दिव्यांगना मिश्रा, ग्राम समन्वयक अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# झांसी में अनूठे शौर्य की अनुभूति: डॉ दिलीप अग्निहोत्री

जन एक्सप्रेस । झांसी



झांसी का नाम आते ही एक अनूठे राष्ट्रीय शौर्य की अनुभूति होती है। झांसी की रानी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का राष्ट्र के लिए त्याग और बलिदान आने वाली पीढियों के लिये सदैव प्रेरणादायी रहेगा। झांसी किला दर्शन मात्र से राष्ट्र चेतना का संचार होता है। यहां वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन, शौर्य एवं बलिदान पर आधारित लेजर शो भाव विभोर करता है। यह सुखद संयोग है कि झांसी में डिफेंस कोरिडोर का नोड है, यहां कुछ महीने बाद रक्षा उत्पादों को बनाने के उपकरणों का उत्पादन भी शुरू हो जाएगा। डिफेंस कॉरिडोर का झांसी नोड गरौठा तहसील के छह गांवों में विकसित किया जा रहा है। डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में पहली इकाई रक्षा मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही है, जहां मिसाइल बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और बारूद तैयार की जाएगी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई एवं वीरांगना झलकारी बाई द्वारा देश के लिये किये गये त्याग एवं बलिदान को देखने का अवसर गौरवान्वित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश की नारी शक्ति द्वारा संचालित आपरेशन सिन्दूर के माध्यम से भी एक शौर्य का प्रदर्शन किया गया, जिसको पूरी दुनिया द्वारा एक साक्षी के रुप में देखा गया। आज के समय में हमारा देश जिस एकता का प्रदर्शन कर रहा है, इस प्रदर्शन से आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देना सम्भव हो रहा है। यह आज का नया भारत स्वाभिमानी, स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर भारत है। हमारी सामरिक शक्ति, युद्ध की कौशलता एवं आधुनिक तकनीक की सफलता के हम सभी प्रत्यक्षदर्शी हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट की जांच करते हुए ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी। साथ ही आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरक्षी बैरिक, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत चालक घायल

जन एक्सप्रेस/जालौन। औरैया मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने हरीपुरा के पास बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पजूना निवासी लक्ष्मी देवी 64 वर्ष शुक्रवार को नगर के चुर्खीवाल में रहने वाली अपनी बेटी राधा देवी से पास जा रही थी। गांव से बाहर औरैया हाइवे पर वह किसी वाहन का इंतजार कर रही थीं। तभी एक बाइक सवार युवक उन्हें आते दिखा और महिला ने युवक से लिफ्ट मांगी तो युवक ने उन्हें बाइक पर बैठा लिया। तभी हरीपुरा के पास पीछे से आ रही अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला व बाइक चालक भी घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक महिला को वहीं छोड़कर मौके से भाग निकला। जबकि कार चालक भी टक्कर मारने के बाद भागने में कामयाब हो गया। राहगीरों ने रास्ते में घायल पड़ी महिला की जानकारी डायल 112 को दी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज के लिए किया गया आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



आयुष विभाग उत्तर प्रदेश एवं निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार शुक्रवार को आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया।

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधीक्षक चित्रकूट धाम मंडल डॉ ऊषा वर्मा, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह व जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के योग विभाग के प्रभारी डॉ जीतेन्द्र सिंह ने महात्मा हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर व हरी झंडी दिखाकर आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का को रवाना किया गया।

आयुष मोबाइल वैन विकासखण्ड मानिकपुर के ग्राम एलहा बढैया के लिए रवाना हुई। मोबाइल टीम में डा कुसमेंद सिंह, डीपीएम आयुष शिवम शुक्ला, फार्मासिस्ट आदर्श कुमार, वार्ड व्वाय विनय कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

# बीएसए से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

## 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर की शिक्षक समस्याओं के निराकरण की मांग

जन एक्सप्रेस । उरई




राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश से मिला व दस सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराकर समस्याओं के समयबद्ध निराकरण की माँग की। जिला महामंत्री इलियास मंसूरी ने कहा कि वेतन अवरुद्ध नोटिस को पोर्टल पर प्रदर्शित करने में पटल लिपिक द्वारा की जा रही अनियमितताओं के कारण शिक्षक बार-बार कार्यालय का चक्कर काटने को मजबूर है। नोटिस प्रतिमाह अविलंब प्रदर्शित कराए जाएं। जिला संगठन मंत्री तनवीर अहमद ने कहा कि कुछ प्रधानाध्यापकों द्वारा गलती से सीएल अप्रूव करने से पूर्व ही अटेंडेंस लॉक कर दी गई है। उनके एरियर भुगतान हेतु आदेश जारी किए जाएं। राजदेवर ने कहा कि कक्षा 1 से 3 तक की पुस्तकें विद्यालय में शीघ्र पहुंचाने की मांग की। प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने शिक्षिकाओं के सीसीएल अनावश्यक आपत्ति लगाकर रिजेक्ट किए जाने और स्वीकृति में किए जा रहे विलंब पर आपत्ति जताई।

सीसीएल हेतु एक शिक्षिका कोर्ट जाने के लिए मजबूर होने पर अफसोस जताया। साथ ही ऑनलाइन जारी वेतन बहाली आदेशों में बहाल हुए वेतन की तिथि अंकित न होने के कारण एरियर भुगतान में आ रही समस्या को शीघ्र दूर करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शारिक अंसारी, अनुज भदौरिया, रवि सोनी, अमित यादव, प्रेम बाबू, नवनीत श्रीवास्तव, माया वर्मा, अवधेश श्रीवास्तव, राजेंद्र स्वर्णकार, अरविंद निरंजन, शैलेन्द्र सिंह चौहान, अनुज भदौरिया, कपिल द्विवेदी, सौरभ सोनी, प्रदीप कुमार सिंह, राघवेंद्र यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



**अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को किया...**

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान के झूठ को भारत लगातार उजागर कर रहा है। अब अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान को बेनकाब किया है। अफगानिस्तान के कार्यकारी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने कहा कि भारतीय मिसाइलों से उनके देश को कोई... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम ने श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक की

## श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक, श्रम कानून हो प्रो-इंडस्ट्री एवं प्रो-श्रमिक: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने कहा, उद्योगों का विस्तार ही हर हाथ को काम देने का वास्तविक माध्यम
- बोले मुख्यमंत्री, श्रमिक अड्डों को मॉडल के तौर पर करें विकसित, डोरमेट्रि, कैंटीन एवं प्रशिक्षण की हो व्यवस्था
- मुख्यमंत्री ने कहा, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर न्यूनतम मानदेय की गारंटी सुनिश्चित करें
- पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में 99त्न की वृद्धि के साथ 13,644 नए कारखाने पंजीकृत



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे।

### बाल श्रमिकों के पुनर्वास को दें गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है।

### मॉडल के तौर श्रमिक अड्डों को करें विकसित

मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

### निजी अस्पतालों को भी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ें

मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईएस से जोड़ा जाए। इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

### अटल आवासीय विद्यालय बनें गुणवत्ता का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अटल आवासीय विद्यालय को देशभर में मॉडल के रूप में उभरे हैं। उन्होंने अधिकारियों को इनकी निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निवेश मित्र पोर्टल पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त 5,97,625 आवेदनों में से 5,90,881 को एनओसी दी जा चुकी है। शेष शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

### श्रम विभाग की उपलब्धियां सराहनीय की

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आजादी के बाद से 2016 तक प्रदेश में 13,809 कारखाने पंजीकृत थे, जबकि पिछले 9 वर्षों में 13,644 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है। यह 99त्न की वृद्धि है। अधिकारियों ने आगे बताया कि भारत सरकार के बीआरएपी रिकमेंडेशन के क्रियान्वयन में श्रम विभाग को अचीवर स्टेट का दर्जा प्राप्त हुआ है। इन उपलब्धियों की मुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए इसे अभूतपूर्व बताया।

### विदेश में रोजगार के लिए भाषायी प्रशिक्षण अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। यह उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है।


# झूठी एफआईआर की फैक्ट्री चलाने वाले वकील को 10 साल 6 महीने की सजा, 2.51 लाख जुर्माना

- विशेष एससी/एसटी कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, बार काउंसिल और प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी अधिनियम विवेकानंदशरण त्रिपाठी की अदालत ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अधिवक्ता लाखन सिंह को झूठी एफआईआर दर्ज कराने, न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने और समाज में असंतोष फैलाने के आरोप में 10 वर्ष 6 माह की सश्रम कैद और ?2.51 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि दोषी लाखन सिंह ने एससी/एसटी एक्ट का दुरुपयोग करते हुए 20 झूठे मुकदमे दर्ज कराए, जिनमें कई निर्दोष लोगों को वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया में फंसाकर पीड़ा दी। यह व्यवहार न सिर्फ कानून का मज़ाक उड़ाता है, बल्कि असली पीड़ितों के न्याय के अधिकार को भी प्रभावित करता है।







### फैसले में क्या कहा गया?

अदालत ने फैसले में स्पष्ट किया कि लाखन सिंह ने झूठे मामलों की एक ÷फैक्ट्री÷ चला रखी थी। उसका उद्देश्य कानूनी प्रक्रिया का लाभ उठाकर निजी स्वार्थ सिद्ध करना था। अदालत ने इसे न्याय व्यवस्था पर हमला मानते हुए कठोर रुख अपनाया।

### प्रशासन और बार काउंसिल को निर्देश

कोर्ट ने यह निर्णय उत्तर प्रदेश बार काउंसिल, लखनऊ के जिलाधिकारी (डीएम) और पुलिस आयुक्त (सीपी) को भेजने का आदेश दिया है, ताकि दोषी अधिवक्ता लाखन सिंह को तत्काल प्रभाव से बार काउंसिल से निलंबित किया जा सके। यदि किसी झूठे मुकदमे के आधार पर उसे सरकारी सहायता या राहत राशि मिली हो तो उसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

### न्यायपालिका का सख्त संदेश

यह फैसला उन लोगों के लिए चेतावनी है जो कानून की रक्षा की आड़ में उसका दुरुपयोग करते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसे झूठे मुकदमे असली पीड़ितों की लड़ाई को कमजोर करते हैं और न्याय व्यवस्था की साख को ठेस पहुंचाते हैं।

# डीलरों की लापरवाही पर हुई परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई

- 5 वाहन डीलरों का ट्रेड सर्टिफिकेट निलंबित, 50 पर लटकी कार्रवाई की तलवार
- आरसी में देरी पर अब नहीं मिलेगी राहत, विक्रय से पहले ही तय होंगे जवाबदेही के नियम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में वाहन खरीदारों को समय पर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आरसी न मिलने की लगातार शिकायतों पर परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच प्रमुख वाहन डीलरों के ट्रेड सर्टिफिकेट को एक माह के लिए निलंबित कर दिया है। अब ये डीलर 15 जून, 2025 तक कोई नया वाहन विक्रय नहीं कर सकेंगे। कार्रवाई उन डीलरों पर हुई है जो ग्राहकों को नियत सात दिनों के भीतर आरसी प्रदान करने में बार-बार विफल रहे। विभाग ने इसे ÷गंभीर लापरवाही÷ मानते हुए केंद्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 की धारा 44 के तहत अनुशासनात्मक दंड लागू किया है।

**निलंबित डीलरों की सूची**

1. राज मोटर्स, मैनपुरी
2. जस्सी मोटर्स, मैनपुरी
3. आर. जी. सेल्स ऑटो, मैनपुरी
4. कॉनसेप्ट ऑटोमोबाइल्स, हरदोई
5. सौरभ मोटर्स प्रा. लि., औरैया

इनके खिलाफ यह कार्रवाई 21 अप्रैल, 2025 को भेजे गए कारण बताओ नोटिस के जवाब न देने या संतोषजनक जवाब न दे पाने के कारण की गई।

### 50 और डीलर रडार पर

परिवहन विभाग ने बताया कि 50 अन्य वाहन डीलरों की पहचान की गई है जो तीन महीने बीत जाने के बाद भी ऋष्ट जारी नहीं कर सके हैं। इन सभी को नोटिस भेजा जा चुका है और जवाबदेही तय की जा रही है।

### आयुक्त का सख़्त संदेश

परिवहन आयुक्त ने चेतावनी दी है कि भविष्य में आरसी वितरण में लापरवाही पर सीधे ट्रेड सर्टिफिकेट निलंबन और संभावित लाइसेंस रद्दीकरण तक की कार्रवाई की जाएगी। विभाग एक पारदर्शी, जवाबदेह और उपभोक्ता-हितैषी सिस्टम स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है।

### जन एक्सप्रेस की विशेष भूमिका

जन एक्सप्रेस लगातार इस गंभीर समस्या को उजागर करता रहा है और आम जनता की आवाज़ को मुखर रूप से उठाता रहा है। आज की यह कार्रवाई इसी प्रयास की परिणति मानी जा रही है।

# स्नैपचैट पर दोस्ती कर 11वीं के छात्र को हनी ट्रैप में फंसाया, 51 लाख की डिमांड कर रहे थे आरोपी,10 हजार वसूले

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के चौक इलाके में रहने वाले एक लड़के को युवती ने स्नैपचैट पर दोस्ती कर हनी ट्रैप में फंसा लिया। युवती बातचीत करने के बहाने बहाने उसे एक लॉन की पार्किंग में ले गई। युवती ने कार में कपड़े उतार दिए। इसके बाद अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर 10 हजार रुपए ऐंठ लिए। बाद में उससे 51 लाख रुपए की डिमांड करने लगी।वहीं कुछ दिनों बाद युवती ने भी लॉ करने की इच्छा जताई और मेलजोल बढ़ा लिया। छात्रा ने मिलने की इच्छा जाहिर की। 11 फरवरी को पीड़ित छात्र युवती से मिलने राधे लाल स्वीट हाउस के पास पहुंच गया। युवती और उसका साथी पीड़ित की कार में बैठ गए। वहीं युवती उसे अपनी बातों में फंसाकर जेबीपी लॉन की पार्किंग में ले गई। कार में युवती ने छात्र को बहकाकर अपने कपड़े उतार दिए। जिसके कुछ वीडियो अपने मोबाइल में बना लिए। इस दौरान कुछ लड़के असलहा लेकर पहुंचे और अश्लील वीडियो बनाने की धमकी देकर डराने लगे। वहीं डरा-धमकाकर उससे 10 हजार रुपए ऐंठ लिए इसके बाद युवती पीड़ित से 51 लाख रुपए की डिमांड करने लगी। रुपए न देने पर अश्लील वीडियो उसके पिता को भेजने की धमकी देने लगी। घबराए छात्र ने पूरे मामले की जानकारी अपने परिवार को दी। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पीड़िता के पिता और चाचा ने डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव से मामले की शिकायत की। वहीं डीसीपी विश्वजीतश्रीवास्तव के निर्देश पर चौक थाने में गुरुवार देर शाम मुकदमा दर्ज किया गया।

# जनरेटर में शॉर्ट सर्किट से बेकरी में लगी आग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के गोमतीनगर विस्तार के वरदान खंड स्थित लोकप्रिय बेकरी चेरी ऑन टॉप में शुक्रवार दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। हालांकि, दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। बता दें कि जानकारी के अनुसार, बेकरी के पीछे बने कारखाने के पास टिन शेड के नीचे एक जनरेटर रखा हुआ था। दोपहर के समय अचानक जनरेटर से लपटें उठती देख बेकरी कर्मचारियों ने तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। गोमतीनगर फायर स्टेशन ऑफिसर (एफएसओ) ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की एक गाड़ी तुरंत मौके पर भेजी गई। दमकल कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जनरेटर में लगी आग पर पानी की बौछार कर मात्र बीस मिनट में काबू पा लिया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से बेकरी के कारखाने तक आग नहीं फैल सकी और एक बड़ा नुकसान होने से बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें देखकर बेकरी कर्मचारियों ने भी तुरंत पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया था। एफएसओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण जनरेटर में शॉर्ट सर्किट होना पाया गया है।

# नशे में धुत ड्राइवर ने घर के बाहर बैठी महिला को ट्रैक्टर से कुचला, मौके पर मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली गांव में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां एक नशे में धुत ट्रैक्टर ड्राइवर ने घर के बाहर बैठी 55 वर्षीय महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि मृतका विधावती निगोहां थाना क्षेत्र के नटौली गांव अपने घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान गांव में तेज गति से आ रही ईंट-भट्ठे की ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विधावती पहिए की चपेट में आकर पास की दीवार से जा टकराईं। इसके बाद भी ट्रैक्टर आगे बढ़ता रहा और महिला उसके नीचे दब गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। मृतका के पति रामहेत नाई का काम करते हैं और उनकी एक विवाहित बेटी शिवदेवी है। गांव के लोगों का कहना है कि हादसे के समय ट्रैक्टर चला रहा व्यक्ति शराब के नशे में था। वहीं निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है और फरार ड्राइवर व ट्रैक्टर मालिक की तलाश जारी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। इस दुखद घटना से गांव में शोक का माहौल है और लोगों में नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ आक्रोश है।

# नलकूप से आने वाले पानी की हउदिया टूटने से किसानों की फसलें हो रही प्रभावित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के कमालपुर सिरसा गांव में बने नलकूप से निकलने वाले पानी से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बता दें कि कमालपुर सिरसा गांव में नलकूप की हाउदिया व पाइपलाइन बीच में टूटने से सैकड़ो लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जहां एक तरफ चिलचिलाती धूप में लोग पानी के लिए पैसे खर्च कर रहे हैं तब जाकर वह पानी पी रहे हैं। वहीं कमालपुर गांव में सरकारी नलकूप से निकलने वाला पानी की पाइपलाइन फटने से पानी बर्बाद हो रहा है और बीकेटी के



सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं कमलपुर ग्राम निवासी राम सिंह ने बताया कि ऑपरेटर को कई बार बताया गया, लेकिन ऑपरेटर व जेई के लापरवाही के कारण सिंचाई की समस्या बनी रहती हैं। वहीं गरीब किसान राम सिंह ने बताया कि खेत के पास बनी हाउदिया टूट जाने से निकलने वाला पानी बर्बाद हो रहा है, हाउदिया तक ना पहुंचने से फसलों को बर्बाद कर रहा है, और जो दूर के किसान है उन तक पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।हउदिया निर्माण व नाली निर्माण के लिए किसानों ने कई बार गांव के सिंचाई विभाग ऑपरेटर से इसकी शिकायत की और नलकूप विभाग के जेई से बताया उसके बावजूद भी कोई कार्यवाहीं नहीं दिख रही है। वहीं पीड़ित किसान बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

# जलशक्ति मंत्री ने मलौनी तटबंध पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज गोरखपुर के थाना सदर अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर में राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित मलौनी तटबंध पर चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व सभी कार्य हरहाल में पूर्ण कर लिए जाएं ताकि क्षेत्र की जनता को बाढ़ की विभीषिका से बचाया जा सके। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, कार्यदायी संस्था की प्रगति रिपोर्ट तथा मशीनरी की उपलब्धता का जायजा लिया। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'आपदा से पहले तैयारी' की नीति पर चल रही है। बाढ़ जैसी आपदाएं अब सरकार की सजगता के कारण कम प्रभावकारी साबित हो रही हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, संरक्षित और समर्थ वातावरण मिले। मलौनी तटबंध, जो कि राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित है, गोरखपुर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संरचना है। हर वर्ष मानसून के दौरान इस क्षेत्र में जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि होती है, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ की स्थिति बन जाती है। इस बार सरकार ने समय रहते तटबंधों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत के कार्य प्रारंभ कर दिए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से पहले ही प्रभावी समाधान तैयार हो सके। स्वतंत्र देव सिंह ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# यूपी में शिक्षा व्यवस्था पर सरकार का बड़ा फैसला: 30 दिन से ज़्यादा गैरहाज़िर, तो छात्र माना जाएगा ड्रॉपआउट



- अनुपस्थित छात्रों पर अब होगी सीधी कार्रवाई, स्कूलों को दी गई सख्त गाइडलाइन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूलों में बच्चों की बढ़ती अनुपस्थिति पर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा निर्णय लिया है। अब यदि कोई छात्र 30 दिन से अधिक स्कूल नहीं आता, तो उसे ड्रॉपआउट की श्रेणी में गिना जाएगा। सरकार के आदेशानुसार, 1 माह में 6 दिन, तिमाही में 10 दिन, और 6 माह में 15 दिन से अधिक गैरहाजिर रहने पर अभिभावकों की काउंसलिंग की जाएगी। स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे अनुपस्थित छात्रों पर लगातार नजर रखें और रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंपें। सरकार का यह फैसला शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, ड्रॉपआउट दर घटाने और बच्चों को नियमित स्कूल लाने के प्रयासों का हिस्सा बताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो अब सिर्फ नामांकन नहीं, हाजिरी भी होगी ज़रूरी - वरना सख्ती तय है।

# ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण में वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग

- क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने में वेस्ट प्लास्टिक का किया जा रहा है उपयोग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के नवीनीकरण यानि क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने में सिंगल यूज्ड वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग कर जहां सड़कों को जनता के लिए सुगम व सरल यातायात के लिए उपयोगी बनाया जा? रहा है, वहीं वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग करके पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में सड़को के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सड़कों की गुणवत्ता, टिकाऊपन को बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण अनुरक्षण कार्यों में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी किये जाने के उद्देश्य से में 04 नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है।इन 04 तकनीकों में वेस्ट प्लास्टिक के उपयोग के साथ बिटुमिनस कॉन्क्रीट का कार्य प्रदेश के 35 जनपदों में 171 मार्गों, लम्बाई 1121.383 किमी0 में रिन्यूवल नवीनीकरण कार्य सम्पादित हो रहा है, जिसमें अद्यतन 340.76 किमी का कार्य पूर्ण कराते हुये 432.59 टन वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग कराकर पर्यावरण को संरक्षित किया गया है।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सीईओ अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के स्तर से प्रदेश को प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि इन्सेन्टिव मनी से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित पोस्ट डीएलपी के 306 मार्गों, लम्बाई 1911.30 किमी0 पर ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी किये जाने के परिपेक्ष्य में 04 नई तकनीकों यथा - 30 एमएम मोटाई में सी0जी0बी0एम0 तकनीक, 30 एमएम मोटाई में कोल्ड मिक्स के साथ बिटुमिनस कॉन्क्रीट ,30 एमएम मोटाई में एमएसएस तकनीक एवं 30एमएम मोटाई में वेस्ट प्लास्टिक के साथ बिटुमिनस कॉन्क्रीट के प्रयोग के साथ रिन्यूवल कार्य उप मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन मे? सम्पादित कराया जा रहा है। राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में राज्य गुणवत्तायुक्त समन्वयक??? बीके दुबे व राज्य तकनीकी अधिकारी डी डी पाठक ने बताया कि इन तकनीकों से रिन्यूवल का कार्य कराकर ग्रीन हाउस गैस उर्त्सजन में अत्यधिक कमी करते हुये अभिकरण द्वारा वेस्ट प्लास्टिक का भी उपयोग कर पर्यावरण को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

# घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मलिहाबाद लखनऊ मंडी दुबग्गा मंडी सब्जी बेचने जा रहे हैं किसान को विपरीत दिशा से आ रहे हैं पिकअप डाले ने मारी टक्कर हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन उपचार के लिए लखनऊ बलरामपुर ले गए जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई बीते समय की भगवती प्रसाद पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम गुलाल खेड़ा मजरा गौंदा मुअज्जम नगर थाना रहीमाबाद जनपद लखनऊ जो अपने खेतों में सब्जी का रोजगार कर दुबग्गा मंडी में उसे बेचकर परिवार का भरण पोषण करते थे बीते शनिवार वह धनिया बेचने दुबग्गा मंडी जा रहे थे वह अपने गांव के सामने लखनऊ हरदोई रोड पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे इस दौरान लखनऊ की तरफ रॉन्ग साइड से आ रहा एक पिकअप डाला ने भगवती के जोरदार टक्कर मार दी हादसे में भगवती बुरी तरह घायल हो गए परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया परिजन उपचार के लिए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए तीन दिन बाद हालत में ना सुधार होने पर घर वालों ने उन्हें बलरामपुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई भगवती की मौत से उनकी पत्नी सुनीता तथा बेटी नेहा कुसुम सलोनी तथा बेटा जितेंद्र वी आकाश का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाल पिकअप को कब्जे में ले लिया।

## पेज 01 का शेष

### जल जीवन मिशन में लापरवाही पर सीएम योगी...

उन्होंने कहा कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं, जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं। जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं में गुणवत्ता हर हाल में सुनिश्चित हो। इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए। साथ ही हर प्रोजेक्ट पर नोडल अधिकारी नियुक्त हों, जो कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 40,951 योजनाओं की कुल कार्य लागत 1,52,521.82 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्रांश और राज्यांश दोनों 71,714.68 करोड़ रुपये हैं। इन योजनाओं में सामुदायिक अंशदान 9,092.42 करोड़ रुपये है। अधिकांश योजनाओं को सोलर आधारित बनाए जाने के कारण कुल लागत में 13,344 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जिससे लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, और इसके लिए पारदर्शी और कड़ी कार्यवाही जारी रहेगी। यह कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जल जीवन मिशन की सफलता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# डकैती की योजना बना रहे बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़, हिस्ट्रीसीटर सहित सात गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र अंतर्गत देर रात पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई,जिससे वो घायल हो गए।जबकि सात डकैतों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से पुलिस ने पिस्तौल, तमंचा, कारतूस, दो मोटरसाइकिल, 20 हजार रुपये नकद और डकैती में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं।बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत फूला मार्ग स्थित एक आम के बाग में कई शातिर डकैतों के एकत्र होने की सूचना स्वाट टीम और मोहनगंज पुलिस को रात करीब ढाई बजे मिली। सूचना के आधार पर जब पुलिस ने बाग की घेराबंदी की तो डकैतों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश सुनील कुमार दीक्षित और अल्ताफ उर्फ धर्मेंद्र के पैरों में गोली लगी, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।पुलिस के अनुसार सुनील पर अमेठी समेत कई जिलों में कुल 22 मुकदमे,जबकि अल्ताफ पर 17 मुकदमे दर्ज हैं।ये दोनों एक ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाने की फिराक में थे। पकड़े गए पांच अन्य बदमाशों को भी मौके से हिरासत में लिया गया।

मुठभेड़ को लेकर कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। पुलिस ने जहां मुठभेड़ का समय देर रात 12 बजे बताया, वहीं मीडिया को इसका प्रेस नोट दोपहर एक बजे जारी किया गया। साथ ही मुठभेड़ में शामिल एक सिपाही के सैंडल पहनने को लेकर भी राजनीतिक बयानबाज़ी शुरू हो गई है। इस संबंध में तिलोई क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। इस मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगने से घायल हुए हैं।और सात बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिससे जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

# सिम्हैंस हॉस्पिटल में मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा निशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर स्थित सिम्हैंस हॉस्पिटल में मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ डॉ के द्वारा निशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जनपद से आए हुए दूर-दराज से आए हुए मरीजों का प्रशिक्षण एवं निशुल्क जांच की गई सिमहंस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ मनीष सिंह चौहान ने बताया की महीने के हर तीसरे शुक्रवार को यह शिविर 11:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित किया जाता है जिसमें जनपद के लोगों को निशुल्क डॉक्टरों की सलाह एवं जांच निशुल्क की जाती है मेदांता हॉस्पिटल से आए हुए सीनियर कंसलटेंट हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वैभव सक्सेना ने बताया लगभग 24 मरीज का परीक्षण एवं जांच की गई है इस मौके पर सिम्हैंस हॉस्पिटल के सुधीर सिंह सुधीर मिश्रा मेदांता हॉस्पिटल के प्रभात मिश्रा व सिम्हैंस हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ इस शिविर में मौजूद रहे।

# आरेडिका में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पर साहित्यिक व्याख्यान का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पर आज साहित्यिक व्याख्यान एवं वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द तथा अतिथि वक्ता डा0 चम्पा श्रीवास्तव (पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य फिरोज गाँधी कॉलेज रायबरेली) ने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

वाक् प्रतियोगिता के अन्तर्गत आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के जीवन एवं साहित्यिक परिचय पर बोलते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होने गद्य एवं पद में हिंदी भाषा को परिष्कृत किया।

आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र ने ''प्रगति'' पत्रिका के मार्च अंक में प्रकाशित कविता, कहानियाँ, संस्मरण, प्रेरक लेख इत्यादि रचनाओं के रचनाकारों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन व सहित उच्च अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साफ-सफाई को लेकर जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

## स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जन सहभागिता से चलने वाली सतत प्रक्रिया है: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जनपद के सभी खंड विकास अधिकारियों ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करना, तथा उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करना था।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं बल्कि जन सहभागिता से चलने वाली सतत प्रक्रिया है।उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस दिशा में पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करें, ताकि जनपद को स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श स्थान दिलाया जा सके। बैठक में डीएम ने सबसे पहले स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नालों और नालियों की नियमित सफाई पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गंदगी और जलजमाव की समस्या लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। अतः सभी ग्राम पंचायतों में समयबद्ध रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक शौचालयों की स्थिति पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में सामुदायिक शौचालयों पर ताला न हो।

उन्होंने इन शौचालयों की नियमित सफाई, रखरखाव और संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।डीएम ने धार्मिक स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों के समीप स्थित सामुदायिक शौचालयों की मैपिंग कराकर उनकी स्थिति बेहतर बनाने का निर्देश भी दिया। संचालन व्यवस्था की निगरानी के लिए तकनीकी पहल की ओर भी कदम उठाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालयों के निरीक्षण हेतु एक ऑनलाइन लिंक बनाया जाए, जिसमें हर दिन जिओ टैग फोटोग्राफ अपलोड किए जाएं। इससे निगरानी की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।ग्राम खारा में स्थापित बायोगैस प्लांट, एफएसटीपी प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा गोवर्धन योजना के तहत की जा रही गतिविधियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने इन योजनाओं के संचालन को और अधिक प्रभावी और जनोपयोगी बनाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पेरी-अर्बन ग्रामों के अनुमोदन की प्रक्रिया तथा ग्रीन लीक रेटिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि इन ग्रामों की रेटिंग में सुधार लाने हेतु विशेष प्रयास किए जाएं।बैठक के अंत में जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि स्वच्छता का संबंध सीधे आम जनजीवन की गुणवत्ता से है। स्वच्छता के प्रत्येक मानक का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि जनपद न केवल राज्य बल्कि देशभर में एक उदाहरण बन सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल जिलापंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्धन पिछड़ी जाति की पुत्रियों को मिलेगा पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना का लाभ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट, आवेदनों की स्वीकृति प्रक्रिया, वित्तीय वर्ष 2024- 25 के माह मार्च 2025 के आवेदन पर विचार किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आवेदन पत्रों की जांच-पड़ताल अच्छी प्रकार से करा ली जाए। किसी भी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न दिया जाए। पात्र लाभार्थी को शत प्रतिशत योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए जरूरी दस्तावेज की सत्यता अवश्य प्रमाणित कर ली जाए। जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि नागरीय क्षेत्र के लिए 16 आवेदन और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 401 आवेदन अभी तक प्राप्त हो चुके हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, अपर जिला अधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, सभी खंड विकास अधिकारी और उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# जागरूकता और सावधानी से जानलेवा होने से रोका जा सकता डेंगू बुखार: सीएमओ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के संबंध में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली में एक संगोष्ठी का आ योजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा द्वारा बताया गया कि डेंगू दिवस को मनाने का एक मात्र उद्देश्य डेंगू बीमारी से बचाव एवं खतरो के लक्षणों के बारे में जनसामान्य जागरूक किया जाना है। जागरुकता और सावधानी से डेंगू बुखार को जानलेवा होने से रोका जा सकता है।

उन्होंने बताया कि डेंगू सहित अन्य वेक्टरजनित बीमारियो का संचरण काल आरंभ हो चुका है। मानसून सीजन मच्छरों के लिए अनुकूल होता हैं हम सावधानी बरतकर डेंगू से बच सकते हैं।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगो को बताया गया कि डेंगू एक मच्छरजनित वायरल रोग है। डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। यह एडीज एजिप्टाई मच्छर के काटने से होता है और इसकी विशेषता है कि एक बार डेंगू वायरस से संक्रमित होने के बाद जब यह अंडे देता है तो वह अंडे भी डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं। इन अंडों से बनने वाले मच्छर भी संक्रमित होते हैं जो रोग फैला सकते हैं। इसके अंडे एक वर्ष तक जीवत रह सकते हैं।

सूखा अंडा पानी पाते ही नए मच्छर तैयार कर देता है। इसीलिए अपने घर करआसपास जल जमाव न होने दें। उन्होंने कहा कि डेंगू सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रत्येक रविवार को ÷हर रविवार-मच्छर के लार्वा पर प्रहार÷, जैसी गतिविधियां संचालित करते हुए मच्छरों से बचाव के लिए ÷क्या करें क्या न करें÷ के बारे में जनसामान्य को जागरूक करने के साथ साथ मच्छरों के स्रोतों को नष्ट करने सहित अन्य गतिविधिया अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर संपन्न कराई जाए।

जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए शहरी क्षेत्रों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमशः नगर विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू सहित अन्य सभी वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहने। सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रीम या क्वायल का उपयोग करें। घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगवाए। कहीं पानी इकट्ठा है तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डाल दें। घर में टूटे हुए टायर, बर्तन आदि को हटा दें ताकि उसमें पानी न इकट्ठा होने पाए। बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें। निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं।

जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल फीवर है,सिर्फ प्लेटलेट्स कम हो जाने से डेंगू बुखार मान लेना ठीक नहीं होता है, जब तक की एलाइजा टेस्ट पॉजिटिव न आए। उन्होंने उपस्थित लोगो को बताया कि डेंगू बुखार के लक्षणों में प्रमुख रूप से अचानक तेज बुखार चढ़ना, मांशपेशियों तथा जोड़ो में दर्द, आंखों के पिछले भाग में, दर्द होना, अत्यधिक कमजोरी महसूस होना, भूख में कमी, जी मिचलाना आदि है। इस प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में संपर्क करना चाहिए। मरीज को बुखार उतारने हेतु पैरासिटामोल की गोली दिया जाना चाहिए तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाना चाहिए।

संगोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी.बी.डी डॉ श्रीकृष्ण, डॉ ए.के .जैसल, डॉ शरद कुशवाहा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण वर्मा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी.एस. अस्थाना, जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजलि सिंह, जिला एपीडिमो लोजिस्ट डॉ ऋषि बागची तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी तथा जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त सामु./ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों स्वास्थ्य केंद्रों, तथा नगर पालिका परिषद नगर पंचायतो में डेंगू दिवस से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संपादित की गई है।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्रधानाचार्य विवेक कुमार तिवारी ने बताया है कि अधिशासी निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अलीगंज लखनऊ द्वारा जनपद के 05 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं 02 पी0पी0पी0 संस्थान एवं 17 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म आवेदन 12 मई 2025 से प्रारम्भ हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 05 जून 2025 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र https://scvtup.in पर आवेदन कर सकते है। जिसमें सामान्य/पिछडा वर्ग हेतु 250 रु शुल्क एवं अनु0जाति/अनु0 जनजाति हेतु शुल्क 150 रु0 निर्धारित है। अधिक जानकारी हेतु नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आई0 टी0आई0 गोरा बाजार रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 05 जून 2025 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र https://scvt-up.in पर आवेदन कर सकते है। जिसमें सामान्य/पिछडा वर्ग हेतु 250 रु शुल्क एवं अनु0जाति/अनु0 जनजाति हेतु शुल्क 150 रु0 निर्धारित है। अधिक जानकारी हेतु नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आई0 टी0आई0 गोरा बाजार रायबरेली में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए छात्र-छात्राओं को दी गई ट्रेनिंग

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



पहलगाम की घटना के बाद पाक भारत के बीच तनातनी को देखते हुए सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों को माकड्रिल के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को सीएफओ तबारक हुसैन के नेतृत्व में अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र की ओर से इन्दिरा गांधी स्कूल एंड कालेज आफ नर्सिंग मुंशीगंज में अग्निशमन उपकरणो व फायर एक्सटिंग्यूर को चलाने के बारे में अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने अपनी पूरी टीम के साथ विद्यालय की छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य को जागरुक किया। उन्होंने आग लगने के सम्भावित कारकों, लू प्रकोप से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में जानकारी देते हुए आग बुझाने के अनेक तरीकों सहित इवेक्केशन ड्रिल का अच्यास कराकर स्टाफ को आग लगने की स्थिति में भवन के पलायन मार्ग से निकलने का अच्यास भी कराया। अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में अग्नि सुरक्षित जीवनशैली विकसित करने और अग्नि आपदा जोखिम न्यूनतम करने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अग्नि से बचाव व आग बुझाने से संबंधित प्रशिक्षण का विस्तार से प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण अभियान के दौरान अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग की दुर्घटनाएं अधिक होने के कारण वातावरण का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है। जिस कारण लू प्रकोप की समस्याएं बढ़ जाती हैं। बाहर काम करते समय टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें। और गीले कपड़े को अपने चेहरे,सिर और गर्दन पर रखें। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें,धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी,छाता,धूप का चश्मा,जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें।घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना आदि का सेवन करें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें।रात में खिड़कियाँ खुली रखें।कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में। आग लगने पर आग-आग चिल्लाएं जिससे अधिक से अधिक लोग सहायता हेतु एकत्र हो सकें परन्तु घबरायें नहीं, धैर्य रखें।

एल पी जी सिलेण्डर में आग लगने पर रेगूलेटर बंद कर दें। गैस के आग को ड्राई पाउडर फायर एक्सटिंग्यूसर से बुझाएं। किसी भी दशा में पण्डाल 3 मीटर से ऊँचाई का न लगाया जाये। पण्डाल बनाने में सिन्थेटिक सामग्री से बने कपड़े या रस्सी का प्रयोग न किया जाये। पण्डाल के चारों ताफ 4.5 मीटर खुला स्थान होना चाहिए, जिससे लोग सुरक्षित बाहर निकल सकें। पण्डाल बिजली की लाइन के नीचे किसी भी दशा में न लगाया जाये। तारों के जोड़ किसी भी दशा में खुले नहीं होने चाहिए। जहाँ तक सम्भव हो पोर्सलीन कनेक्टरों का प्रयोग करना चाहिए। विद्युत का कोई भी सर्किट,बल्ब, ट्यूब लाइट आदि पण्डाल के किसी भी भाग से कम से कम 15 सेमी0 दूर होना चाहिए। बिजली के कटे- फटे तारों को तुरन्त बदलवा दें या मरम्मत करा लें।सही ढंग का फ्यूज लगायें व एक ही प्लग पर कई यंत्र न लगाएं।कपड़े में आग लगने पर दौड़े नहीं,बल्कि जमीन पर लेटकर लुढ़कें। अपने क्षेत्र के फायर स्टेशन का टेलीफोन नंबर याद रखिए।पुलिस थाने पर भी आग की सूचना दी जा सकती है।

आग लगने पर फायर ब्रिगेड को टेलीफोन करके अवश्य बुलाएं। इसकी सेवाएं हर समय निशुल्क उपलब्ध हैं। फायर ब्रिगेड को सूचना देते समय घबराई हुई आवाज से मत बोलिए। मन को शांत करके साफ-साफ अपना नाम पता लिखवाए और फायर ब्रिगेड के तत्काल पहुंचने का मुख्य स्थान समझा दीजिए। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक हर संभव उपाय से आग बुझाने की कोशिश कीजिए। बिजली की आग होने पर प्रथम बिजली के मेन स्विच ऑफ कीजिए। तत्काल कार्बन डाइऑक्साइड या ड्राई पाउडर एक्सटिंग्विशर अथवा सूखी मिट्टी और बालू से बुझाइए। कार्यालय में लगे पुराने बिजली के वायरिंग को बदलवा दें। इस दौरान कालेज प्रधानाचार्य डॉ.रमेश उप प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अपराध, कानून व्यवस्था व अभियोजन कार्यों की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**





जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में अपराध, कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजन कार्यों को और गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी की जाए ताकि अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाई जा सके।

अभियोजन वादों का त्वरित व समयबद्ध निस्तारण कराया जाए। गैंगेस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामलों में समय से गवाही कराते हुए कड़ी सजा दिलाई जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि न्यायालय में गवाहों से शत प्रतिशत साक्ष्य परीक्षण कराया जाये, ताकि अभियोजन मजबूत हो सके। जिलाधिकारी ने सभी शासकीय अधिकारियों और अधिवक्ताओं से कहा कि अभियोजन कार्यों में कोई ढिलाई न हो ताकि न्याय का पूर्ण पालन हो सके।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, सीडीओ अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व शासकीय अधिवक्ता गण उपस्थित रहें।



### जमालपुर पीएचसी पर ताला, डॉक्टर और...

मछलीशहर। जिले के मछलीशहर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा जमालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही... ▸ शेष पेज 10 पर...

## शॉर्ट सर्किट से कार गैराज में लगी भीषण आग





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिधनू थानाक्षेत्र में शुक्रवार दोपहर ओरियारा गांव स्थित कार गैराज में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। लपटें उठती देख गैराज में काम कर रहे लोगों ने सड़क पर भागकर जान बचाई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से गैराज में खड़ी एक दर्जन से अधिक गाड़ियां जलकर राख हो गई। कर्रही निवासी छोटू का ओरियारा गांव के पास गैराज है। शुक्रवार दोपहर गैराज में मैकेनिक एक सीएनजी कार की मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों को भी चपेट में लिया। कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से सबमर्सिबल पंप चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कई सीएनजी गाड़ियों के चपेट में आने से आग ने विकराल रूप ले लिया। कुछ ही देर में पूरा गैराज आग की तेज लपटों में धू-धू कर जलने लगा। सूचना पर आधा घंटे बाद पहुंची घाटमपुर फायर स्टेशन की दो दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बिधनू इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गैराज में बिजली का कनेक्शन नहीं था। गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की है। कोई जनहानि नहीं हुई है।

### बिना अग्निशमन यंत्र के चल रहा था गैराज

पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान सामने आया कि बिना अग्निशमन यंत्र के गैराज चल रहा था। मरम्मत के दौरान सीएनजी गाड़ियों में आग लगने की आशंका बनी रहती है। इसके बाद भी गैराज में आग बुझाने के कोई इंतजाम नहीं थे।

## दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर, एक युवक की मौत, तीन घायल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बैरी शिवली रोड स्थित राजपुर मोड़ के पास शुक्रवार की दोपहर दो बाईकों की भिड़ंत हो गई। घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं तीन युवक घायल हो गए। घटना में मृत हुआ युवक रसूलाबाद में परीक्षा देने जा रहा था। हादसे में 22 वर्षीय शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। वह कानपुर का रहने वाला है। घायलों में कैंझरी का रहने वाला राम जी उम्र 17 वर्ष, कानपुर का रहने वाला प्रभा उम्र 18 वर्ष, और बिकरू का रहने वाला छोटू उम्र 22 वर्ष शामिल है। सूचना मिलते ही तो एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी दिनेश कुमार और अरुण कुमार ने घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर सभी को हैलेट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्ष दर्शन ने बताया कि दोनों बाईकें काफी तेज रफ्तार में थी। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सिख वेलफेयर सोसाइटी ने तुर्की टूरिज्म का किया बायकॉट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




सिख वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भारत पाकिस्तान के बीच में भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादियों के कैंप में कार्यवाही करने पर बहुत से देश ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया उसी में तुर्की एक ऐसा देश था जिसने भी पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ उसके विरोध में आज कानपुर स्थित बुक माई हॉलीडे में जिन लोगों को पर्यटन के क्षेत्र में एक अच्छा काम करते हैं वहां पर कार्यकर्ता एकत्रित हुए तुर्की बायकॉट, बायकॉट तुर्की टूरिज्म तख्तियां लिए हुए थे साथ साथ जो कानपुर के नागरिक आने वाले समय में तुर्की के इस्तांबुल, अंटालिया और अन्य जैसे शहरों में जाते थे आज इस एजेंसी में आकर कई लोगों ने सिख वेलफेयर सोसाइटी के आह्वान पर भारत विरोधी ताकते को हर तरीके से सबक सिखाने के लिए उन्होंने अपने आरक्षण जो मई,जून में कर रखे थे पूरी तरीके से कैंसिल कराए और यहां पर उपस्थित लोगों ने कहा कि देश प्रथम है उसके बाद कुछ है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और देश की सेना जो लगातार आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं ऐसे आतंकवादियों के साथ जो भी देश खड़ा होगा भारत की जनता भी ऐसे लोगों को हर तरीके से मुंह जोड़ जवाब देगी कंपनी के डायरेक्टर जसबीर जुनेजा ने बताया कि उन्होंने खुद ही तुर्की की टिकट जो लोगों ने आरक्षित कराए हुए थे उनका फोन करके बुलाया और टिकट जिन लोगों ने कराए थे वह खुद आए भी और उन्होंने स्वेच्छा से राष्ट्र के साथ खड़े होकर ऐसी जगह के टिकट कैंसिल कराए सिख वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरिंदर सिंह छाबड़ा ने बताया इस तरीके के कार्यक्रम जो भारत के खिलाफ है उनके लिए हमेशा चलते रहेंगे भारत का हर नागरिक भारत सरकार के साथ और भारत की सेना के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिंपी बिंद्रा, डॉक्टर मनप्रीत सिंह भट्टी, गगन सोनी, रविंद्र सिंह सोमी,रविंद्र सिंह (सोनू), एस पी सिंह केसरी, जसबीर जुनेजा, चनबीर सिंह भाटिया आदि उपस्थित थे।

## बिल्हौर में किसानों का बिजली घर पर प्रदर्शन- 8 घंटे की जगह सिर्फ 2-3 घंटे मिल रही बिजली

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर क्षेत्र में बिजली कटौती से परेशान आधा दर्जन गांवों के किसानों ने शुक्रवार को बिजली घर का घेराव किया। नसिरापुर, भवानीपुर, बकोठी, बंभियापुर समेत कई गांवों के किसान इस प्रदर्शन में शामिल हुए। एक मई को भी किसानों ने बिजली घर का घेराव किया था। उस समय एसडीओ अमरनाथ राजपूत ने 2-3 दिन में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया था। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। किसानों की मक्के की सैकड़ों बीघा फसल सूखने की कगार पर है। कुछ किसान डीजल इंजन से सिंचाई कर फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं। भईयालाल, डिंपल, दिलीप, सुमित, राजेश और कुलदीप सहित सैकड़ों किसानों ने व्यवस्थित बिजली आपूर्ति की मांग की। किसानों का कहना है कि सरकार 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करती है, लेकिन गांवों में 8 घंटे बिजली मिलना भी मुश्किल है। विभागीय कर्मचारियों की मनमानी से केवल 2-3 घंटे बिजली मिलती है। वह भी 10-20 मिनट के अंतराल में। हंगामे की सूचना पर थाना प्रभारी अशोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया और उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं किसान शांत हो गए। तहसीलदार/ नायब तहसीलदार सीपी राजपूत ने एसडीओ से बात कर किसानों को रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक बिजली देने का आश्वासन दिया। एसडीओ ने अगले 2-3 दिन में बिजली आपूर्ति व्यवस्थित करने का वादा किया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली नहीं मिली तो शनिवार को तहसील दिवस में डीएम का घेराव करेंगे। किसानों ने बताया कि विधायक और सांसद मूक दर्शक बने हुए हैं जनता की समस्या से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की नहर में डूबने से मौत



■ परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, मोटरसाइकिल सीखते समय नहर में डूबी पत्नी मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना ककवन अंतर्गत शुक्रवार उस समय अफ़रा-तफ़री मच गई जब ससुराल से लौटते समय पत्नी मृतक सोनम ने बाइक चलाने की इच्छा पति से व्यक्त की इस पर आसिफ ने सोनम को मोटरसाइकिल चलाने के लिए दे दी और खुद पीछे मोटरसाइकिल पर बैठ गया क्या पता था हंसी-हंसी में परिवार उजड़ जाएगा पूरा मामला ककवन थाना क्षेत्र के बछना गांव का है जब ठठिया दौलतपुर से अपनी ससुराल से पति सोनम को आसिफ घर बछना लेकर आ रहा था तभी पत्नी सोनम ने मोटरसाइकिल चलाने की ज़िद ठान ली फिर क्या आसिफ ने सोनम को मोटरसाइकिल चलाने के लिए थमा दी और खुद पीछे मोटरसाइकिल पर बैठ गया लेकिन पत्नी सोनम ने मोटरसाइकिल का नियंत्रण खो दिया और मोटरसाइकिल सहित पति पत्नी नहर में जा गिऐ घटना देख आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बाइक व आसिफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन सोनम गहराई में जाने से डूब गई। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे ककवन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने आसपास के गोताखोरों की मदद से महिला की तलाश कराई। लगभग एक घंटे बाद गोताखोरों ने महिला को तलाश कर शव बाहर निकाला। पुलिस ने महिला को उपचार के लिए बिल्हौर सीएचसी भेजा। जहां परीक्षण के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया। परिवारीजन महिला की मौत से बेहाल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्नी को सिखाने के दौरान बाइक नहर में गिरने से हादसा हुआ है। पति को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। महिला के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## एसबीआई की शाखा में 14.60 लाख के घोटाले की विजिलेंस ने शुरू की जांच




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

एसबीआई की माल रोड स्थित पर्सनल बैंकिंग ब्रांच (पीबीबी) में निष्क्रिय खाते को सक्रिय करके 14.60 लाख रुपये के घोटाले की जांच विजिलेंस ने भी शुरू कर दी है। आरोपी के साथ ही शाखा में काम करने वाले कर्मियों और अफसरों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। इस मामले में आरोपी उप प्रबंधक को निलंबित किया जा चुका है। बताया गया कि शुरुआती आंतरिक जांच में फर्जी आधार कार्ड और पते से जुड़े फर्जी दस्तावेजों की जानकारी मिली थी। इसका सत्यापन कराया जा रहा है। मामले की जांच पहले लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक और कानपुर के सहायक महाप्रबंधक कर रहे थे। अब विजिलेंस ने अपनी जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। विश्व बैंक और पीबीबी शाखाओं के कर्मियों के बयान दर्ज किए गए हैं। विजिलेंस के अफसर ने आरोपी से भी पूछताछ की थी। शाखाओं के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया है। बताया गया कि जल्द ही जांच रिपोर्ट उच्च अफसरों को सौंपी जा सकती है।

## शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख ने बालिकाओं को साइकिल देकर किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**शिवराजपुर।** खंड विकास कार्यालय शिवराजपुर में सी0एस0आर0 के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी किंतु आर्थिक रूप से निर्बल बच्चों को शैक्षिक स्तर से मजबूत एवं स्वाभिलंबी बनाने के लिए चयनित बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को खंड शिक्षा अधिकारी कृपा शंकर यादव के दिशा निर्देश में कर न्याय पंचायत डोंडवा से वर्तिका कंपोजिट विद्यालय घिमऊ,भैंसें से मीनाक्षी उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भैंसऊ, बीरामऊ से प्रोसी कंपोजिट विद्यालय बीरामऊ, तथा दिलीप नगर से आकांक्षा कंपोजिट विद्यालय बसेन का चयन किया गया। सभी बालिकाएं कुशाग्र चयनित उपस्थित वाली किंतु निर्धन वर्ग से जुड़ी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई द्वारा सभी बालिकाओं को साइकिल वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने कहा कि जिस प्रकार इन बालिकाओं ने कड़ी मेहनत कर यह किताब हासिल किया है इसी प्रकार विद्यालय के सभी बच्चों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए जिससे कि आने वाले समय में उन्हें भी पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने सभी बालिकाओं के मंगल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरिता कटियार, सुनीता शुक्ला, गजेंद्र सिंह, रूपांजलि, डॉ प्रगति रघु सक्सेना, सोना देवी, विजय सिंह उत्कर्ष बाजपेई गौरव अग्निहोत्री के अलावा बालिकाओं के अभिभावक गण मौजूद रहे।

## सुस्ताने के लिए दीवार पर बैठा युवक नहर में गिरकर डूबा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सचेंडी क्षेत्र में गुरुवार की शाम को घर से साइकिल बनवाने की बात कहकर निकले युवक की नहर में डूबकर मौत हो गई। वह सुस्ताने के लिए दीवार पर बैठा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से नहर में गिर गया। भैरमपुर निवासी सोनू सविता 38 एक फैक्टरी में नौकरी करता था। परिवार में पत्नी लक्ष्मी, बेटा प्रिंस, मां रानी हैं। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे सोनू घर से साइकिल बनवाने की बात कहकर निकला था।

करीब एक किलोमीटर दूर गर्मी के कारण नहर की दीवार पर बैठ गया। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सीधे नहर में गिर गया। पास रखी गुमटी के दुकानदार ने ग्रामीणों को जानकारी दी। कुछ ही देर में वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। कुछ ग्रामीण तेज बहाव के बीच नहर में कूदे। करीब एक घंटे बाद 30 मीटर आगे एक झाड़ी में फंसे सोनू के शव को निकाला। सचेंडी पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।

## बाबा आनंदेश्वर के शिवलिंग की लंबाई 12 एमएम हुई कम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के शिवलिंग की लंबाई लगातार कम हो रही है। श्रद्धालुओं के चाभी, सिक्का, माला घिसने और केमिकल युक्त पदार्थ चढ़ाने का असर पड़ रहा है। पिछले तीन साल में शिवलिंग की लंबाई 12 एमएम कम हो गई है। यह जानकारी अप्रैल में मंदिर प्रबंधन की ओर से कराई गई जांच में सामने आई है। इससे पूर्व पुरातत्व विभाग की जांच में शिवलिंग की लंबाई पांच एमएम कम मिली थी। बाबा के कम होते आकार पर जूना अखाड़ा के पदाधिकारियों ने चिंता जताई है। भक्तों से ऐसा न करने की अपील की जा रही है। छोटा काशी कहे जाने वाले गंगा किनारे स्थित बाबा आनंदेश्वर मंदिर में आम दिनों में करीब 50 हजार के आसपास श्रद्धालु आते हैं। सावन माह के हर सोमवार को यह संख्या करीब चार से पांच लाख और महाशिव रात्रि पर भी इतने ही भक्त दर्शन के लिए आते हैं। जूना अखाड़ा के मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश ने बताया कि मंदिर में आने वाले अधिकतर भक्त पिंडी (शिवलिंग) को काफी देर तक रगड़ते और धार की पानी डालते हैं। कुछ भक्त सिक्के, तिजोरी व कार की चाभी और माला भी इस पर घिसते हैं। इसकी वजह से शिवलिंग की लंबाई कम हो रही है। जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता नारायण गिरी महाराज, प्रेम गिरि महाराज, नारायण गिरी महाराज, उमाशंकर भारती व सभापति मोहन भारती महाराज ने इस पर चिंता जताते हुए कहा है कि भक्तों को बाबा के दर्शन-पूजन के समय सावधानी बरतनी चाहिए।

### इस तरह लगाया पता

बाबा के शिवलिंग की अर्घा को 25 वर्ष से अधिक समय पहले सोने से मड़ा गया था। उस दौरान शिविलिंग और सोने की परत बराबर थी। चारों ओर बिल्कुल भी जगह नहीं थी। अब शिवलिंग नीचे चला गया और सोने की परत ऊपर है। आसपास चावल के तीन दानों के बराबर (करीब 17 एमएम) की जगह बन गई है।

### पुरातत्व विभाग की टीम ने की थी जांच

अंश ने बताया कि करीब तीन साल पहले लखनऊ से आई पुरातत्व विभाग की टीम ने मंदिर का सर्वे किया था। उस वक्त शिवलिंग की लंबाई की गई तो यह करीब पांच एमएम कम था। अब एक माह पहले मंदिर प्रबंधन ने खुद ही नाप की तो यह 17 एमएम घट चुका है। करीब 15 साल पहले जब मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया तो खोदाई के दौरान बाबा के शिवलिंग का छोर नहीं मिला था।

### दिशा-निर्देश किए गए जारी

जूना अखाड़ा के संरक्षक हरि गिरि महाराज ने कहा है कि उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में भी ऐसा ही हो रहा था।

वहां प्रशासन की कमेटी बनाकर केमिकल युक्त पदार्थ के उपयोग पर रोक लगा दी गई।

## वन्य जीवों व पक्षियों को दिया इम्युनिटी बूस्टर



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

गोरखपुर से कानपुर चिड़ियाघर लाए गए बब्बर शेर (पटौदी) की बुधवार रात मौत होने के बाद प्राणी उद्यान में सतर्कता बढ़ा दी गई है। परिसर व बाड़ों में शुक्रवार दिनभर सैनिटाइजेशन कराया गया। वहीं, कर्मचारी के अलावा अन्य किसी व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंधित लगा दिया गया है। जानवरों और पक्षियों को इम्युनिटी बूस्टर पिलाया जा रहा है। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली से आई बब्बर शेर पटौदी की जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, जिला और चिड़ियाघर प्रशासन को अभी भी भोपाल लैब की रिपोर्ट आने का इंतजार है। हालांकि जीवों की सुरक्षा के लिए लिए लगातार एहतियात बरती जा रही है। शुक्रवार को पटौदी के बाड़े में तीन बार, आसपास के बाड़ों में दो और दूर के बाड़ों में एक-एक बार सैनिटाइजेशन कराया गया। शेर का इलाज करने वाली चिकित्सकों की टीम को क्वारंटीन करने के साथ वन्य जीवों की निगरानी के लिए दूसरी टीम लगाई गई है। इसमें उन जीवों व पक्षियों पर खास नजर रखी जा रही है जो खाना कम खा रहे हैं। मंगलवार को पटौदी का सैंपल जांच के लिए भोपाल लैब भेजा गया था, लेकिन शुक्रवार को भी रिपोर्ट नहीं आयी। अब इसके शनिवार को आने की संभावना है। चिड़ियाघर में 19 मई तक इसी तरह एहतियात बरती जाएगी।

### मांसाहारी जानवरों को नहीं दिया जा रहा चिकन

चिड़ियाघर में मौजूद मांसाहारी जानवरों को चिकन देना बंद कर दिया गया है। उसके स्थान पर दूसरा मीट दिया जा रहा है। संक्रमण का खतरा देखते हुए 10 शेरों को 30-30 एमएल, तेंदुओं को 10-10 एमएल एमिरान सिरप पानी में घोलकर दिया जा रहा है। वहीं, पक्षियों को शीतल पाउडर, एंटी बूस्टर पाउडर 20-20 ग्राम दो लीटर में घोलकर दिया जा रहा है। प्रशासन पूरी तरह से जानवरों को सुरक्षित रखने के प्रयास में जुटा है।

## कोर्ट ने हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर महेश निषाद की जमानत अर्जी खारिज की



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो महेश निषाद का क्षेत्र में अच्छा खासा दबदबा रहा है राजनैतिक पकड़ बनाने में महारत हासिल कर ये अपराधी अपने गैंग के अन्य सदस्यों के सहयोग से इतना बड़ा अपराधी बन गया जिसकी सरकार रही उस सरकार की छतरी के नीचे रह कर ये अपने को बचाता रहा पर उतर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस निति व उन्नाव पुलिस की कार्यवाही से कोई अपराधी ज्यादा दिन नहीं बच सकता है।

पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमें में आरोपी रहे हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर महेश निषाद के विरुद्ध,उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986की घारा 3 (1) एफ आई आर नंबर 0101का मुकदमा पंजीकृत किया गया था उपरोक्त मुकदमें में गैंगस्टर कोर्ट ने महेश निषाद की जमानत अर्जी खारिज कर दी है महेश निषाद के विरुद्ध पूर्व में पंजीकृत मुकदमें जिन मुकदमों में महेश निषाद आरोपी रहा हैं मुकदमा अपराध 189/2022 अन्तर्गत धारा 302, मुकदमा अपराध संख्या 0091धारा 143,147,376 डी 354(ख)323,504 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति निवारण 3(2)(वी) मुकदमा आपराध संख्या 0198धारा 352,351,3(1)द 3(1)ध पिछले 1-3-2025को गैंगस्टर का मुकदमा पंजीकृत हैं उन्नाव पुलिस की सख्ती के आगे महेश निषाद ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था उन्नाव जनपद में विभिन्न मुकदमें में आरोपीयों को ये समझ आ गया के सबसे सुरक्षित स्थान पर जाना ही सही निर्णय होगा महेश निषाद ने भी न्यायलय में आत्मसमर्पण समर्पण कर दिया था विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो महेश निषाद का लम्बा चौड़ा आपराधिक इतिहास रहा है पूर्व में हुए नगर निकाय चुनाव में महेश निषाद ने अपने गैंग के साथ मिलकर भाजपा की प्रत्याशी महिला के साथ मार पीट का प्राण घातक हमला करने का आरोप लगा था सत्ता पक्ष की पार्टी व सभासद महिला प्रत्याशी होंने की वजह से उपरोक्त प्रकरण राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना था।

## करोड़ों की सरकारी जमीन कब्जाने में दीनू समेत 12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




पिंटू सेंगर हत्याकांड के साढ़े चार साल बाद जेल में बंद दीनू उपाध्याय की मुसीबतें कम होने के नाम नहीं ले रही हैं। अब नौबस्ता के बूढ़पुर मछरिया निवासी बृजराज सिंह ने दीनू समेत 12 लोगों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज के सहारे सरकारी जमीन कब्जाने समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि दीनू उपाध्याय के सह पर क्षेत्र के भू माफिया ने केडीए की करोड़ों रुपये कीमत की जमीन के एक भाग कब्जा कर लिया। शिकायत पर जानलेवा हमला कर अगवा करने का प्रयास किया।

बृजराज सिंह ने बताया कि भूमाफियों द्वारा सरकारी जमीन पर अपनी निजी आराजी संख्या डालकर लगातार कब्जा किया जा रहा था। वर्ष 2021 में तत्कालीन एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पूजा यादव ने केडीए को पत्र भेजकर जमीन के चिह्नांकन और सीमांकन तक किसी तरह के नए निर्माण न होने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद भूमाफिया रामप्रताप सिंह, गोपाल सिंह, भानुप्रताप सिंह, शेरा सिंह, तारा सिंह, बेटे अधिवक्ता राहुल सिंह, दामाद अरिदमन सिंह, अधिवक्ता दीनू उपाध्याय ने साथियों सपा नेता अजमेरी सिद्दीकी, अफसार व नारायण भदौरिया के साथ मिलकर सरकारी व विवादित जमीनों पर निजी आराजी डालकर लगातार कब्जा कर रहे हैं।

क्षेत्रीय लोगों के विरोध करने पर दीनू उपाध्याय के सह पर जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी वसूलते हैं। आरोपी वर्तमान में भी इन लोगों द्वारा राजा सिंह के गड्ढे के पास केडीए के स्वामित्व की आराजी संख्या 1113 पर कब्जा किया जा रहा है। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पिछले साल जून माह में उनके ऊपर जानलेवा हमला कर कार से अगवा करने का प्रयास किया गया। शिकायत के बाद भी स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। उनके आदेश पर नौबस्ता पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरु की है।

### भू माफिया द्वारा की गई कई रजिस्ट्रियों को किया निरस्त

पीड़ित ने बताया कि भूमाफिया रामप्रताप सिंह के खिलाफ पूर्व में थाना नौबस्ता में सरकारी जमीनों पर कब्जा करने के मामले में 107/116 की कार्रवाई की गई है। उसके द्वारा बेची गई आराजी संख्या 1115 पर काबिज एक प्लाट को केडीए ने सील किया था। वहीं जुलाई 2024 में भूमाफिया परिवार द्वारा फर्जी कागजों द्वारा सरकारी भूमि पर की गई कई रजिस्ट्रियों के दाखिल खारिज भी सदर तहसीलदार द्वारा निरस्त किया गया है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## भारतीय आध्यात्म के वैश्विक दूत परमहंस योगानंद

**परमहंस योगानंद केवल एक संन्यासी नहीं थे, वे भारत की सांस्कृतिक चेतना के ऐसे दूत थे, जिन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि संस्कृति की विजय तलवार से नहीं, आत्मा की शक्ति से होती है। उन्होंने अमेरिकी समाज में भारतीय योग, ध्यान और आत्मबोध की ऐसी गहरी जड़ें जमाईं, जो आज भी जीवंत हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि भारत की असली शक्ति उसकी आध्यात्मिक परंपरा में है–वह परंपरा जो संकीर्णता नहीं सिखाती, बल्कि पूरे विश्व को एक परिवार मानकर चलती है। आज जब दुनिया मानसिक अशांति, अवसाद और अस्तित्व के संकट से जूझ रही है।**

*जब दुनिया के अनेक राष्ट्रों ने सत्ता, सैन्य और अर्थव्यवस्था के दम पर उपनिवेश बनाए, तब भारत ने एक अलग राह चुनी-आध्यात्मिक प्रभाव की राह। यहां के ऋषियों-मुनियों ने मानवता को आत्मबोध, ध्यान, और शांति का संदेश दिया। इस आध्यात्मिक धरोहर को 20वीं सदी में वैश्विक मंच तक पहुंचाने वाले एक महान योगी थे-परमहंस योगानंद। योगानंद न केवल भारतीय योग और ध्यान परंपरा के प्रचारक थे, बल्कि उन्होंने भारतीय संस्कृति की एक तरह की आध्यात्मिक उपनिवेशिकता की नींव भी रखी- जिसमें कोई जबरदस्ती नहीं थी, बस आत्मा की गहराइयों से निकला संदेश था जो सीधे विश्व-मानव के हृदय को छू गया। सन् 1920 में परमहंस योगानंद अमेरिका के बोस्टन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धार्मिक उदारवादियों की कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी, लेकिन इस यात्रा ने उन्हें एक वैश्विक आध्यात्मिक दूत बना दिया। उसी वर्ष उन्होंने अमेरिका में (एसआरएफ) की स्थापना की, जो ध्यान और क्रिया योग के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार की शिक्षा को प्रसारित करता है। पांच साल बाद, 1925 में लॉस एंजेलिस में एसआरएफ का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय स्थापित हुआ, जो आज भी योगानंद की शिक्षाओं का केंद्र बना हुआ है। पश्चिमी जगत, जो उस समय भौतिकता और औद्योगिकीकरण की ओर दौड़ रहा था, वहां भारतीय योग की यह सौम्य आहट एक नई चेतना का सूत्रपात थी। योगानंद की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने धर्म को किसी मत या पंथ के बंधन से परे रखा। उनका संदेश था-ईश्वर को महसूस करो, न कि केवल मानो। वे कहते थे कि ध्यान, प्राणायाम और आत्मचिंतन के माध्यम से हर इंसान ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकता है। उनकी शिक्षाएं पूर्व के गहन अध्यात्म और पश्चिम की वैज्ञानिक सोच का अनूठा संगम थीं। उन्होंने क्रिया योग को एक वैज्ञानिक पद्धति की तरह प्रस्तुत किया, जो जीवन के हर क्षेत्र में शांति, संतुलन और जागरूकता ला सकती है। सन् 1946 में प्रकाशित योगानंद की आत्मकथा आज भी दुनिया भर में पढ़ी जाती है। यह न केवल उनके जीवन का दस्तावेज़ है, बल्कि भारतीय योग परंपरा का जीवंत वर्णन भी है। अब तक यह 50 से अधिक भाषाओं में अनूदित हो चुकी है और इसे आध्यात्मिक साहित्य की क्लासिक माना जाता है। एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स इस पुस्तक से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने अपने आईपैड में केवल यही एक किताब रखी थी, और अपनी मृत्यु से पहले इसे अपने निकट सहयोगियों को उपहारस्वरूप दिया था। योगानंद की एक अन्य उल्लेखनीय पुस्तक 'The Second Coming of Christ' है, जिसमें उन्होंने ईसा मसीह की शिक्षाओं को हिंदू योग दर्शन के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित किया है। इस प्रयास ने आध्यात्मिक संवाद को वैश्विक आयाम दिया। योगानंद ने एक गहन प्रश्न उठाया था- मनुष्य बाहरी दुनिया को जीतने में व्यस्त है, लेकिन क्या वह अपने भीतर की दुनिया से भी परिचित है? आज की भागदौड़, तनाव और तकनीकी अशांति से जूझती दुनिया में यह सवाल पहले से अधिक प्रासंगिक हो गया है। उनकी पुस्तक 'How to Live' की सात-खंडीय श्रृंखला जीवन में शांति, स्पष्टता और आत्म-संयम लाने के व्यावहारिक उपाय देती है। इनमें कार्य-जीवन संतुलन, आंतरिक ऊर्जा, सकारात्मक सोच, और ध्यान जैसे विषयों को अत्यंत सरल और प्रभावी भाषा में प्रस्तुत किया गया है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुन- सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र- शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है। यह एक नया भारत है- जो केवल निनाद नहीं उठाता, अब प्रभाव और धमक भी दिखाता है। अब भारत प्रतिक्रिया में नहीं चलता, कर्मण्यता पर विश्वास करता है और नई दिशा तय करता है। यह परिवर्तन केवल एक रणनीति नहीं है, ये मानसिकता का परिवर्तन है।**

## दुनिया को समझना होगा, भारत का 'न्यू नॉर्मल'



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला। पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन—मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा दिन राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टत- चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आँख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि? दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे- तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी- बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली हैं, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू- इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक



**पीएम मोदी ने आदमपुर एयर बेस में कहा कि, ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है। यही मानसिक परिवर्तन भारत का न्यू नॉर्मल है। और इस न्यू नॉर्मल को अखिल विश्व जितनी जल्दी समझेगा, वो उसके और शेष दुनिया के लिए हितकारी, सुखप्रद और शांतिप्रद होगा।**

साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि पीएम मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। पीएम मोदी की दृढ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरूद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुन- सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है। यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम अखिल विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किये, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किये और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला। पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन- मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं है। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट्र से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्य योजना बनाई, और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया कि अब हम अपने निर्णय स्वयं लेते हैं और अपनी लड़ाई स्वयं अपने सामर्थ्य से लड़ते हैं।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पंचमी अहोरात्र |
| नक्षत्र: | पूर्वाषाढा 17:43 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | साध्य, 07:08 |
| सूर्योदय: | 05:30 |
| सूर्यास्त: | 19:40 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 08:54-10:36 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:53-12:41 |

## जन एक्सप्रेस

### नहीं मानते ट्रंप !

*रह रह कर शिगूफा ।*
*नहीं मानते ट्रंप ।।*
*बोल बोल कर दुनिया में ।*
*ला रहे भूकंप ।।*
*हर पल नया तमाशा ।*
*अर्थ क्षेत्र पर मार ।।*
*इस टैरिफ ने उनके ।*
*कर दिया प्रहार ।।*
*उथल पुथल बाजार में ।*
*हाहाकार है छाया ।।*
*उनके जो प्रतिद्वंदी ।*
*कर रहे सफाया ।।*
*आगे बढ़ने की ललक ।*
*धुन है अलग सवार ।।*
*लेकिन दुनिया धीरे धीरे ।*
*बनी होशियार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय


### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## महिलाओं की तरह पुरुषों को भी होता है मेनोपॉज

**बढ़ती** उम्र के साथ शरीर में कई बदलाव आते हैं। ये बदलाव हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। एक उम्र के बाद शरीर में हार्मोन का स्तर भी कम होने लगता है। इस दौरान लोग मेनोपॉज से गुजर रहे होते हैं। कई लोग मानते हैं कि मेनोपॉज की समस्या केवल महिलाओं को होती है। जबकि, यह समस्या महिला और पुरुष दोनों को प्रभावित करती है। पुरुषों में मेनोपॉज को मेल मेनोपॉज कहा जाता है। पुरुषों में मेनोपॉज 45 की उम्र के बाद शुरू होता है और 50 तक जा सकता है। इस उम्र में पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन हॉर्मोन का स्तर कम होने लगता है, जिस कारण अंडाशय काम करना बंद कर देता है। इस दौरान पुरुषों के फिजिकल और मेंटल हेल्थ में कई बदलाव देखने को मिलते हैं। अगर कुछ बातों का ध्यान रखा जाए, तो पुरुषों के लिए भी मेनोपॉज से डील करना आसान हो सकता है।

**खुद को एक्टिव रखें:** मेनोपॉज से डील करने के लिए पुरुषों को एक्टिव रहना बहुत जरूरी है। इसलिए रोज वॉक या एक्सरसाइज करने की आदत जरूर बनाएं। रोज एक्सरसाइज जैसे कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग या कार्डियो करने से बॉडी एक्टिव रहेगी। इससे टेस्टोस्टेरोन लेवल बूस्ट होता है और मूड इंप्रूव होता है।

**बैलेंस्ड डाइट लें:** मेल मेनोपॉज से डील करने के लिए डाइट को बैलेंस्ड रखना भी जरूरी है। ध्यान रखें कि आपकी डेली डाइट में सभी पोषक तत्वों की कमी पूरी जरूर हो। अपनी डाइट में लीन प्रोटीन, फ्रूट्स, वेजिटेबल, साबुत अनाज और हेल्दी फैट्स जरूर शामिल करें। अपनी डाइट में एक्स्ट्रा शुगर और प्रोसेस्ड फूड्स अवॉइड करें।



**रोज नींद पूरी जरूर करें:** मेनोपॉज के दौरान नींद न आना या कम नींद आने जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इसलिए ऐसे में स्लीप शेड्यूल पर जरूर ध्यान देना चाहिए। रात में रोज 7 से 9 घंटे की नींद जरूर लें। इससे बॉडी में हार्मोन्स रेगुलेट होंगे और मेनोपॉज में समस्याएं नहीं बढ़ेंगी।

**स्ट्रेस मैनेज करें:** बढ़ती उम्र के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती है। ऐसे में पुरुषों को तनाव भी ज्यादा रहता है। लेकिन, बढ़ता तनाव आपकी सेहत पर बुरा असर भी डाल सकता है। इसके कारण, आपके रोजमर्रा के काम पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए, माइंड को रिलैक्स रखने पर काम करें। रिलैक्सेशन टेक्निक्स जैसे मेडिटेशन, योगा और डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज अपनाएं। इससे माइंड और बॉडी रिलैक्स रहेंगे और स्ट्रेस भी कंट्रोल रहेगा।

**रेगुलर चेकअप्स करवाते रहें:** बढ़ती उम्र के साथ बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर, मेल मेनोपॉज के दौरान शरीर में हार्मोन लेवल भी कम होने लगता है। ऐसे में, रेगुलर चेकअप्स करवाने जरूरी हो जाते हैं। रूटीन चेकअप्स करवाने से हार्मोन्स लेवल को मॉनिटर करने में मदद मिलेगी। इससे हार्ट हेल्थ के साथ ओवरऑल हेल्थ को फायदा होगा।

**ऐल्कोहॉल और स्मोकिंग से दूरी बनाएं:** ऐल्कोहॉल पीने और स्मोकिंग करने से भी हार्मोन्स पर बुरा असर पड़ता है। इसके कारण टेस्टोस्टेरोन लेवल कम होने लगता है, जिससे ओवरऑल हेल्थ पर असर पड़ सकता है।

**सोशल कनेक्शन बनाए रखें:** मेल मेनोपॉज के दौरान पुरुषों की मेंटल हेल्थ पर भी असर पड़ता है। इस उम्र तक आकर लोग अपनी जिंदगी में काफी कुछ चीजें देख चुके होते हैं। इस कारण उनकी इमोशनल हेल्थ वीक भी होने लगती है। इसलिए ऐसे में अपने सोशल कनेक्शन बढ़ाने चाहिए। करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों से कनेक्ट रहने की कोशिश करनी चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

## पाकिस्तान में सुलग रहा विभाजन का लावा



सुरेश हिंदुस्तानी

**ऑपरेशन सिंदूर ने इनको जिंदा ही जमीन पर दफन कर दिया। भारत की जवाबी कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। यह पाकिस्तान के लिए जबरदस्त आघात रहा। वह और आतंकियों के आका खून के आंसू रोए। क्योंकि पाकिस्तान की सरकार और सेना इन्हीं आतंकियों के दम पर भारत को आंखें दिखा रही थी।**

**भारत का कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। सेना प्रमुख का यह बयान मुसलमानों को भड़काने जैसा ही था। इसलिए पहलगांव की घटना को इसी बयान की प्रतिक्रिया स्वरूप माना जा रहा है। पहलगांव की आतंकी घटना के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए हैं। पाकिस्तान में भारत पर हमले के लिए तैयार बैठे आतंकी ठिकानों को जमींदोज कर दिया गया।**

**दुनिया** में आतंकिस्तान के नाम से कुख्यात पाकिस्तान की धरती में इस समय विभाजन का लावा सुलग रहा है। यह अलग बात है कि भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के बाद आखिरकार युद्ध विराम हो गया, इससे पाकिस्तान खुश हो सकता है पर इस दौरान उसकी सरजमीं में ऐसा बहुत कुछ घटा है कि बलूचिस्तान उसके हाथ से फिसलता नजर आ रहा है। इस युद्ध विराम के बाद फिर पुराने सवाल उठने लगे हैं कि क्या आतंक को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान पर विश्वास किया जा सकता है। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि पूर्व में ऐसा कहने के बाद भी हर बार पाकिस्तान की ओर से कश्मीर में आतंकी घटनाएं की जाती रही हैं। पहलगांव में आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद हुई भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान पस्त हो गया। पाकिस्तान सरकार की ओर से युद्ध विराम के बारे में कहा गया कि इस समय पाकिस्तान को बचाने की जरूरत है। इस कथन का स्पष्ट आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अगर युद्ध जारी रहता तो पाकिस्तान नाम का देश इस धरती पर नहीं रहता। इसलिए पाकिस्तान ने अपने देश को बचाने के लिए ही यह रास्ता चुना। अमेरिका ने इस मामले में दखल देते हुए दोनों देशों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की ओर से हमेशा यही कहा गया कि भारत आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अपना अभियान चला रहा है। इस मामले में विश्व के अधिकांश देश भारत के साथ खड़े होते दिखाई दिए, वहीं पाकिस्तान अकेला हो गया। इससे पाकिस्तान निराश हो गया। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी माना जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर ग्रे सूची में आने का खतरा बढ़ता जा रहा था। एफएटीएफ की ओर से पाकिस्तान का ऐसी चेतावनी भी दे दी गई थी। अगर पाकिस्तान ग्रे सूची में आता तो उस पर कई प्रकार के प्रतिबंध लग सकते थे, जो पाकिस्तान के हित में नहीं होते। इस समय पाकिस्तान के अंदर ही अंदर जो लावा सुलग रहा है, उससे उसे बचने का कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा है। भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के दौरान ब्लूचिस्तान ने अपनी आजादी की लड़ाई को जारी रखते हुए पाकिस्तान की सेना को अपना निशाना बनाया। यानी पाकिस्तान एक तरफ भारत से लड़ाई लड़ रहा था, वहीं दूसरी ओर उसे अपने ही देश में ब्लूचिस्तान की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही थी। पाकिस्तान का आरोप है कि ब्लूचिस्तान को भारत भड़का रहा है। इसे सच नहीं माना जा सकता, क्योंकि ब्लूचिस्तान यह लड़ाई लम्बे समय से लड़ रहा है। अभी कुछ महीने पहले ही बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की ट्रेन को हाईजैक करके पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। अब यही कहा जा सकता है कि ब्लूचिस्तान शायद ही पाकिस्तान में रहे। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान विभाजन के रास्ते पर चल रहा है? क्योंकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी ऐसी ही स्थिति दिखाई देती है। कई विश्लेषक यह दावा कररहे हैं कि पाकिस्तान चार टुकड़ों में विभाजित हो जाएगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने ही देश की जनता के निशाने पर हैं। इसके अलावा पाकिस्तान की सेना और सेना के साथ कदम मिलाने वाले आतंकी संगठन सरकार के युद्ध विराम वाले निर्णय से नाखुश हैं। इसका परिणाम क्या होगा, यह तो आने वाला समय ही बताने में समर्थ होगा। लेकिन यह पाकिस्तान की वास्तविकता है कि युद्ध जैसी स्थिति बनने के बाद सेना और आतंकियों ने सरकार के समक्ष गंभीर संकट पैदा किया है। इस बार जंग के हालात पैदा करने के लिए पाकिस्तान की जनता सरकार और सेना प्रमुख को ही पूरी तरह से दोषी मान रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पहलगांव की घटना से तीन दिन पूर्व कहा था कि हिन्दू और मुसलमान एक साथ कभी नहीं रह सकते। भारत का कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। सेना प्रमुख का यह बयान मुसलमानों को भड़काने जैसा ही था। इसलिए पहलगांव की घटना को इसी बयान की प्रतिक्रिया स्वरूप माना जा रहा है। पहलगांव की आतंकी घटना के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए हैं। पाकिस्तान में भारत पर हमले के लिए तैयार बैठे आतंकी ठिकानों को जमींदोज कर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर ने इनको जिंदा ही जमीन पर दफन कर दिया। भारत की जवाबी कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। यह पाकिस्तान के लिए जबरदस्त आघात रहा।

भारतीय सेना के शौर्य को सलाम.....

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा, हजारों लोगों ने की भागीदारी

- मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद बोले- मोदी जी का नया भारत आतंकवाद के खिलाफ घर में घुसकर देता है जवाब
- संजय सिंह गंगवार समेत जिले के विधायक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों ने बढ़ाया उत्साह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की ऐतिहासिक सफलता को नमन करते हुए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा पीलीभीत शहर में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी यह यात्रा देशभक्ति और एकता का सजीव उदाहरण बनी। यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया जिनमें महिलाएं, बच्चे, स्काउट गाइड, व्यापारी, अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी संगठन शामिल रहे।

### सेना की वीरता को नमन, मोदी-योगी सरकार की नीतियों का मिला जनसमर्थन

तिरंगा यात्रा की अगुवाई केंद्रीय राज्य मंत्री और पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय सेना का पराक्रम हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सेना ने न केवल आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है जो अब आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही करता है।

### भाजपा नेताओं पर पुष्पवर्षा, महिलाओं की रही विशेष भागीदारी

यात्रा में गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सच्यता वर्मा, पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख अपूर्व सिंह, जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, यात्रा संयोजक लेखराज भारती सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। महिलाओं ने डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में तिरंगा लेकर देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के साथ भागीदारी निभाई।

### नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन, पूरा शहर गूंजा भारत माता की जय से

यात्रा गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर सुनगढ़ी थाना, विशाल टॉकीज, गैस चौराहा,
शहीद दामोदर पार्क सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गांधी स्टेडियम पर संपन्न हुई।
पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

### नारी शक्ति और सामाजिक सहभागिता का भी दिखा स्वरूप

यात्रा में स्काउट गाइड की बालिकाएं, सामाजिक संस्थाएं और विभिन्न वर्गों के नागरिकों की भागीदारी विशेष रही। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह टहलानी, स्काउट गाइड प्रभारी शालिनी शुक्ला, पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के सचिव कार्तिक भसीन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता दर्ज कराई।

### 'तिरंगा सिर्फ एक प्रतीक नहीं, राष्ट्रीय एकता और सम्मान का प्रतीक'

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम सेना के साहस और पराक्रम को नमन करते हैं और देशवासियों में राष्ट्रभक्ति, आत्मबल और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह यात्रा सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि देश के प्रति सामूहिक कर्तव्य और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी वीरांगनाएं देश की सुरक्षा में नारी शक्ति की भूमिका को नई ऊंचाई दे रही हैं।संपूर्ण नगर में दिखा देशभक्ति का उत्सव, समाज के हर वर्ग ने निभाई भूमिका तिरंगा यात्रा ने यह संदेश दिया कि देश की सुरक्षा, सम्मान और अखंडता के लिए समाज का हर वर्ग एकजुट है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया, उसे नमन करते हुए नगरवासियों ने अद्भुत उत्साह और गर्व का प्रदर्शन किया।

# मझोला-दियूनिडाम मार्ग के बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

- विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने किया विधिवत पूजन कर कार्य शुभारंभ, क्षेत्रीय जनता में हर्ष

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग मझोला-दियूनिडाम मार्ग के चौड़ीकरण एवं हॉटमिक्स पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया। शुभारंभ अवसर पर नारियल फोड़कर, जेसीबी मशीन का जल व धूप से शुद्धिकरण कर पूजा की गई और लड्डू का भोग लगाकर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। मौके पर प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार देश के हर गांव के चहुंमुखी विकास को लेकर संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है और मझोला-दियूनिडाम मार्ग का निर्माण इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त था और क्षेत्रीय जनता की प्रमुख मांग भी थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है।
युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने भी इस अवसर पर सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में देश में ऐतिहासिक विकास कार्य हो रहे हैं और यह मार्ग निर्माण भी उसी की एक कड़ी है, जिससे आमजन को काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी, अवर अभियंता जयपाल लोधी, जोशी कॉलोनी प्रधान समीर मंडल, विकास अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, जगबंधु हलधर, सरोज मित्रा, परशुराम शर्मा, अजय शर्मा, देवेंद्र वर्मा, गुरनाम सिंह, डालचंद्र वर्मा, जसवंत वर्मा, शांति स्वरूप कश्यप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### विधायक ने दिया विकास का भरोसा

विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार गांव-गांव तक पक्की सड़कों का जाल बिछा रही है। मझोला से डियूनी डैम तक सड़क का चौड़ीकरण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा में अनेक संपर्क मार्गों को स्वीकृति दिलाई जा चुकी है और आने वाले समय में और भी विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

### पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की निगरानी में होगा निर्माण कार्य

सड़क निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी एवं अवर अभियंता जयपाल लोधी विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा ताकि आमजन को लंबी अवधि तक लाभ मिल सके।स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि वर्षों से उपेक्षित इस मार्ग के निर्माण से अब स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही आपात स्थितियों में भी यह सड़क सुगम मार्ग के रूप में कार्य करेगी।

# गन्ना सर्वे कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव

- 1 मई से 30 जून तक चलेगा सर्वे, किसानों से सहयोग की अपील
- जनपद के ग्राम चिड़िया दाह व मरौरी में खेत स्तर पर गन्ना सर्वेक्षण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की तैयारियों के अंतर्गत जनपद में चल रहे गन्ना सर्वेक्षण कार्य का शुक्रवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने ग्राम चिड़िया दाह और मरौरी में मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना समिति पीलीभीत की सर्वेक्षण टीमें खेत स्तर पर कार्य करती नजर आईं। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि गन्ना विकास विभाग व चीनी मिलों के समन्वय से गन्ना पेराई सत्र 2025-26 हेतु किसानों के खेतों में गन्ना सर्वेक्षण कार्य 1 मई से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। यह सर्वे कार्य जिले के सभी गन्ना क्रय केंद्रों एवं सहकारी गन्ना समितियों के अधीन क्षेत्रों में सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण का प्रमुख उद्देश्य गन्ना कृषकों द्वारा बोए गए गन्ने के वास्तविक रकबे की जानकारी प्राप्त करना है ताकि पर्ची निर्गमन, तौल एवं भुगतान की प्रक्रिया समयबद्ध व सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके।
सर्वेक्षण टीमों द्वारा गांव-गांव जाकर खेतों का भौतिक निरीक्षण करते हुए गन्ना रकबा दर्ज किया जा रहा है। इस दौरान किसानों की उपस्थिति आवश्यक बताई गई है। खेत पर किसान या उनका प्रतिनिधि मौजूद न रहने की स्थिति में रकबा गलत दर्ज होने अथवा छूट जाने की आशंका बनी रहती है, जिससे आगे पर्ची निर्गमन, तौल और भुगतान की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।
जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसानों से अपील की कि वे अपने खेत की सही जानकारी सर्वे टीम को उपलब्ध कराएं तथा सर्वेक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वे कार्य की सफलता कृषकों के सहभागिता पर ही निर्भर है। किसान सर्वे से संबंधित जानकारी के लिए अपने क्षेत्रीय गन्ना पर्यवेक्षक, गन्ना समिति कार्यालय अथवा जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय, पीलीभीत से संपर्क कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से राम भद्र द्विवेदी (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक), महेन्द्र सिंह (समिति लिपिक), राम प्रताप, सनोज कुमार (एल. एच., चीनी मिल), गन्ना किसान सतपाल सिंह, कांता प्रसाद, भूप राम सहित कई अन्य किसान व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांग के परिवार को जान का खतरा

## सीएम हेल्पलाइन पर की दिव्यांग ने शिकायत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



थाना खीरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत महम्मदाबाद के निवासी अनिल कुमार मौर्य पुत्र मनोहर मौर्य जो 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति है और थाना खीरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत महम्मदाबाद पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत रहते है। पीड़ित ने गाँव के रहने वाले लोगों पर खेत पर कब्जे को लेकर सीएम की हेल्पलाइन सेवा पर शिकायत दर्ज करायी है और बताया है कि उसकी जमीन तीन बीघा से ज्यादा है मेरे खेत में गाँव के असलम खान, खलील खान, मजीद खान तथा सकीद खान पुत्र खलील खान जो मेरे खेत में जबरजस्ती कब्जा कर रहे हैं और मेरा खेत पिताजी के नाम पर लिखा पढ़ी में है। विपक्षी मेरे खेत की मेड को खोदकर जबरदस्ती अपने खेत में मिल लिया और कब्जा कर रहे हैं हमारी जमीन पर पेड़ लगे थे जिनको विपक्षी लोगों ने जबरदस्ती काटकर बेच दिया गया। अब वह लोग 10 पेड़ अमरुद एक बढ़हर का पेड़ रख दिए हैं खलील खान के पास लाइसेंसी बंदूक है जो आए दिन हम लोगों को धमकी देकर गाली देते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं और कहते हैं कि अगर कहीं भी शिकायत की तो जान से मार देंगे हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। पीड़ित 100 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति है और विपक्षी लोग परिवार के साथ आए दिन मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं इस सम्बन्ध में पीड़ित द्वारा 14 मई 2025 को एक प्रार्थना पत्र पुलिस चौकी ओयल पर विपक्षियों के खिलाफ दिया था लेकिन पुलिस चौकी से कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है और अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है और ना ही एफआईआर दर्ज की जा रही है जिससे पीड़ित बहुत परेशान है और सीएम से न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं इस सम्बन्ध में ओयल चौकी प्रभारी पटेल राठी से संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया जिस कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका।

### बैंक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा धौरहरा सहित पूरे उत्तर प्रदेश के बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें कोर्ट के आदेश के बाद भी छह माह से वेतन नहीं दिया जा रहा ऊपर से नया आदेश जितने प्रतिशत वसूली उतना ही भुगतान जारी किया गया है। कर्मचारी? वेतन विसंगति को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं।उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के शाखा प्रबंधक सहित सभी कर्मचारियों को बीते छह महीने से वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर बैंक संचालक मंडल लखनऊ का तुगलकी फरमान जारी हुआ कि बैंक कर्मचारियों को अपना वेतन देने के लिए शत प्रतिशत ऋण वसूली किसानों से करनी होगी, जो बैंक कर्मचारी जितने प्रतिशत वसूली करेगा, उसे उतने प्रतिशत ही वेतन मिलेगा। वेतन न मिलने के चलते आगरा जनपद के किरावली शाखा में कार्यरत कर्मचारी देवेंद्र कुमार यादव ने आत्महत्या कर ली थी। बैंक कर्मचारी संचालक मंडल लखनऊ के आदेश का विरोध करते हुए नो पे नो वर्क की तख्ती लेकर बैंक में बैठकर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। साथ ही सहकारिता मंत्री को संबोधित ज्ञापन भी अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा के माध्यम से भेजा है। इस मौके पर धौरहरा शाखा प्रबंधक विजय कुमार वर्मा, सैय्यद इसरार अहमद, डोरी लाल, अनिल कुमार सिंह, रितुराज यादव आदि मौजूद रहे।

# निर्माण में देरी पर भड़के डीएम, उप संभागीय परिवहन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**10.94 करोड़ की परियोजना की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, कार्यदायी संस्था को दिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पूरनपुर रोड स्थित बिठौरा कलां में निर्माणाधीन उप संभागीय परिवहन कार्यालय का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। लगभग 11 करोड़ की लागत से बन रही इस परियोजना की धीमी गति पर नाराज होते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही जीएसटी से संबंधित लंबित धनराशि के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को एआरटीओ ने बताया कि भवन निर्माण का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन बाउंड्रीवाल का करीब 110 मीटर हिस्सा अधूरा है। इसके अलावा परिसर का मिट्टी भराव कार्य, मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला इंटरलॉकिंग संपर्क मार्ग भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।इस पर अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी कि आवंटित धनराशि में 18 प्रतिशत की जगह केवल 12 प्रतिशत जीएसटी ही प्राप्त हुई है। इस वजह से करीब 51.26 लाख रुपये की राशि अभी अप्राप्त है, जिससे निर्माण कार्य बाधित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिशासी अभियंता और एआरटीओ को निर्देश दिए कि आज ही उक्त अंतर धनराशि के लिए जीएसटी की मांग का पत्र जिलाधिकारी कार्यालय से संबंधित विभाग को भेजा जाए, ताकि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि उप परिवहन कार्यालय के परिसर में प्रस्तावित डंपिंग यार्ड का निर्माण कार्य भी रुका हुआ है। सीएनडीएस के अधीन इस निर्माण को लेकर जूनियर इंजीनियर मनोज कुमार ने बताया कि मिट्टी भराव कार्य पूरा होने के बाद ही डंपिंग यार्ड का कार्य शुरू किया जा सकेगा। इस पर जिलाधिकारी ने आवास विकास परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिट्टी भराव का कार्य प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण कराया जाए।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### बेवा पीड़िता को विपक्षी दे रहे हैं जानमाल की धमकी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ खीरी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता सुमन यादव पत्नी स्वर्गीय विनोद कुमार यादव निवासी ग्राम बक्शीपुरवा पोस्ट पिपरा गूम थाना कोतवाली फूलबेहड़ लखीमपुर खीरी ने बताया पीड़िता अपने घर के अन्दर बैठी थी। तभी गांव के रामगोपाल यादव पुत्र करतार सिंह यादव, रेखा देवी पत्नी रामगोपाल यादव, नीरज यादव पुत्र करतार सिंह यादव, कृष्ण कुमार यादव पुत्र करतार सिंह यादव उपरोक्त पते के निवासी है। जो अपने हाथो मे बांका व लाठी-डंडा लेकर आ गये और गन्दी गन्दी गालियां देते हुए पीड़िता के घर के अन्दर घुस आये और कहा राजन कहां गया है आज उसे जान से मार डालेंगे तब पीड़िता ने गालियां देने से मना करते हुए कहा मेरे पुत्र को क्यो मार डालोगे। सभी विपक्षीगण एक राय होकर गालियां देते हुए पीड़िता को लात घूसो से मारने पीटने लगे तथा पीड़िता के कपड़े भी फाड़ दिये। विपक्षी रेखा ने पीड़िता के बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। पीड़िता के शोर गुल पर आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गये तो उक्त सभी विपक्षी आइन्दा पीड़िता के पुत्र को व पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये उक्त सभी विपक्षीगण आये दिन दंगा फसाद करते रहते है व काफी हेकड़, सरकश व दबंग किस्म के व्यक्ति है।पीड़िता बेवा है व पीड़िता का परिवार डरा व सहमा हुआ है।

# विद्या मंदिर में छात्र संसद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

- बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ, छात्रों में दिखा उत्साह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




शुक्रवार को चिरौंजी लाल वीरेन्द्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर, पीलीभीत में छात्र संसद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह उल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार एवं मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया।वंदना के उपरांत उप प्रधानाचार्य विनोद श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। छात्र संसद प्रमुख आचार्य योगेश्वर दत्त मिश्रा ने छात्र संसद की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्या भारती का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से छात्र संसद का गठन किया जाता है, ताकि छात्र नेतृत्व, प्रबंधन व सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों में प्रवीण बनें।उन्होंने बताया कि 7 मई को संपन्न मतदान प्रक्रिया में छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से बहुमत के आधार पर प्रधानमंत्री पद पर भैया ज्येष्ठ प्रकाश शुक्ला, उप-प्रधानमंत्री अंशपाल, सेनापति अरुण कुमार शर्मा, उप सेनापति सत्यवीर वर्मा तथा संसदीय कार्यमंत्री के रूप में भैया बिल्लू निर्वाचित हुए।मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर एवं विधायक प्रवक्तानंद ने सभी नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में लोकतंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र नागरिकों को अपनी आवाज उठाने, सरकार को जवाबदेह ठहराने एवं मानवाधिकारों की रक्षा करने की शक्ति देता है। यह न केवल सामाजिक संरचना को मजबूत करता है बल्कि आर्थिक प्रगति को भी बढ़ावा देता है।
कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने सभी छात्र सांसदों को कर्तव्यनिष्ठ, आत्मसंयमी और अनुशासित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ही सफलता की कुंजी है, और छात्र संसद इसके लिए एक आदर्श माध्यम है।
मंच का संचालन संजीव गोस्वामी ने किया एवं उन्होंने समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर विद्यालय के मीडिया प्रमुख तनु अग्निहोत्री, सहायक मनुकृष्ण, विनोद दीक्षित, निर्मल शर्मा, प्रशांत कुमार, सूर्यप्रकाश मिश्रा, अरविंद शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा समेत अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना की वायुसेना ने ठोक के दिया जवाब: फौजी अरविंद मिश्र

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



कस्बा अलीगंज निवासी फौजी अरविंद मिश्र जो कि भारतीय सेना से विगत वर्ष 2018 मे जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से (ऐन्टीलीजेन्स) आर्मी से सेवानिवृत्त होकर आये जो कि भारत की तीनो सेनाओ की पराक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुये बताते है कि पूरी दुनिया ने देख लिया है कि कैसे भारत की वायु सेना ने पकिस्तान की धरती पर मौजूद आतंकवाद के नौ ठिकानों को धवस्त कर दिया।
ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडियन एयरफोर्स ने केवल पराक्रम ही नहीं दिखाया बल्कि पूरी दुनिया के सामने प्रमाण भी दिया है - जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में भारतीय वायु सेना ने एंटी मिसाइल सिस्टम यस 400 से पाकिस्तान को निपटा दिया।
ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने जो प्रभावी भूमिका निभाई है, उसकी सराहना इस देश में ही नहीं दूसरे देशों में भी हो रही है।
पहलगाम के बदले में भारत का ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक, भारत ने आतंक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया है। भारत ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए पाकिस्तान में 9 लोकेशन पर एयर स्ट्राइक की है भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया है, इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाक में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है. यह कार्रवाई रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई. ये हमला बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है।
शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है. पीआईबी ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार की है, ताकि आतंकियों को करारा जवाब दिया जा सके। सिंदूर में पाकिस्तान की कौन सी जगहों के आतंकी अड्डे हुए तबाह, देखें लिस्ट, भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। 1. बहावलपुर में 2 ठिकाने बने निशाना 2. मुरीदके 3. मुजफ्फराबाद 4. कोटली 5. गुलपुर 6. भिंबर 7. चक अमरू 8. सियालकोट, भारत की एयरस्ट्राइक से पाक में जलजला, 75 आतंकियों की मौत, 55 दहशतगर्द घायल पहलगाम का अमन चैन बिगाड़ने वाले दहशत गर्दों को भारत ने उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है. ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने आतंकियों के 9 ठिकानों को निशाना बनाया है. सरकारी सूत्रों के मुताबिक पता चला है कि भारत के इस अटैक में 75 आतंकियों की मौत हुई है जबकि 55 दहशतगर्द घायल हो गए हैं।

### तीन लाख की नकदी समेत लाखों के जेवर चोरों ने किए चोरी



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। गांव मऊदाउदपुर में गुरुवार रात चोरों ने ढाई लाख की नकदी समेत करीब तीन लाख के जेवर की चोरी कर लिए। पीड़ित ने चोरों का कुछ दूर तक पीछा भी किया था लेकिन चोर सामान सहित भागने में सफल रहे। चोर मकान के पीछे लगी खिड़की का ग्रिल काटकर हुए दाखिल हुए थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पहुंचकर जांच पड़ताल की। मऊदाउदपुर निवासी नीरज कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ बाहरी कमरे में सो रहे थे। उनकी भतीजी राधा घर के अंदर एक कमरे में सो रही थी। रात करीब दो बजे राधा के कमरे में चोर अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर रहे थे। उसी समय आहट सुनकर राधा जाग गई। राधा के शोर मचाने चोर भागने लगे। उसकी आवाज सुनकर नीरज और छत पर लेटे हुए बड़े भाई सुशील कुमार भी जाग गए। लेकिन जब तक वह अंदर आते, चोर खिड़की से निकलकर भाग गए। नीरज ने दो चोरों को भागते देखा, जिनका कुछ दूर पीछा भी किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भाग गए। नीरज ने बताया कि घर में चार कमरे बने हैं। एक में राधा सो रही थी। तीन अन्य कमरो में ताला नहीं पड़ा था। चोर तीनों कमरो में रखे बक्सो के ताला तोड़कर सरसों बेच रखी ढाई लाख नकदी समेत उनकी पत्नी के सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। जेवर की कीमत तीन लाख रुपये बताई गई है। नीरज ने रात में डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई।

# डॉक्टर की लापरवाही से जिंदगी और मौत से जूझ रही महिला

- प्राइवेट अस्पताल व ठूठीबारी सीएचसी पर तैनात पूर्व आरबीएसके के डॉ0 नीरज सिंह पर पीड़ित ने लगाया गंभीर आरोप
- गलत ऑपरेशन करने के बाद इलाज का खर्च देने से मुकरे, पूर्व में भी विवाद के साथ चर्चा में रहा डॉक्टर का नाता

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

ठूठीबारी में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल और सीएचसी में तैनात पूर्व आरबीएसके डॉ नीरज सिंह पर क्षेत्र की एक महिला ने गलत तरीके से ऑपरेशन करने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला के पति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित महिला के पति रईस ने शिकायती सूचना में बताया कि बीते नवंबर माह में उसकी पत्नी के पेट में दर्द के बाद सीएचसी ठूठीबारी लाया। उस दौरान केंद्र पर तैनात आरबीएसके डॉ0 नीरज सिंह ने महिला को गुमराह कर कमीशन के चक्कर में कस्बे में संचालित एक प्राइवेट अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने गांठ का ऑपरेशन कर घर



भेज दिया। करीब चार माह बाद महिला के पेट दर्द शुरू हो गया। इस दौरान महराजगंज के निजी चिकित्सकों को दिखाने पर बताया गया कि पूर्व में ऑपरेशन के दौरान लीवर में सर्जिकल ब्लेड से गंभीर कट लग गया है जो ऑपरेशन के बिना संभव नहीं है। जिसके बाद पीड़ित ने अस्पताल संचालक और डॉ नीरज सिंह से शिकायत की। मामला गंभीर देख दोनों ने इलाज का समुचित खर्च निर्वहन की बात कर मामले को रफा दफा कर दिया गया।

इसी बीच राजनीतिक रसूख के चलते डॉ नीरज सिंह का तबादला हो गया। साथ ही पीड़ित को पैसे देने से साफ इनकार कर रहे हैं। थक हारकर मामले की शिकायत सीएम पोर्टल पर कर न्याय की गुहार लगाई है। गरीब पीड़ित परिवार ने उधार के पैसे से लगभग चार लाख रुपए का इलाज करा चुका। आगे पैसे की तंगी के कारण इलाज कराने में असमर्थ है। पीड़ित महिला जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। रईस ने कहा कि मेरी पत्नी को कुछ हुआ तो अस्पताल संचालक व डॉ नीरज सिंह जिम्मेदार होंगे। इस बाबत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 श्रीकांत शुक्ल ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम के साथ फोटो दिखाकर ठेका दिलाने के नाम पर ठगी, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री के साथ फोटो दिखाकर सिंचाई विभाग में ठेका दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित, बेतियाहाता निवासी वेद व्यास मिश्रा ने बृहस्पतिवार को कैंट थाने में तहरीर देकर आरोपी गोरखनाथ क्षेत्र के नथमलपुर निवासी अजीत नाथ मिश्रा पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का केस दर्ज कराया है। पीड़ित वेद व्यास मिश्रा ने तहरीर देकर बताया है कि वह ठेकेदारी करते हैं। काम के सिलसिले में उनकी मुलाकात अजीत नाथ मिश्रा से हुई। अजीत ने खुद को मुख्यमंत्री का करीबी बताया, प्रमाण के रूप में सीएम के साथ अपना फोटो भी दिखाया। इसके अलावा गोरखनाथ मंदिर का एक कार्ड दिखाया, जिसे देखने के बाद उसकी बातों पर विश्वास कर लिया। पीड़ित ने बताया कि अजीत ने सिंचाई विभाग का ठेका दिलाने के लिए आठ लाख रुपये बतौर सिक्योरिटी जमा करने के लिए कहा। अपने मित्र के खाते से 15 मार्च 2025 को अजीत नाथ के खाते में आठ लाख रुपये भेजे।

## तेलंगाना से आज पहुंचेंगे विजय लक्ष्मी के परिजन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

वर्मी बुद्ध विहार के वीआईपी धर्मशाला के कमरे में फंदे से लटककर जान देने वाली महिला के शव का तीसरे दिन भी पोस्टमार्टम नहीं हो पाया, इसकी वजह मृतिका के परिजन और तेलंगाना पुलिस घटना के बाद बृहस्पतिवार को भी नहीं आई। स्थानीय पुलिस अब शुक्रवार को परिजन और तेलंगाना पुलिस के आने की बात कह रही है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा। वहीं नौ महीने की बच्ची को 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन कुशीनगर की कस्टडी में है। उसे भी चाइल्ड हेल्पलाइन कोर्ट के माध्यम से रक्त संबंधी को सौंपेगी। तेलंगाना के जिला नागर कुरनूल के कस्बा अक्षमा पेटा निवासी 35 वर्षीय विजय लक्ष्मी अपने नौ माह की बच्ची के साथ बीते 11 मई को कुशीनगर आई थी। जहां वर्मी बुद्ध के वीआईपी धर्मशाला में कमरे में ठहरी हुई थी। बीते मंगलवार की शाम करीब चार बजे घटना की जानकारी पुलिस को हुई थी। मामले में आवश्यक कार्रवाई पूरी की गई थी। इस बावत चौकी इंचार्ज गौरव शुक्ल ने बताया कि तेलंगाना पुलिस और मृतका के परिजन आ रहे हैं। उनसे बात हुई है। शाम चार बजे तक झांसी के आसपास पहुंचने की बात कहे हैं। वह शुक्रवार को ही पहुंचेंगे। तभी मृतिका का पोस्टमार्टम होगा।

### शिकायतों के निस्तारण के बाद पीड़ित से लें फीडबैक

**कुशीनगर।** एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस कार्यालय में आईजीआरएस समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करें। प्रत्येक शिकायत के निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से फीडबैक लिया जाए, ताकि निस्तारण की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय में कसया सर्किल के समस्त थानों, क्षेत्राधिकारी कार्यालयों, आईजीआरएस सेल पर नियुक्त आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों, जनसुनवाई के निस्तारण का कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों एवं थानों पर नियुक्त आईजीआरएस के नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की।

## पत्नी को बुलाने ससुराल गए युवक की पिटाई

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

थाना क्षेत्र के एक गांव की एक विवाहिता ससुराल आना नहीं चाहती है। बाहर से घर आया पति जब ससुराल बुलाने गया तो पत्नी ने आने से इन्कार कर दिया। युवक की पिटाई भी की गई। उसका आरोप है कि शादी के तीन महीने बाद ही सारा सामान और जेवरात लेकर मायके चली गई थी।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक की शादी एक साल पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के साथ हुई है।

पति का आरोप है कि शादी की रात ही पत्नी को रिश्तेदार युवक से गले मिलते देख लिया था। तीन माह बाद जब मैं बाहर चला गया तो वह अपने घरवालों को बुलाकर सारा सामान और जेवरात लेकर मायके चली गई।

सात माह बाद घर लौटने पर पत्नी को ससुराल बुलाने गया, मगर उसने आने से इन्कार कर दिया। युवक ने बृहस्पतिवार को थाने पहुंच तहरीर दी है। इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ऑटो से टकराया बाइक सवार युवक युवक के सिर के हो गए टुकड़े–टुकड़े..

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**




गोरखपुर में एक बाइक सवार युवक ऑटो से टकरा गया। उसके सिर के कई टुकड़े हो गए। जिससे उसकी मौत हो गई। सहजनवां थाना क्षेत्र में यह हादसा हुआ।

गोरखपुर के सहजनवां इलाके के तिलौरा सिसई मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर में सामने से ऑटो से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में युवक के सिर के कई टुकड़े हो गए। बताया जा रहा है कि युवक ने हेलमेट नहीं पहना था।

बाइक सवार की पहचान संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम घुरापाली निवासी ओमप्रकाश निषाद (40) के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक, दोपहर करीब दो बजे की घटना है। ओमप्रकाश किसी काम से बाइक से सहजनवां स्थित एक बैंक में काम से गए था। लौटते समय सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गया। हादसे में उसकी मौके मौत हो गई।

घटना के बाद ऑटो चालक भाग निकला। सूचना पर पहुंची सहजनवां पुलिस को मृतक के पास एक आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान हुई। इसके बाद परिजनों को फोन कर जानकारी दी।

**सड़क हादसे में घायल चालक की मौत**

इलाके के जंगल एकला नंबर दो निवासी ट्रक चालक की इलाज दौरान मेडिकल कॉलेज में बुधवार रात मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के जंगल एकला नंबर दो निवासी अरविंद गुप्ता (36) ट्रक चालक था। बुधवार सुबह चिलुआताल इलाके के नकहा पुल के नीचे खड़ा था, तभी एक ट्रक की टक्कर से घायल हो गया था।

आसपास के लोग इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान बुधवार रात उसकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

## रकम लेने के बाद आवास नहीं बनवाने वाले 38 लाभार्थियों पर केस

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

प्रधानमंत्री आवास के लिए रकम लेने के बाद भी निर्माण नहीं कराने पर पंचायती राज विभाग के सचिव ने 38 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तीन वर्षों से लाभार्थियों ने आवास निर्माण नहीं कराया था। अब इन लाभार्थियों से 21 लाख रुपये की वसूली होगी। परियोजना निदेशक प्रधानमंत्री आवास दीपक कुमार ने बताया कि जिले में 38 लाभार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने लंबे समय से आवास बनवाया। न ही रकम लौटाई। विभाग लंबे समय से इन लाभार्थियों को नोटिस भेज रहा था। इसके बाद भी ये लोग आवास नहीं बनवा रहे थे। इन 38 लाभार्थियों पर 21 लाख रुपये बकाया है। अब वसूली की जाएगी। विभाग के सचिव ने बांसगांव में 18, कौड़ीराम में पांच, गोला में 14 और चारगांवा में एक लाभार्थी के खिलाफ उनके थाने में केस दर्ज कराया है। कहा कि इसके साथ ही इनसे वसूली भी की जाएगी।

# घर से बुला ले गए तिलक समारोह में.. युवक की पीटकर हत्या

## मारपीट के बाद खून से लथपथ अवस्था में युवक को छोड़कर भाग गए थे आरोपी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

इलाके के नदुआज्ञानपार काली टोला निवासी राजू उर्फ धीरज निषाद (20) की बुधवार देर रात लाठी-डंडे व रॉड से पीटकर हत्या कर दी गई। वह फेरिया टोला में तिलक समारोह में गया था। इस दौरान किसी बात को लेकर हुए विवाद में हमलावरों ने हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची झंगहा पुलिस घायल को ब्रह्मपुर पीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सूरज निषाद की तहरीर पर झंगहा थाने में आठ आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, धीरज बंगलूरू में पेंट पालिश का काम करता था। होली पर घर आया, इसके बाद से यहीं पर काम कर रहा था। उसके दो भाई एक बहन हैं। वह सबसे छोटा था। धीरज निषाद की माता लालती देवी कुछ दिन पूर्व छत



से गिर गई थीं। इसके बाद से उनका इलाज चल रहा है। पिता मुखलाल निषाद हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते हैं।

बड़े भाई सूरज ने तहरीर देकर बताया कि धीरज बुधवार की रात आठ बजे काम करके घर आया। सभी लोगों ने एक साथ खाना। रात करीब 9-45 बजे के लगभग धीरज के मोबाइल पर किसी का फोन आया। 15 मिनट बाद तीन-चार युवक बाइक से घर आए। वे धीरज को एक तिलक समारोह में साथ लेकर चले गए। देर होने पर रात करीब 10:45 बजे धीरज के मोबाइल पर फोन किया गया तो रिसीव नहीं हुआ।

थोड़ी देर बाद गांव का एक व्यक्ति आया और उसने बताया कि तिलक समारोह के पास 20 नंबर बोरिंग पर धीरज खून से लथपथ गिरा पड़ा है। वहां पहुंचे तो पता चला कि पुलिस उसे लेकर पीएचसी ब्रह्मपुर गई है। वहां जाने पर उसके मौत की जानकारी मिली।

सूरज निषाद ने आरोप लगाया कि भाई धीरज निषाद को झंगहा मिश्रौलिया का सूरज निषाद घर से बुलाकर ले गया था। पोछिया टोला में ले जाकर अपने अन्य साथी रामप्रीत निषाद, मुकेश निषाद, सागर निषाद, अभिषेक निषाद, धीरज निषाद, गौतम निषाद, आनंद निषाद व अन्य के साथ तिलक समारोह में जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडे व रॉड से हमला कर दिया। इससे भाई को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। सूरज ने बताया कि तिलक समारोह में गांव से दीनानाथ, सत्येंद्र, आरदीप और प्रशांत भी गए थे। उन्होंने बीचबचाव की कोशिश की थी, लेकिन आरोपियों ने भाई की हत्या कर दी।

केस दर्ज करके चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक की हत्या किस कारण की गई, इसके बारे में पता किया जा रहा है। जल्द सभी आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## मिलावट के संदेह में आइसक्रीम फैक्टरी में छापा, धंधेबाजों में हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर देवरिया जिले में भी शुक्रवार को मिलावटी आइसक्रीम और आइसकैंडी आदि की बिक्री की रोकथाम के लिए नगर पालिका क्षेत्र में प्रवर्तन की कार्रवाई की गई।

शुक्रवार को दो निर्माण इकाइयों से मिलावट के संदेह पर छापा मारकर आइसक्रीम और आइसकैंडी के मैंगो, आरेंज और मिल्क फ्लेवर के पांच नमूने लिए गए। इसके पहले बृहस्पतिवार को चार नमूने और लिए थे। सभी नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। जानकरी के अनुसार, खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग की टीम ने नगर पालिका क्षेत्र के कसया रोड स्थित एक आईसक्रीम निर्माण इकाई पर छापा मारा। मौके पर टीम को साफ-सफाई की कमी मिली। कसया रोड स्थित आइसकैंडी निर्माण इकाई से खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम यादव ने आइसक्रीम का एक नमूना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेंद्र कुमार ने आइसकैन का एक नमूना तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा त्रिपाठी ने आइसकैंडी का एक नमूना संग्रहित किया। देवरिया खास स्थित आइसक्रीम निर्माण इकाई से खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द्र ने आइसकैंडी का एक नमूना तथा घनश्याम वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेआइसक्रीम का एक नमूना संग्रहित किया।

मिलावटी एवं गुणवत्ता विहीन आइसकैंडी एवं आइसक्रीम के निर्माण एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जनपद देवरिया में चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब तक नौ नमूने संग्रहित किया जा चुके हैं।

# गोरखपुर–वाराणसी हाईवे : छह बसें सीज, 38 भारी वाहनों का चालान

## नौसड़ व बाघागाड़ा में सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर बृहस्पतिवार को आरटीओ व यातायात पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान छह बसें सीज की गईं तो 38 भारी वाहनों का चालान किया गया। इसके उपरांत चालकों को जागरूक करते हुए वाहनों को सड़क पर खड़ा न करने की अपील भी की।

पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार ने बताया कि दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने उद्देश्य से सड़क किनारे खड़े किए गए वाहनों, विशेष रूप से ट्रकों एवं बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एसपी यातायात के साथ क्षेत्राधिकारी यातायात कमलेश कुमार सिंह, टीआई मनोज कुमार



राय, अजीत कुमार पांडेय ने अभियान चलाया।

अभियान के तहत सड़क किनारे नो पार्किंग में खड़े 112 ट्रक व बस को हटाया गया। इसमें छह बसों को सीज तथा 38 भारी वाहनों का चालान की कार्रवाई की गई। इसी तरह शहरी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 962 वाहनों का एमवीएक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया। इन वाहनों से शमन शुल्क के रूप 42,500 जुर्माना वसूला गया। एसपी यातायात ने बताया कि कार्रवाई चलती रहेगी।

**इंडस्ट्रियल एरिया मोड़ से बरगदवां तिराहा तक हटाया अतिक्रमण**

यातायात व्यवस्था को लेकर बृहस्पतिवार को यातायात पुलिस, स्थानीय पुलिस एवं नगर निगम के प्रवर्तन दल ने अभियान चलाया। अभियान इंडस्ट्रियल एरिया मोड़ से बरगदवां तिराहा तक ठेला व खोमचा हटाया गया।

अभियान के तहत 19 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसी तरह सड़क के किनारे नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई हुई। सड़क पर नो पार्किंग में खड़े 87 चार पहिया वाहनों व 194 दो पहिया वाहनों का चालान किया गया।

## अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोला थाना क्षेत्र के हरपुर के समीप बुधवार को गोला की तरफ आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने एक बाइक को टक्कर मार दी। घटना गोपालपुर से माल्हनपार जाने वाले मुख्य मार्ग पर हुई। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर भाग गया।

जानकारी के अनुसार, बांसगांव थाना क्षेत्र के पैसा गांव निवासी शंभू (35) पुत्र राम बहादुर अपने रिश्तेदार को बुधवार की सुबह गोला थाना क्षेत्र के ऊंचागांव पहुंचाने गया था। घर लौटने के दौरान जब वह गोपालपुर से माल्हनपार जाने वाले मुख्य मार्ग पर हरपुर के पास पहुंचा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने अनियंत्रित होकर शंभू की बाइक को टक्कर मार दी। शंभू बाइक लेकर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।

## जमीन के नाम पर महिला से 35 लाख रूपये और जेवर हड़पे

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शाहपुर इलाके की महिला के साथ जमीन के नाम पर 35 लाख रुपये और जेवर हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर बुधवार को शाहपुर पुलिस ने चौरीचौरा इलाके के इब्राहिमपुर निवासी सपना सिंह, सोनी राय, सन्नी राय, विकास सिंह, भोलू सिंह और नीतू राय के खिलाफ केस दर्ज किया है।

शाहपुर इलाके के हड़हवा फाटक स्थित निराला नगर की सुनीता गुप्ता ने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं। हर दूसरे दिन डायलिसिस होती है। उनका बेटा प्रिंस गुप्ता डांस क्लासेस चलाता है। एक साल पहले चौरीचौरा के इब्राहिमपुर की सपना सिंह अपने माता के साथ उनके बेटे के पास डांस सीखने आईं।उनका बेटा प्रिंस गुप्ता डांस क्लासेस चलाता है। एक साल पहले चौरीचौरा के इब्राहिमपुर की सपना सिंह अपने माता के साथ उनके बेटे के पास डांस सीखने आईं। इसके बाद रोजाना आना शुरू कर दिया। उनकी सेवा भी करने लगी। कुछ ही दिन में सपना ने पूरे परिवार का विश्वास जीत लिया। 14 जनवरी 2024 को वह चार-पांच लोगों के साथ आई और जमीन का कागज दिखाकर कहा कि सस्ती जमीन है, बिक रही है। पीड़िता अपने भाई के साथ जमीन देखकर कई बार में 35 लाख रुपये दे दिए। फिर पीड़िता ने जमीन बैनामा करने को कहा तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। इसी दौरान वह एक शादी में गई थीं। अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। आरोप है कि इस दौरान सपना ने उनके शरीर से सभी जेवर उतार लिए। वह घर पहुंचीं और जेवर मांगा तो उसने इन्कार कर दिया। इधर, पुलिस केस दर्ज मामले की छानबीन कर रही है।

# ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों पर नकेल कसेगी जीआरपी, 20 ब्लैक स्पॉट चिह्नित

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों पर जीआरपी नकेल कसने की तैयारी में जुटी है। इसके लिए 11 थाना क्षेत्रों में 20 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक छह ब्लैक स्पॉट मऊ में हैं।

जीआरपी स्थानीय पुलिस, प्रधान व रेलवे ट्रैक के किनारे पर रहने वाले लोगों से संपर्क कर ऐसे असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर पत्थरबाजों पर शिकंजा कसेगी। अभियान के तहत जीआरपी ने लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। रेलवे एसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ी हैं। इन घटनाओं से गोरखपुर रेल मंडल की छवि भी धूमिल हो रही है तो वहीं रेलवे को काफी नुकसान हुआ है। घटना के कुछ दिन बाद तक यात्री भय के माहौल में ट्रेनों में सफर करते हैं।इन घटनाओं से गोरखपुर रेल मंडल की छवि भी धूमिल हो रही है तो वहीं रेलवे को काफी नुकसान हुआ है। घटना के कुछ दिन बाद तक यात्री भय के माहौल में ट्रेनों में सफर करते हैं।

ऐसे पत्थरबाजों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए जीआरपी ने 10 थानों में 20 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए हैं। इसमें छह ब्लैक स्पॉट मऊ में हैं। ट्रैक के किनारे रहने वाले लोगों ने कहा है कि पत्थरबाजों पर नकेल कसने की मुहिम में जीआरपी का पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने इसकी सराहना की है। लोगों ने कहा कि ट्रेन पर हमला देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना है। इससे यात्रियों में भय का माहौल पैदा होता है। इसे रोकने के लिए वे जीआरपी के साथ खड़े हैं। जो भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देगा, उसे टोकने का काम जरूर करेंगे। इसके साथ ही जीआरपी को सूचना भी देंगे। वर्ष 2024 के नवंबर माह में गोंडा से गोरखपुर जा रही गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की जनरल बोगियों पर पथराव की घटना हो चुकी है। इस घटना के बाद कुछ दिनों तक इस ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों में दहशत का माहौल रहा।

यह घटना गोंडा और करनैलगंज के बीच स्थित मैजापुर स्टेशन के पास हुई थी। पथराव की वजह से कोच की खिड़की टूट गई थी। गनीमत रहा कि घटना में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई थी।

# पूर्व बीडीसी, सिकरीगंज में किराना व्यवसायी ने दी जान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

हरपुर बुदहट और कुईं बाजार में पूर्व बीडीसी सदस्य मनोज दुबे (35) और किराना व्यवसायी संजय गुप्ता (40) ने खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हरपुर बुदहट के युवक की आर्थिक तंगी के चलते खुदकुशी बताई जा रही है।

फिलहाल पुलिस हर पहलुओं की जांच कर रही है। हरपुर-बुदहट पुलिस के मुताबिक, हरपुर-बुदहट के टोला विशुनपुर निवासी मनोज दुबे के पिता की काफी पहले मौत हो चुकी है। मनोज वर्ष 2015 में (बीडीसी) चुने गए थे। इसके बाद परिवार की जरूरतों को देखते हुए रोजगार के सिलसिले में गुरुग्राम चले गए थे। वह पांच अप्रैल को घर वापस आए थे। मनोज की पत्नी व तीन बच्चे मायके में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। बुधवार को घर पर मनोज अपनी मां के साथ खाना खाया। इसके बाद सोने चले गए। बताया जा रहा है कि देर रात में किसी समय मनोज ने घर के सामने आम के पेड़ पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बृहस्पतिवार भोर में चार बजे मृतक के चाचा लालजी ने पेड़ से लटका देखकर शोर मचाया। इसके बाद गांव के अन्य लोग वहां पहुंचे और शव को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि मनोज की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनके पिता की पहले ही मौत हो गई थी। इस वजह से वह परेशान रहता था। मनोज दुबे अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनपर ही परिवार की जिम्मेदारी थी। लगभग 40 दिनों से घर पर ही रहने के दौरान आर्थिक स्थिति और खराब हो गई थी। मनोज की शादी वर्ष 2017 में बांसगांव इलाके के ग्राम पंचायत खमुआ में हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। एक बेटा व दो जुड़वा बेटियां हैं। मनोज की ससुराल में उपनयन संस्कार था। इसमें शामिल होने के लिए उनकी पत्नी बच्चों के साथ मायके गई थीं।

## अस्पताल के कर्मचारियों ने ठप किया काम

**जन एक्सप्रेस/देवरिया/सलेमपुर।** तीन दिन पहले राजकीय पशु अस्पताल में घुसकर कर्मचारियों की पिटाई कर कार्यालय में तोड़फोड़ और लूटपाट करने के आरोपियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने शुक्रवार की सुबह सरकारी कार्य बाधित कर धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों के कार्य बाधित करने के चलते पशु पालक परेशान रहे। कर्मचारियों ने कोतवाली में सीओ से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। सीओ के आश्वासन के बाद के बाद घर चले गए। जानकारी के अनुसार, मझौली राज नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह के रहने वाले श्यामू कुमार गौंड पुत्र संतोष कुमार गौड़ राजकीय पशु अस्पताल में पशु मित्र हैं। तीन दिन पहले कार्यालय में बैठे थे। इसी बीच 15 से 20 मनबढ़ युवक पशु अस्पताल में घुस गए। आरोप है कि पशु मित्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र-1**

**विषयः** निविदा प्रपत्र संख्याः 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-29 का शुद्धि–पत्र। सन्दर्भः निविदा सूचना संख्याः 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-29 दिनांक 06.05.2025 खुलने की तिथि 29.05.2025.

**कार्य का नामः** कन्वर्शन ऑफ आई.सी.एफ. कोचेस इन टू एन.एम.जी.एच.एस. एन्ड एन.एम.जी.एच.एस.आर. कोचेस। उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा प्रपत्र के Annexure-F (Tenderer's Credentials (Bid Capacity) को GCC-2022 के अनुसार परिवर्तित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर upload कर दिया गया है।

संख्याः 2025-एएमवी-सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा-29 दिनांक 10.05.2025

1445/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ग्राम चौपाल में डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में विकासखंड कटेहरी के ग्राम पंचायत आमा में जन चौपाल ÷गांव की समस्या, गांव में समाधान÷ का आयोजन हुआ। जन चौपाल में जिलाधिकारी ने एक-एक करके ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना तथा विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की जन सामान्य तक पहुंच का सत्यापन किया।

जन चौपाल में जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय योजना, वृद्धा पेंशन योजना सहित शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक वंचित पात्र व्यक्ति को आच्छादित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में डेढ़ माह का समय बीत जाने के उपरांत भी अब तक मनरेगा, 15वां वित्त एवं राज्य वित्त मद से कुछ भी धनराशि व्यय न किए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को 15 दिवस के अंदर नियमानुसार डुग्गी पिटवाकर एवं प्रचार प्रसार कर ग्राम पंचायत की खुली बैठक सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में चकमार्गों के पटाई के स्थिति का सत्यापन कराने तथा आवश्यकतानुसार चकमार्गों का पैमाइश कर बारिश से पहले मिट्टी पटाई का कार्य कराने के निर्देश दिए। जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत आमा को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है जिसमें डेढ़ सौ मीटर मार्ग छूट रहा है जिसको जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को क्रिटिकल मद से बनवाए जाने की निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण कराए जाने के भी निर्देश दिए। चौपाल में अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'हर घर नल हर घर जल' योजना के तहत 428 परिवारों के सापेक्ष 403 कनेक्शन किए गए हैं, इस दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा पानी कनेक्शन की मांग करने पर जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को छूटे हुए समस्त परिवारों एवं इच्छुक परिवारों को तत्काल कनेक्शन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी आदि द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली प्रदान कर गोद भराई की गई। तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ÷हर घर नल-हर घर जल÷ योजना के अंतर्गत जन सामान्य को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने की दृष्टिगत बनाए गए पंप हाउस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिरोपरि जलाशय के नीचे फर्श को बनाए जाने के निर्देश दिए। जलापूर्ति को सुबह एवं शाम के साथ-साथ दोपहर में भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पाइप बिछाने हेतु तोड़े गए कोटवा माजरा से मिझौड़ा संपर्क मार्ग लंबाई लगभग 400 मी को गुणवत्तापूर्ण ढंग से रेस्टोरेशन कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य के दौरान तोड़े गए मार्गों के रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि गांव में कहीं पर भी मार्ग पर जल भराव की समस्या ना आने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, डीसी मनरेगा आदि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गोष्ठी का आयोजन




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ ने कहा कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है, जो एडीज प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती है और फ्लू जैसी गंभीर होती है। डेंगू किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। डेंगू में प्लेटलेट्स लगातार कम होने लगते हैं। डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी और इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डेंगू मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है, तो इसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले मच्छरों से बचाव जरूरी है। मच्छरों से बचने के लिए लंबी बाजू वाले कपड़े पहनें। पैरों को भी ढककर रखें। लाइट कलर के कपड़े गर्मी से तो बचाते ही हैं साथ ही मच्छरों से भी। मच्छर डार्क कलर की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं। नियमित रूप से नालियों, गमलों और अन्य जगहों की जांच करते रहें। उनमें पानी न जमा होने दें। इसमें डेंगू के लार्वा पैदा हो सकते हैं। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी, स्प्रे का प्रयोग करें। घरों में कुछ खास तरह के पौधे लगाने से भी मच्छर दूर रहते हैं।इस अवसर पर डेंगू से बचाव हेतु शपथ ली गई । कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा डॉ मीनाक्षी चौधरी ,जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीएमओ राजेश पाण्डेय,हिमांशु वर्मा, अमरेंद्र सिंह,दिलीप मौर्या, मोहन लाल जायसवाल, शैलेश मिश्रा, पवन यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

क्का

## शहीद वीर अब्दुल हमीद वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया जा रहा सर्व समाज शादी सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



शहीद वीर अब्दुल हमीद वेलफेयर सोसायटी की जानिव से शहीद वीर अब्दुल हमीद सर्व समाज शादी सम्मेलन व मेला का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन 21 व 22 मई 2025 को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में गरीब कन्याओं की शादी के साथ साथ कब्बाली और मेले का अभी आयोजन किया जा रहा है। सोयायटी द्वारा पिछले कई वर्षों से समाजहित में यह कार्यक्रम करती आ रही है। सोसायटी के मेला अध्यक्ष श्री शमशेर अब्बास का कहना है कि हमारी सोसायटी सर्व समाज के लिए हमेशा से कार्य करती आ रही है और आगे भी इसी प्रकार लोगों की भलाई का कार्य किया जाता रहेगा। सोसायटी में मुख्य रूप से शमशेर अब्बास मेला अध्यक्ष, पातीराम मेला उपाध्यक्ष, डॉ. यशपाल सिंह पार्षद, विक्रम सिंह जाटव, अकील अब्बास, मुनीष अल्वी, सददाम हुसैन, एडवोकेट यूनिश, आमिर, गुड्डु भाई मंसूरी, बाबे भाई, अंगद मोदी जी, मनोज यादव, संजू जाटव, शेर खां उस्मानी आदि मुख्य रूप से लोग जुड़े हुए हैं।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सूची में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय शामिल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**





जनपद बलरामपुर के विकासखंड सदर क्षेत्र मे निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता देते हुए इसे उच्च शिक्षा संस्थानों के रूप में उसकी सूची में शामिल कर लिया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डॉ अमोल एम.अंधारे ने मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को जारी पत्र में यह जानकारी दी। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा 16 मई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव ने पत्र में लिखा है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 8 नवंबर 2023 को स्थापित और 13 अगस्त 2024 को अधिसूचित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची में शामिल होने के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त सभी अधिकार मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर को प्राप्त होंगे। इस सूची में शामिल होने के बाद मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों और नियमों का पालन करना होगा। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सूची में शामिल किए जाने पर देवीपाटन मंडल के शिक्षाविदों, प्रबुद्ध जनों और छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सूची में शामिल किए जाने पर कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए देवीपाटन मंडल के लोगों को बधाई दी है। प्रोफेसर रविशंकर सिंह ने कहा है कि यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के मानदंडों पर सदैव आगे बढ़ने का प्रयास करता रहेगा।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने फरवरी 2023 में विधानसभा के बजट सत्र में देवीपाटन मंडल में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने की घोषणा की थी। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में जाना जाता है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की घोषणा के बाद सरकार ने बलरामपुर जनपद के कोयलरा ग्राम में इसे स्थापित करने के लिए जमीन का आवंटन किया जहां आज मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है।

## पैदावार को बेहतर बनाने में दे सकते हैं योगदान

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

योकोहामा-एटीजी ने उत्तर प्रदेश में एलायंस ट्रैक्टर टायर वैन कैम्पेन की शुरूआत की है। इस पहल के तहत, फर्रुखाबाद के किसानों को एलायंस ट्रैक्टर के फायदों के बारे में पता चला और वे कैसे उनकी पैदावार को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं। एलायंस 70 वर्षों से दुनिया भर के किसानों की सेवा कर रहा है और अपने ग्राहकों की हर तरह की जरूरतों को समझने और उन्हें संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके परिणामस्वरूप ब्रांड एलायंस के संरक्षक योकोहामा-एटीजी के पास 3500 से अधिक टायरों की रेंज है। अभियान का एक प्रमुख आकर्षण एग्री स्टार।। है जो एलायंस का प्रमुख रेडियल ट्रैक्टर टायर है और जिसने 10 लाख यूनिट की बिक्री का आंकड़ा भी पार कर लिया है। दुनिया भर में व्यापक रूप से इस्तेमाल और सराहा जाने वाला, एग्री स्टार।। अपनी स्ट्रेटिफाइड लेयर टेक्नोलॉजी (एसएलटी) के लिए प्रसिद्ध है, जिसके कारण एग्री स्टार।। देता है बेहतर पकड़, एक समान घिसाई। इसके अलावा एग्री स्टार।। चलता है सालों साल। इन सभी गुणों के चलते खेती में एग्री स्टार।। भरोसेमंद टायर माना जाता है। विशेष रूप से डिजाइन की गई वैन उत्तर प्रदेश के प्रमुख कृषि क्षेत्रों में जायेगी और किसानों को एग्री स्टार।। के फायदों के बारे में बतायेगी। इस मौके पर श्री अनुज ठक्कर, सीनियर वीपी-इंडिया और सार्क ने कहा एलायंस ने हमेशा कोशिश की है कि हमारे टायरों से किसानों की पैदावार कैसे बढ़े। इस अभियान के माध्यम से, हम एग्री स्टार।। जो दुनियाभर के किसानों का विश्वास जीत चुका है।

# भाजपा कार्यालय अटल भवन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन पर शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने 16 मई को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला कार्यशाला में कहा कि अहिल्या बाई ने राज्य का शासन करते हुए विभिन्न धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। काशी, अयोध्या व केदारनाथ सहित पूरे भारत में 3175 स्थानों का पुनर्स्थापना कराते हुए सनातन धर्म को मजबूत किया। अहिल्या बाई ने जीवन भर संघर्ष किया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने कहा कि अहिल्या बाई परम शिव भक्त थीं। अहिल्याबाई होल्कर के बारे में आज सभी लोगों को जानने की आवश्यकता है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 31 मई 1725 में उनका जन्म हुआ था। जन्म स्थान पर बालिकाओं के लिए कोई भी शिक्षा की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन उनके पिता ने अहिल्या बाई को शिक्षा दिलाया। मल्हड़ राव ने अहिल्या बाई के निर्भीकता व शिव भक्ति को देखते हुए अपने पुत्र के लिए उनके पिता से विवाह का प्रस्ताव रखा। महज दस वर्ष की आयु में अहिल्याबाई की शादी हो गई। पति व पुत्र का देहावसान होने के बाद भी उन्होंने अपने राज्य को बहुत अच्छे ढंग से चलाया। होल्कर समाज के बार-बार युद्ध करने के बाद भी अपने राज्य को सुरक्षित रखा। उनके सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने भोजनालय, तालाब, गरीब बेटियों की शादी सहित तमाम सामाजिक कार्य दान लेकर किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमलों पर हमें अपने देश के प्रधानमंत्री पर कभी शक नहीं करना चाहिए। पीएम मोदी ने बिहार से देश की जनता के साथ पूरे विश्व को कड़ा संदेश दिया। आतंकवादी हमले में किसी की भी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। पड़ोसी देश पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को देश की सेना मिट्टी में मिला दिया है। इजराइल के बाद भारत दूसरा देश है जिसने अपने दुश्मन देश के नौ ठिकानों पर प्रहार कर ध्वस्त किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ताओं के वोट के बदौलत ही पीएम मोदी ने राम मंदिर, धारा-370 सहित देश के विषम समस्याओं को हल करने का काम किया है। भाजपा संस्कृति और सच्यता को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा है तो सनातन है। इस अवसर पर सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला के राम प्रताप वर्मा, तुलसीपुर के कैलाश नाथ शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, नगर पालिका चेयर मैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, अनूप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, आद्या सिंह पिंकी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, विष्णुदेव गुप्ता, बिन्दू विश्वकर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, ललिता तिवारी, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, राम प्रसाद सिंह, सरदार परमजीत सिंह, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता डीपी सिंह व मंजू तिवारी, झूमा सिंह व जन्मेजय सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता परिषद ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



अधिवक्ता परिषद अवध बलरामपुर इकाई के तत्वाधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें परिषद के अध्यक्ष राज कुमार त्रिपाठी एडवोकेट और महामंत्री कमल नयन मौर्य एडवोकेट नेतृत्व में द्वारा सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बलरामपुर इकाई के अध्यक्ष ने कहा की भारतीय सेना के द्वारा अपने अदम्य साहस एवं पराक्रम से हम सभी देशवासियों हितों की रक्षा करते हैं। हम ऐसे भारत माता के वीर सपूतों के आजीवन ऋणी है। परिषद महामंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने जिस प्रकार ऑपरेशन सिन्दूर चला कर पाकिस्तान में छिपे आतंकवादियों का सफ़ाया किया है और पाक सेना के हर नापाक हरकत को भी नाकाम किया है और ऑपरेशन सिन्दूर में हुए शहीद वीर अमर जवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। इस मौके पर सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट,अनिल कुमार यादव कोषाध्यक्ष, रीतू मौर्या मंत्री, देवेंद्र पाण्डेय एडवोकेट, सुधाकरमणि तिवारी एडवोकेट, कुशाग्र सिंह एडवोकेट, रेशू एडवोकेट, रमाकान्त शुक्ला एडवोकेट, अमित कुमार पाण्डेय एडवोकेट, आर.एन. त्रिपाठी एडवोकेट, चंद्र मोहन उपाध्याय एडवोकेट सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## हाई स्कूल के मेधावी छात्र को सम्मानित पूर्व सांसद ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के भगवतीगंज में शुक्रवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने आईसीएससी बोर्ड के हाई स्कूल टापर रहे नगर के भगवतीगंज निवासी कृतिक को सम्मानित किया। उन्होने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्जल भविष्य की कामना की।

जानकारी के अनुसार 16 मई को नगर के भगवतीगंज निवासी पंकज सिंधी के पुत्र कृतिक ने आईसीएससी बोर्ड की हाई स्कूल की परीक्षा में सर्वाधिक अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया था। इस समय पूर्व सांसद दद्दन मिश्र जिले के मेधावियो का सम्मान कर उनका हौसला अफजाई कर रहे है। इसी क्रम में उन्होने मेधावी छात्र कृतिक के घर पहुंच कर उसका सम्मान किया। उन्होने ने कहा की यही मेधावी छात्र हमारे देश का भविष्य है। उन्होने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की सही इरादे और कठिन परिश्रम से कोई भी बड़ा से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। पूर्व सांसद ने कृतिक के माता पिता को भी बधाई दी। इस अवसर अतुल तिवारी, अन्नय गौरव, विशाल यादव, पंकज मिश्र, अंकित कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत में निजी क्षेत्र की प्रमुख बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज आलियांज़ लाइफ स्मार्ट पेंशन योजना लॉन्च की है जो यूनिट-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली व्यक्तिगत पेंशन योजना है।

यह ग्राहकों को अपनी सेवानिवृत्ति योजना पर अधिक नियंत्रण रखने में मदद करती है। यह योजना, सेवानिवृत्ति कोष तैयार करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसका उपयोग जीवन भर की गारंटीशुदा आय हासिल करने और सेवानिवृत्त के बाद के दिनों में जीवन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए किया जा सकता है। यह योजना हाल ही में लॉन्च किए गए बजाज आलियांज़ लाइफ निफ्टी 200 अल्फा 30 इंडेक्स पेंशन फंड से जुड़ी है, जो लोगों को वित्तीय रूप से सुरक्षित सेवानिवृत्ति की योजना बनाने में मदद करने के लिए उच्च विकास क्षमता प्रदान करती है। ग्राहक अपने जोखिम-लाभ से जुडी प्राथमिकताओं के आधार पर इस उत्पाद के अंतर्गत उपलब्ध पांच अन्य फंड विकल्पों में से भी चुन सकते हैं।

केवल 10 साल से शुरू होने वाली यह पॉलिसी अवधि और 45 वर्ष की कम उम्र की वेस्टिंग आयु के साथ, यह योजना कई बेहतरीन विशेषताएं प्रदान करती है।

यह ग्राहकों को वेस्टिंग के समय संचित कोष के 60 प्रतिशत तक की राशि कर-मुक्त निकालने में मदद करती है, दीर्घकालिक निवेशकों को लॉयल्टी एडिशन और 15वें पॉलिसी वर्ष के अंत में वेस्टिंग बूस्टर प्रदान करती है।

### नगर पालिका बलरामपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किए जाने हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन

# बलरामपुर नगर पालिका क्षेत्र के सभी मुख्य मार्ग होंगे फोरलेन, स्मार्ट सिटी बनाने को लेकर की गई बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा नगर पालिका बलरामपुर को स्मार्ट सिटी की सौगात दिया गया हैं। इसी प्रोजेक्ट को विकसित करने को लेकर शुक्रवार को जिला अधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिका बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू उपस्थित रहें।

डीएम ने स्मार्ट सिटी के तहत नगर पालिका सीमा के सभी मुख्य मार्ग को फोर लेन किए जाने हेतु प्रस्ताव, इनर रिंग रोड का प्रस्ताव शासन में भेजे जाने का निर्देश अधिशाषी अभियंता एनएच/ पीडब्ल्यूडी को दिया। प्रस्ताव की प्रभावी पैरवी का निर्देश भी दिया। झारखंडी महादेव मंदिर रेलवे क्रॉसिंग, बहादुरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज/अंडरपास बनाए जाने के संबंध में भी प्रस्ताव भेजे जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

स्मार्ट सिटी के तहत प्रथम चरण में मुख्य मार्ग के सभी विद्युत तारों को हटवाते हुए अंडरग्राउंड किया जायेगा एवं चौराहों पर लगे ट्रांसफॉर्मर को हटाया जाएगा। एसटीपी योजना से सभी वार्डो को आच्छादित किया जाएगा।

डीएम ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत जनपद के सभी पार्कों को स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों से जुड़ी विशेषताओं पर विकसित किया जाएगा। सभी चौराहों का भी सौंदरीकरण एवं आधुनिकीकरण किया जाएगा। बैठक में डीएम ने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना से जुड़े सभी विभाग विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए समन्वय के साथ कार्य करें।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, समस्त एसडीएम, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनरेशन जीके नवाचार को मिला मंच

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

भारत के अग्रणी कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सीएसआर) पहल 'सॉल्व फॉर टूमॉरो' के चौथे संस्करण की शुरुआत कर दी है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देशभर के युवाओं को प्रौद्योगिकी के ज़रिए सामाजिक चुनौतियों का हल खोजने के लिए प्रेरित करना है।

14 से 22 वर्ष के छात्रों के लिए खुली इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 रखी गई है। चुनी गई टॉप चार टीमों को उनके नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए आईआईटी दिल्ली में इंक्यूबेशन सपोर्ट के साथ कुल एक करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा, टॉप 40 टीमों को 8 लाख और टॉप 20 टीमों को 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रतिभागियों को 82,000 घंटे का विशेष प्रशिक्षण और मेंटरशिप भी दी जाएगी।

इस साल के प्रतिभागियों को चार महत्?वपूर्ण थीमों पर समाधान बनाने के लिये प्रोत्?साहित किया जा रहा है- अधिक सुरक्षित, स्?मार्ट एवं समावेशी भारत के लिये एआई; भारत में स्?वास्?थ्?य, आरोग्?य तथा तंदुरुस्?ती का भविष्?य; शिक्षा और बेहतर भविष्?य के लिये खेलों तथा तकनीकी के माध्?यम से सामाजिक बदलाव; और टेक्?नोलॉजी के जरिये पर्यावरण की स्थिरता।

सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा, सॉल्व फॉर टूमॉरो के ज़रिए हम भारत के हर कोने के युवा इनोवेटर्स को बड़े सपने देखने, असल ज़िंदगी की चुनौतियों से निपटने और तकनीक के ज़रिए एक स्मार्ट और समावेशी भविष्य गढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# जमालपुर पीएचसी पर ताला, डॉक्टर और स्टाफ नदारद, इलाज को तरस रहे ग्रामीण

■ 10ः30 बजे तक बंद रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डॉक्टर पर प्राइवेट दवा माफिया से साठगांठ का आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**मछलीशहर।** जिले के मछलीशहर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सभा जमालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (क्ष्ष्ट) में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शुक्रवार सुबह 10ः30 बजे तक केंद्र का ताला बंद मिला और डॉक्टर आर.के. यादव सहित पूरा स्टाफ गायब रहा।

गांव के दर्जनों लोग इलाज के लिए भटकते रहे, लेकिन सरकारी केंद्र पर एक भी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। यह स्थिति कोई पहली बार नहीं, बल्कि आए दिन यहां यही हाल रहता है।

### डॉक्टर की मनमानी, मरीजों की बेबसी

ग्रामीणों का आरोप है कि डॉक्टर आर.के. यादव अक्सर मछलीशहर सीएचसी में अपने आवास पर बैठते हैं और वहीं से मरीजों को बाहरी दवा लिखते हैं। सूत्रों की मानें तो बाहरी दवाओं से कमीशन की व्यवस्था के चलते डॉक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर समय नहीं दे रहे।

### वायरल वीडियो ने खोली पोल

कुछ दिन पूर्व एक महिला द्वारा रिकॉर्ड किया गया वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह डॉक्टर यादव पर आरोप लगाते हुए कहती है, मैं गरीब हूं, जांच तो कराई लेकिन दवा नहीं खरीद पा रही।÷ यह वीडियो क्षेत्र में काफी चर्चित हुआ लेकिन स्वास्थ्य विभाग अब तक आंखें मूंदे बैठा है।

### जिम्मेदार अधिकारी लापता, जवाबदेही गायब

सबसे गंभीर बात यह है कि सीएमओ, अधीक्षक व प्रशासनिक अधिकारी अब तक इस केंद्र की स्थिति की जांच तक करने नहीं पहुंचे हैं। जनता का हक मारकर स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर तमाशा

सरकार की ओर से ग्रामीण गरीबों के लिए खोला गया यह स्वास्थ्य केंद्र अब खुद बीमार नजर आता है। न तो दवा है, न डॉक्टर, न भरोसा। मजबूरन ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर सीएचसी मछलीशहर जाना पड़ता है।

जहां हर गरीब के पास प्राइवेट दवा खरीदने की हैसियत नहीं।

## राईपुर गांव में 'हर घर जल' योजना का जलवा, डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण भारत में जल क्रांति लाने की दिशा में एक और बड़ा कदमध्बदलापुर तहसील क्षेत्र के राईपुर गांव में %हर घर जल योजना ने दिखाया असर। शुक्रवार को जिले के डीएम ने गांव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गांव में बने ओवरहेड टैंक और सोलर पैनल की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने खुद एक घर का नल चालू कर पानी का बहाव देखा और पानी की गुणवत्ता की पुष्टि की। ग्रामीणों को अब रोजाना स्वच्छ जल मिल रहा है, और ये योजना उनकी दिनचर्या में बड़ा बदलाव ला रही है, डीएम ने मौके पर कहा। स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे बच्चों और मरीजों को साफ पानी मिल रहा है।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने किया सेना के शौर्य की सराहना



जन एक्सप्रेस। बस्ती

शुक्रवार को विश्व हिन्दू महासंघ की मासिक बैठक अमहट घाट स्थित सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर पर जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के विरूद्ध भारतीय सेना द्वारा किये गये अदभुत पराक्रम और पाकिस्तान के आतंकी अड्डो को ध्वस्त कर देने के साहस की सराहना किया गया। निर्णय लिया गया कि आगामी 5 जून को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज का जन्म दिन संकल्पों के साथ मनाया जायेगा। इसी कड़ी में 101 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक को सम्बोधित करते हुये महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने हिन्दू अस्मिता की रक्षा और सनातन परम्परा को मजबूती देने के लिये सर्वाधिक कार्य किया है। वीर सैनिकों ने अपने शौर्य से देश का मान सम्मान बढाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में देश नई ऊंचाईयों की ओर है। गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज का जन्म दिन पूरे उत्साह से मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। मासिक बैठक को दिग्विजय सिंह, जिला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय ने सम्बोधित करते हुये कहा कि महासंघ का उद्देश्य स्पष्ट है कि जो हिन्दू हितों की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा। इस संकल्प के साथ महासंघ निरन्तर समाज में योगदान कर रहा है। बैठक में मुख्य रूप से कुलदीप मिश्र, विजयशंकर शुक्ल, सौरभ त्रिपाठी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जगत मोहन सिंह 'विक्कू', विपिन सिंह, अजय मिश्र, मुन्ना सिंह, अमरजीत सिंह, राकेश सिंह, बालकृष्ण सिंह, डा. परसुराम साहनी, राजेश विधायक, विकास वर्मा, राहुल कमलापुरी, सतीश पाण्डेय 'पप्पू, रूपनरायन गौड़, सौरभ चतुर्वेदी, अंकित सिंह, राहुल श्रीवास्तव, शानू पाठक, पूनम सिंह, कंचन विश्वकर्मा, अनुसुईया पाण्डेय, प्रिन्सी सिंह के साथ ही अनेक पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

# दलित परिवार के पिटाई के मामले में डीआइजी से कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती



दलित परिवार की पिटाई, जान से मार देने की धमकी देने का मामला तूल पकड़ता जारहा है। शुक्रवार को कलवारी थाना क्षेत्र के धोबहट निवासी दलित मिश्रीलाल पुत्र कौलेसर ने पुलिस उप महानिरीक्षक और जिलाधिकारी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया। कहा कि मारने, पीटने, जाति सूचक गालियां देने, असलहा निकालकर जान से मार देने की नीयत से फायरिंग करने, कार को क्षतिग्रस्त कर देने के प्रकरण में यदि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित न हुई तो वे परिवार और विभिन्न राजनीतिक दलों के सहयोग से सोमवार 19 मई को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

डीआईजी को दिये पत्र में दलित मिश्रीलाल ने कहा है गत 12 मई को वे अपनी कार से पत्नी विमला देवी के साथ रिश्तेदारी में मरहा गांव जा रहे थे, कार उनका बेटा हरिओम चला रहा था। कड़बड़वा के पास गांव के ही अम्बिका यादव पुत्र राजेश यादव, पिन्टू यादव पुत्र राम दरश, शिव भगत यादव पुत्र रामचेत, प्रमोद यादव पुत्र रामलौट, मनीष यादव पुत्र चैन प्रकाश आदि ने अपनी कार को सामने लाकर खड़ा कर दिया और असलहा, डण्डा, लोहे का पाइप आदि लेकर उनके लड़के हरिओम को घेर लिया और कहा कि बहन के मामले में सुलह कर लो वरना जान से मारे जाओगे। उक्त लोगों ने जाति सूचक गालियां देते हुये हत्या करने की नीयत से उनके बेटे, पत्नी को बुरी तरह से मारा पीटा। लोगों के पहुंच जाने पर दबंग धमकियां देकर भाग गये। कलवारी पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जगह पीड़ितों को ही थाने से भगा दिया। पुलिस अधीक्षक को पत्र देने के बावजूद अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ और दबंग लगातार धमकियां दे रहे हैं।

डीआईजी को शिकायती पत्र देने के बाद राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव अभय पटेल ने कहा कि यदि पीड़ित दलित परिवार को शीघ्र न्याय न मिला तो अन्य संगठनों, राजनीतिक दलों के साथ मिलकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया जायेगा। पत्र देने के दौरान मुख्य रूप से अरून चौधरी, मुकेश भारती, नीलम, वासमती, राजकुमारी, सुभद्रा, मनीषा, विमला देवी, आकाश सम्राट, हरिओम, मिश्रीलाल, दुर्गेश कुमार, नागेन्द्र, श्रवण कुमार, बाबूराम, राजवन्त, वीरेन्द्र, धर्मराज, रामवृक्ष, साजन, आजाद, गौरीशंकर, प्रभावती, सुनीता, मालती, शीला देवी, इसलावती, राजू, अंगूरे, धर्मेन्द्र, अक्षय, निर्मला, अनारकली, कमलादेवी, मुन्नालाल, सत्येन्द्र, श्रवण कुमार, कुलदीप, बालकिशन आदि शामिल रहे।

# डीआईओएस कार्यालय पर कुर्की की कार्यवाही

■ 1991 की शिक्षक भर्ती मामले में न्यायालय की बड़ी सखती, 14.38 लाख नहीं दिए तो बिल्डिंग होगी नीलाम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/बस्ती

जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय पर शुक्रवार को एक अभूतपूर्व दृश्य सामने आया जब स्थानीय न्यायालय के अधिकारी कुर्की आदेश का पालन कराने डीआईओएस ऑफिस पहुंचे। मामला वर्ष 1991 में की गई छह शिक्षकों की मैनेजमेंट कोटे से नियुक्ति से जुड़ा है। इन शिक्षकों में शामिल चंद्रशेखर नामक शिक्षक ने वर्षों से बकाया वेतन भुगतान के लिए अदालत की शरण ली थी। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया था कि डीआईओएस कार्यालय 14 लाख 38 हजार 104 रुपए का भुगतान करे। लेकिन आदेश के बावजूद समय पर भुगतान नहीं किया गया।

### कोर्ट की दो टूक

90 दिन के भीतर भुगतान नहीं होने की स्थिति में डीआईओएस कार्यालय की बिल्डिंग की होगी नीलामी।

यह कार्यालय राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में स्थित है। इससे पहले भी अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए डीआईओएस का बैंक खाता सीज कर दिया था, परंतु इसके बाद भी भुगतान नहीं हुआ, जिसके चलते अब यह सीधी कुर्की की कार्रवाई की गई।

### प्रशासन की लापरवाही से बड़ा सवाल

शिक्षकों के हक़ की अनदेखी और अदालती आदेशों की अवहेलना ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब अगर 90 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो डीआईओएस दफ्तर की संपत्ति नीलामी के लिए जाएंगी।

बस्ती में यह पहला मौका है जब किसी शिक्षा विभाग के कार्यालय को अदालत ने कुर्की के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## एक माह पूर्व भगाई गई किशोरी बरामद, अपहरण व दुष्कर्म का आरोपित धराया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन। स्थानीय थाना पुलिस ने लगभग एक माह पहले बहला-फुसलाकर भगाई गई किशोरी को गुरुवार को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके बयान के आधार पर पहले से दर्ज अपहरण के मुकदमे में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाकर आरोपित का चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी लगभग एक माह पहले गायब हो गई थी। थाना क्षेत्र के ही मोजीपुर गांव के आरोपित सुनील यादव के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी। थाना प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम ने बताया गुरुवार को सुराग मिला कि वांछित आरोपित सुनील यादव किशोरी को लेकर बाजार में शाहगंज रोड पर मौजूद है। वह उसे फिर कहीं लेकर भागने की फिराक में है। टीम के साथ घेराबंदी कर किशोरी को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में किशोरी ने बताया आरोपित उसे भगाकर हरियाणा ले गया था। वहां उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाकर आरोपित सुनील यादव का चालान कर दिया गया। महिला आरक्षी की निगरानी में जिला महिला अस्पताल भेजकर किशोरी का मेडिकल मुआयना कराया गया है।

# जमीन को लेकर सगे भाई एक दूसरे के खून के हुये प्यासे

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



**जफराबाद।** नगर पंचायत कजगांव के सादात मसौड़ा वार्ड में गुरुवार की रात को पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर तीन भाइयों ने आपस में मारपीट कर लिया। सतेंद्र कुमार पटेल पुत्र बसंत लाल रोजी-रोटी के सिलसिले में अपना परिवार लेकर बाहर रहता है।

इधर कुछ दिन पूर्व ही वह गांव आया था।

गुरुवार की रात वह अपने के हिस्से की जमीन को अपने कब्जे में करने लगा।

जिसका घर पर रह रहे उसके दोनों भाई अरुण कुमार पटेल और रविंद्र कुमार पटेल ने विरोध करते हुए कहा कि तुम्हारा हिस्सा अब यहां पर नहीं है।

यदि हिस्सा चाहिए तो बंटवारा दाखिल करके प्राप्त कर लो। इसी बात को लेकर तीनों भाई आपस में मारपीट होने लगी। गांव के बड़े बुजुर्ग कुछ प्रबुद्ध नागरिकों ने गांव में रहने वाले दोनों भाइयों को समझाया कि सतेंद्र भी आपका भाई है। परदेस रहने से क्या उसका हक खत्म हो गया। उसका हक हिस्सा तो बनता है, उसे उसका हक देना पड़ेगा।

लेकिन अरुण और रविंद्र दोनों भाई एकजुट होकर अपने प्रदेश रहने वाले भाई को मारने पीटने लगे। बाद मामला लाठी डंडा तक पहुंच गया। आखिर में गांव के लोगों ने यूपी डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया। उधर कजगांव क्षेत्र में पुलिस बूथ पर मौजूद उप निरीक्षक धनुषधारी पांडेय को जैसे ही सूचना लगी। वह मौके पर पहुंच गए और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों भाइयों को पहले आपस में समझाया बुझाया। लेकिन वह जब नहीं माने तो आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

## दिनदहाड़े चाकू से हमला, तीन युवक गंभीर रूप से घायल



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्शिया बाजार में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब तीन युवकों पर अचानक चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायल विशाल सिंह के अनुसार, हमने कुछ अज्ञात लोगों से सिर्फ इतना पूछा कि वे लाठी-डंडा लेकर गांव में क्यों घूम रहे हैं, तभी उन्होंने हम पर अचानक हमला कर दिया।÷ बताया जा रहा है कि हमलावरों की संख्या 5 से 6 थी, और उन्होंने मुंह पर गमछा बांध रखा था ताकि पहचान न हो सके। उन्होंने लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर विशाल, केतन और मोनू को लहूलुहान कर दिया।

घायलों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देख तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, तीनों की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

महराजगंज पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल से मिले सुरागों और स्थानीय लोगों के बयान के आधार पर सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन खंगाली जा रही है।

दिनदहाड़े हुए इस हमले के बाद अर्शिया बाजार और आसपास के इलाकों में खौफ का माहौल है। स्थानीय लोग पुलिस से सख्त सुरक्षा व्यवस्था और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## छात्रा समीरा अंसारी बनी मिस फेयरवेल



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बीएससी (आनर्स) बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने तीन वर्ष के यात्रा का अनुभव साझा करते हुए कहा कि विभाग से हम लोगों ने बहुत कुछ सीखा । कुछ चुनौतिया रही लेकिन इन चुनौतियों को विभाग के शिक्षकों द्वारा इसको अवसर में बदलकर आगे बढ़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में समीरा अंसारी ने मिस फेयरवेल और शुभम कुमार चौहान को मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रदान किया गया।

मि संदीप को स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर, मिस सचि को चैंपियन ऑफ द इवेंट का खिताब प्रदान किया गया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम करते हुए अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने कुलपति प्रो वंदना सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुलपति के दिशा निर्देश एवं संसाधनों को त्वरित गति से उपलब्ध कराए जाने से विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त हुआ।

विद्यार्थियों से कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन एवं कठिन परिश्रम ही उसकी कुंजी है।विभागाध्यक्ष बायोकेमिस्ट्री डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, ने कहा कि बॉयोटेक्नोलॉजी में अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहा है, उसके अनुसार बस आपको तराशने की आवयश्कता है।


इस अवसर पर डॉ सिपाही लाल पटेल, डॉ मारूति, डॉ दिनेश,डॉ संजीव, डॉ अभय, डॉ ऋषि तथा अन्य शिक्षकों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन सुधांशु यादव एवं आरव मौर्या ने किया।

## सरकारी भूमि पर प्लाटिंग और भवन निर्माण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सबरहद गांव की प्लाटिंग की गई एक जमीन पर एक पक्ष द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंच निर्माण कार्य रोक दिया। भूमि प्रथम दृष्ट्या बाहा की बतायी जा रही है। फिलहाल राजस्व कर्मियों द्वारा निर्माण कार्य रोक दिया गया। तहसील क्षेत्र में सार्वजनिक उपयोग वाली 132 खाते की बाहा, तालाब, भीटा, बंजर और चारागाह आदि ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर राजस्व अभिलेखों में उलट फेर कर भूमाफियाओं द्वारा उनकी प्लाटिंग करने के अनेक मामले सुर्खियों में रहे हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम सबरहद में गुरुवार को इसी तरह का एक प्रकरण प्रकाश में आया। जहां गाटा संख्या 997 पर निर्माण कार्य चल रहा था। जिसपर ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। हल्का लेखपाल अशोक यादव ने राजस्व अभिलेखों से भूमि का मिलान किया तो प्रकरण संदेहास्पद दिखा। भूमि बाहा खाते की सार्वजनिक उपयोग वाली भूमि प्रतीत हुई तो मौके पर तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। राजस्व कर्मियों की टीम प्रकरण की जांच पड़ताल में जुटी है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी जगह पर दशकों से बाहा बहता रहा है। गांव का पानी हमेशा इसी बाहा से होकर निकलता था।

# गौराबादशाहपुर के गजना पंचायत भवन में चोरी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**गौराबादशाहपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ क्राइम कंट्रोल का भले ही लाख दावा करें लेकिन गौराबादशाहपुर थाना पुलिस इस मामले में पूरी तरह से फेल है। नगर पंचायत कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है। थाना पुलिस जांच के नाम पर न तो घटना का मुकदमा दर्ज कर रही है। न ही किसी मामले का खुलासा कर रही है। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव स्थित पंचायत भवन में गुरुवार की रात चोरी हो गयी। पंचायत भवन के दरवाजे की कुंडी काटकर चोर उसमें रखा कम्प्यूटर व उसके सभी उपकरण, प्रिंटर, इंवर्टर बैट्रा उठा ले गये। शुक्रवार को सुबह चोरी की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान उर्मिला देवी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गयी। चोरी की घटना से इलाके में दहशत व्याप्त है। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर जो बड़ा व्यावसायिक क्षेत्र माना जाता है। कई नामी गिरामी ग्रामीण ब्रांडेड कंपनियों का यहां शोरूम है। ज्वेलरी से लेकर कहीं राष्ट्रीयकृत बैंक और प्रतिष्ठान भी यहां स्थित है। आधा दर्जन से अधिक स्कूल, कॉलेज और व्यापारियों के उक्त प्रतिष्ठान की सुरक्षा रात्रि पुलिस गश्त के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की जा रही है। गौराबादशाहपुर कस्बा स्थित पुलिस चौकी के पास रेहान पुत्र इलियास एक किराये के मकान में रहते हैं। पुलिस चौकी के बगल में ही उनकी दुकान भी है। उन्होंने अपनी सुपर स्पेलेंडर बाइक घर के बाहर ही खड़ी की थी। जो चोरी चली गयी। इसकी सूचना भुक्तभोगी ने कस्बा चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश को दी। घटना के बीस दिनों बाद भी पुलिस चोरी गये बाइक को बरामद करने में सफल नहीं हो पाई है।

### सेटिंग गेटिंग का चलता है खेल

गौराबादशाहपुर। आजमगढ़ जौनपुर नेशनल हाईवे पर स्थित गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में जब कभी भी कोई कांस्टेबल य अन्य अधिकारी, कर्मचारी यहां तैनाती के लिए आ जाता है। तो फिर वह यही का होकर रह जाता है। यहां से मिलने वाली अच्छी खासी सुविधा शुल्क, व्यापारियों को धमकाने चमकने का रसूख पुलिस कर्मियों को इस कदर भाता है कि वह फिर यहां से जाने का मोह ही नहीं छोड़ पाते। दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जब क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं बढ़ने लगी। व्यापारी और आम नागरिकों ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आईजी, डीआईजी से लेकर शासन स्तर तक शिकायत हुई फिर यहां तैनात अधिकारियों ने अपना बोरिया बिस्तर समेटा। ऐसी चर्चा पूरे नगर में एक बार फिर खूब हो रही है।

### घटना के बाद खरगोश चाल चलती है पुलिस

गौराबादशाहपुर। जिले के गौराबादशाहपुर थाना पुलिस की कहानी किसी फिल्मी स्टाइल से कम नहीं है। जब कोई वारदात घट जाती है तब पुलिस खरगोश से अधिक तेज चाल चलती है। घटना के चंद दिनों बाद ही फिर वही पुलिस कछुआ चाल में आ जाती है। ऐसे में पुलिस के इस ढुलमुल रवैया से कस्बे के व्यापारियों में खासा आक्रोश बढ़ रहा है। लोग गौराबादशाहपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पुलिस चौकी के बगल से दिनदहाड़े बाइक चोरी हो जाना पुलिस के लिये चुनौती से कम नहीं है।

# एक ही चिता पर मां-बेटे का अंतिम संस्कार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज। जौनपुर जिले के शाहगंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। खुटहन मार्ग पर हुई दुर्घटना में रोली नामक महिला और उसका 6 वर्षीय इकलौता बेटा कार्तिकेय की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को जब दोनों की अंत्येष्टि गांव पीलकिछा के श्मशान घाट पर की गई, तो हर आंख नम हो गई। मां-बेटे की मृत देहों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

श्मशान घाट की ओर जब परिजन दोनों शवों को कंधे पर उठाकर ले जा रहे थे, तो वहां मौजूद हर शख्स की रूह कांप उठी। गांव के सैकड़ों लोग अंतिम विदाई में शामिल हुए और इस अत्यंत मार्मिक दृश्य को देख कई की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि श्मशान घाट पर एक ही चिता पर मां और बेटे की लाशें रखी गईं, और जैसे ही अग्नि दी गई, पूरा माहौल गम में डूब गया। ग्रामीणों का कहना है कि कार्तिकेय रोली का इकलौता बेटा था, और दोनों की एक साथ चली गई जान ने पूरा गांव स्तब्ध कर दिया है।

## मिस्टर फेयरवेल शशांक, मिस फेयरवेल सानिया सोनी बनीं

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में बी.एससी. बायो ग्रुप के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के छात्रों ने तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव गौड़ (अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान एवं समर्पण के साथ ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने छात्रों को शोधपरक शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए।

# मातम में तब्दील हुई बारात, मारपीट में एक की मौत, तीन गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**महराजगंज।** जौनपुर जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहुपुर गांव में बृहस्पतिवार की रात बारात समारोह उस वक्त मातम में बदल गया जब मामूली विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### प्रतापगढ़ से आई थी बारात, अचानक मच गया कोहराम

ग्राम भोजेमऊ, थाना फतनपुर, जिला प्रतापगढ़ से रामजी मौर्य के पुत्र सुनील मौर्य की बारात बरहुपुर निवासी रामकुमार मौर्य के यहां आई थी। शादी के उल्लास में डूबे परिजनों और बारातियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि हाथों में लाठी-डंडे चलने लगे।

### चिकित्सकों ने कमल को मृत घोषित किया

मारपीट में गंभीर रूप से घायल कमल निगम को पहले महराजगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

घटना के बाद से बरहुपुर गांव में तनाव और मातम का माहौल है। महराजगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

शादी का जश्न बना खून-खराबा

जिस बारात में ढोल नगाड़े बजने थे, वहां चीख-पुकार गूंजने लगी। बारात का माहौल मातम में तब्दील हो गया और घर वाले रस्मों की जगह अब आंसू बहा रहे हैं। परिजन सदमे में हैं, वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में लखनऊ को हराकर बाराबंकी बना चैंपियन

- शिक्षाविद् शिवराम सिंह यादव की स्मृति मे आयोजित हुई वालीबॉल प्रतियोगिता
- जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने किया खिलाड़ियों को पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



शिवराम सिंह यादव सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से शिक्षाविद्, कर्मयोगी समाजसेवी शिवराम सिंह यादव की स्मृति मे वालीबॉल प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एस.एस.सी वालीबॉल बाराबंकी ने स्पाइकर क्लब लखनऊ को पराजित कर चौंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों की 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। स्थानीय पल्हरी जैदपुर रोड स्थित बोर्डिंग एवं डे-स्कॉलर के रूप में संचालित आवासीय शिवराम इण्टर कालेज के ग्राउण्ड में वॉलीबाल का रोमांचक मैच खेला गया। प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई 15 टीमो मे से 4 टीमो ने अपना सेमीफाइनल मे स्थान बनाया। पहला सेमीफाइनल एक्सप्लोर स्पोटर्स क्लब व स्पाइकर वालीबॉल लखनऊ के मध्य हुआ, जिसमे कांटे की टक्कर देते हुये स्पाइकर स्पोटस वालीबाल क्लब ने 24-22, 21-19 19-21 व 21-19 के साथ एक्सप्लोर स्पोटर्स क्लब की 2-1 से सेट मे पराजित किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल एस.एस.सी वालीबॉल बाराबंकी व स्टार वालीबाल क्लब (रायबरेली) के मध्य हुआ, जिनमे बाराबंकी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये स्टार क्लब रायबरेली को 21-15 व 21-12 के साथ 2-0 के सेट मे पराजित करते हुये फाइनल मे प्रवेश किया। फाइनल मैच एस.एस.सी वालीबॉल बाराबंकी और स्पाइकर वालीबॉल लखनऊ के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में बाराबंकी टीम ने 21-18, 15-21 21-19 के अंको के साथ स्पाइकर क्लब लखनऊ को 2-1 के सेट में पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बता दें कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि महामंत्री रामराज यादव ने संयुक्त रूप् से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी रितेश कुमार मिश्र, पवन कुमार मिश्र मनोज कुमार सिंह, अनुराग शुक्ल, देवराम यादव, नवीन कुमार रस्तोगी, सुषमा शर्मा, वरिष्ठ कर्मचारी सदस्य पंकज कुमार वर्मा, अम्बरीश श्रीवास्तव, सतीश चन्द्र सोनी, सन्तोष कुमार, रमेश चन्द्र भारती, ओम प्रकाश श्रीवास्तव कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गौरव कुमार गुप्ता, हिमालय जायसवाल, पंकज कुमार रावत, राहुल कुमार वर्मा का स्वागत किया गया। वहीं विद्यालय की प्रबन्धिका एडवोकेट पूनम सिंह यादव व संरक्षक व प्रबन्धक एडवोकेट अंशुमान सिंह यादव ने विजयी खिलाड़ियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी का छात्राओं ने किया इंतजाम



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एवं प्राचार्य रीतू सिंह के संरक्षण एवं निर्देशन में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए छात्राओं द्वारा पक्षियों के पानी की और दाने की व्यवस्था की गई। छात्राओं ने पुरानी बोतलों एवं मिट्टी के बर्तनो आदि को स्वनिर्मित प्याऊ बनाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की। उन्हें पेड़ पर टांगा और कई जगहों पर मिट्टी के बर्तनों में पानी भर के रखा। चावल और गेहूं के दाने भी डालें। प्राचार्य द्वारा इस कार्य की सराहना की गई और सदैव इस प्रकार के कार्यों में तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया महाविद्यालय में इस कार्य में सहयोग देने हेतु अम्बरीन फातिमा, शैलेंद्र कुमार, डॉक्टर नेहा मिश्रा, पी पी यादव, नूपुर उपाध्याय एवं किरण उपस्थित रहे।

# पीड़ित को अधिवक्ता दिलाता है न्याय : सतीश शर्मा

- हैदरगढ़ के नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के सदस्य अखिलेश अवस्थी ने महामंत्री सुनील त्रिवेदी को गोपनीयता की शपथ दिलाई। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जिला बार अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा व विधायक दिनेश रावत ने उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई। बार के शपथग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के जन प्रिया मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहां की विधि व्यवसाय में लगे अधिवक्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा की जिसे कहीं न्याय नहीं मिलता उसे अधिवक्ता न्याय दिलाने का काम करते हैं। बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन अखिलेश अवस्थी ने प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता कोष में बजट दुगना किए जाने की सराहना की जिला बार अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा नेचिंता प्रकट करते हुए कहा कि न्याय प्रक्रिया से जुड़े तहसीलों के कर्मचारी व अधिकारी सुविधा शुल्क को बढ़ावा दे रहे हैं अधिवक्ता तो सभी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए मेहनत करता है।

लेकिन अधिवक्ता को स्वंय की लड़ाई लड़ने के लिए एकमात्र बायकाट का ही सहारा होता है मंत्री सतीश चंद शर्मा, बार कौंसिल के सदस्य अखिलेश अवस्थी, सिविल जज जूनियर डिवीजन बीरेंद्र सिंह, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, एसडीएम शम्स तबरेज, जिला बार अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा आदि अतिथियों को नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामअचल मिश्रा एवं महामंत्री सुनील त्रिवेदी ने स्मृति चिन्ह एंग्री भेंट कर अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष आलोक तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार मिश्र कमलेश बक्स सिंह एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बाजपेई राकेश कुमार मिश्रा महेंद्र प्रताप सिंह शेखर मिश्रा अंजनी श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव शिव किशोर यादव कुंवर बहादुर यादव अनिल मिश्रा वह पिक्कर बताओ संजय सिंह पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप सिंह रंजन लाल मिश्रा संतोष शुक्ला मनीष मिश्रा दिलीप पांडे अतुल मिश्रा आकाश मिश्रा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# हवाई फायरिंग व उपद्रव करने वाले 03 अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



गंगाघाट उन्नाव पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा हवाई फायरिंग व उपद्रव करने वाले 03 अभियुक्तों को एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। दिनांक 14.05.2025 को प्रार्थी बृज किशोर सिंह पुत्र स्व0 बच्चू सिंह निवासी ग्राम डकारी मजरा कर्मी विजला मऊ थाना गंगाघाट जिला उन्नाव नें थाना गंगाघाट पर तहरीरी सूचना दिया कि मेरे गाँव के कन्हैया सिंह उर्फ दद्दन पुत्र हवलदार सिंह द्वारा ग्राम समाज की जमीन में मिट्टी का खनन किया जा रहा है । गाँव की चार बीघा जमीन मेरे द्वारा खरीद की बात चल रही है । जिससे विपक्षी द्वारा ग्राम समाज की जमीन निकलवाने का प्रयास किया जा रहा है । जिसके एवज में 5 लाख रु0 की मांग की जा रही है। मेरे द्वारा इसका विरोध करने पर दिनांक 14/05/2025 समय करीब 5.00 बजे शाम दद्दन उर्फ कन्हैया अपने साथ आकाश पुत्र नरेन्द्र निवासी डकारी जो वर्तमान में निवास लखनऊ में करता है बाबू निषाद पुत्र अज्ञात निवासी भिटवा सोनू पुत्र बहादुर सिंह नि0 डकारी, गोरेलाल पुत्र रामजीवन भुजवा निवासी त्रिभुवन खेड़ा थाना गंगाघाट उन्नाव अपने साथ 02 से 03 अज्ञात व्यक्तियो के साथ हाथो में अवैध तमन्चे लेकर मेरे घर के पास रास्ते में गाली-गलौज करते हुए आये और उपरोक्त लोगो ने तमंचे से जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर फायरिंग शुरु कर दिया, यदि मै मौके से भागता नही तो वह मुझे जान से मार देते उक्त घटना को काफी लोगो ने देखा है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0 272/2025धारा191(2)/191(3)/352/308(5)/109 भारतीय न्याय संहिता 2023 व 7 सीएलए एक्ट गंगाघाट, उन्नाव बनाम कन्हैया सिंह उर्फ दद्दन सिंह आदि 05 नफर अभियुक्त व 2/3 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। दिनांक 16.05.2025 को थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्तगण 1.आकाश पुत्र नरेन्द्र निवासी ग्राम डकारी थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 26 वर्ष को अवस्थी हॉस्पिटल कानपुर नगर से 2. सोनू सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह निवासी ग्राम डकारी थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष व प्रकाश में आये अभियुक्त 3. शिवा राठौर पुत्र प्रदीप उर्फ पप्पू राठौर निवासी ग्राम त्रिभुवनखेडा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 20 वर्ष को न्यू एवन ढाबा के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त आकाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया गया,

जिसके संदर्भ में मुकदमा उपरोक्त मे धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई।

# पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ रखने हेतु पड़ाव अड्डों के संचालन के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि नगर निकायों में संचालित पड़ाव अड्डों पर यात्रियों/जन सामान्य के प्रयोगार्थ शेड, पानी एवं शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। उन्होने कहा कि जो पड़ाव अड्डे नगर निकाय सीमा में नहीं हो, ऐसे पड़ाव अड्डों की जमीनों का चिन्हाकन करते हुए जिला पंचायत के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाए। नगर पालिका उन्नाव के अन्तर्गत पूर्व में 07 पड़ाव अड्डे निर्धारित किए गए थे जिसमें से वर्तमान में 05 पड़ाव अड्डे पटेल पार्क के समीप लखनऊ बाई-पास, गदनखेडा बाई-पास, कब्बाखेडा तिराहा, चॉदमारी एवं रामलीला मैदान संचालित हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पड़ाव अड्डों के संचालन में एसडीएम व ईओज से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्री सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री विकास कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर श्री शौर्य अरोडा, सिटी मजिस्ट्रेट श्री राजीव राज सहित समस्त उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी गण एवं अधिशासी अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

## डायल 112 को मिली 06 नई बाइक, एसपी ने दिखाई हरी झंडी



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

आज पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा डायल 112 सेवा को और अधिक प्रभावशाली एवं त्वरित बनाने हेतु 06 नई मोटरसाइकिलों का वितरण डायल 112 पुलिस कर्मियों को किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डायल 112 आपातकालीन सेवा का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है। ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में समय पर सहायता पहुँचाने हेतु इन नई बाइकों का वितरण किया गया है, जिससे पुलिस रिस्पॉन्स टाइम में और सुधार होगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी डायल 112 कर्मियों को सेवा भावना, सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह अपेक्षा की गई कि आम जनता की सहायता में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

# सूखे पड़े तालाब, पशु पक्षियों के लिए बना काल



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

हसनगंज उन्नाव ब्लॉक औरास के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताला सराय में तालाब पड़े सूखे जिससे जीव जंतुओं और पशुओं के लिए पानी की दिक्कत हो रही है। जिसके चलते पशु पक्षी प्यास से तड़प कर इधर उधर घूमने पर मजबूर है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत ताला सराय में बना मॉडल तालाब पूरी तरह से सूखा पड़ा है जिसमें पानी नहीं भरा गया। बताया जाता है कि ताला सराय का नूहिया सबसे बड़ा तालाब है जो पूरी तरह से सूखा पड़ा है। यह तालाब पिछले 5 वर्षों से लगातार सूख रहा है इसके पहले यह तालाब कभी नहीं सूखता था।इस बारे में जब ताला सराय में संवाददाता ने पहुंच कर ग्रामीणों से जानकारी ली तो निजामुद्दीन समाज सेवक सहित कई लोगों ने बताया कि नूहिया तालाब गांव का सबसे बड़ा तालाब है। यह तालाब कभी नहीं सूखता था अब यह तालाब 5 वर्षों से लगातार सूख रहा हैं। इस दौरान निजामुद्दीन समाज सेवक सहित कई लोगों ने तालाब सुखने का कारण ग्राम प्रधान की लापरवाही को बताया है। निजामुद्दीन समाज सेवक सहित कई लोगों ने तालाब सूखने का कारण बताया कि ताला सराय के पश्चिम दिशा से बहने वाली नहर से जुड़ी बंबी की सही से सफाई न होने से तालाब में पानी पहुंच नहीं पाता है जिससे तालाब सूख जाता है। जीव जंतुओं और पशुओं के लिए पानी न मिलने से यह तालाब काल बन जाता है। जिसके कारण पशु पक्षी प्यास से तड़प कर इधर उधर घूमने पर मजबूर हो जाते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का लेकर यूपी में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो गया है। इस मौके पर मंत्री असीम अरुण, जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया निवर्तमान जिला अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने तिरंगा लेकर खुद यात्रा का नेतृत्व किया। तिरंगा यात्रा मां फूलमती मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कन्नौज कोतवाली रोड स्थित बाबा साहब के तीर्थ स्थल तक निकाली गई। इस दौरान यात्रा में एनसीसी के कैडेट, पूर्व सैनिक सहित सैकड़ो राष्ट्र भक्त भी सामिल हुए सभी अपने अपने हाथों में तिरंगा झंडा व आपरेशन सिंदूर सफ़लता तखतिया लिए हुए थे। यात्रा वीर जवानों के सौर्य गीतों से गूंज रही थी। मौजूद राष्ट्र भक्त भारत मता की जय, जय जवान, हिंदुस्तान जिंदाबाद व भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे वही रास्ते में लोग यात्रा पर अपने अपने घरों से पुस्प वर्सा भी कर रहे थे। पूरा सहर राष्ट्रवाद के नारों से गूंज रहा था। वही इस दौरान मंत्री असीम अरुण ने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों और नौजवानों का अभिनंदन किया। उन्होने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। आज भारत आतंक व आतंक के आकाओं को मुंह तोड़ जवाब दे रहा है। हमारी सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों को कमर तोड़ने का काम किया है। वही जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा हम सेना के सौर्या को नमन करते है हमारी सेना विश्व की सबसे ताकत वर सेना है। भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत आतंक और आतंक के आकाओं का फन कुचलने का काम किया है।

जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है।

इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, प्राची गुप्ता ,योगेंद्र भदौरिया, अशोक सिंह, शरद मिश्रा, शिवेंद्र कुमार, आशुतोष मिश्रा, रचित त्रिवेदी, योगेंद्र भदौरिया, जीतू तिवारी, शैलेंद्र द्विवेदी, प्रशान्त मिश्रा, संजय मिश्रा, विशाल शुक्ला, प्रभात बाजपेई, आकाश मिश्रा, श्याम मिश्रा, छोटू यादव, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## पीएम श्री विद्यालय में मंत्री ने किया बाल वाटिका का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय भुगैतापुर में नवनिर्मित बाल वाटिका भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया मंत्री ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि इस विद्यालय को पी0एम0 श्री विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है। विद्यालय में बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। बाल वटिका का भवन बनकर तैयार है। यह भवन बहुत सुन्दर बना हुआ है जिसका उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होनें प्रधानाचार्य से अनुरोध किया कि इस भवन में फर्निचर, इन्टीरीयर, इलेक्ट्रोनिक आदि का कार्य ऐसा कराये जो सबसे अच्छा हो। एक माडल के रूप में बाल वटिका नर्सरी तैयार करायी जाए। विद्यालय की बॉण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य जल्द ही कराया जायेगा साथ ही नाली निकासी का कार्य भी होगा। कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए निरन्तर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारे अध्यापक बहुत अच्छे है, मेहनत, अनुशासन के साथ कार्य कर रहे हैं। मंत्री ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यालय में उत्कृष्ट अंक लाने वाले मेधावी छात्र/छात्रा क्रमशः दीक्षा कक्षा-2, आराध्या कक्षा-2, सरोजनी कक्षा-3, दिव्यांशी कक्षा-3, रचना कक्षा-4, प्रिसं कक्षा-4, राज कक्षा-05 व साक्षी-05 को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राधानाचार्य ने मा0 मंत्री जी एवं अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## एडवांस फेको सिस्टम और सी आर्म मशीन का मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में किया लोकार्पण



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने डा0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा के ओ0टी0 में एडवांस फेको सिस्टम एवं सी आर्म मशीन का फीता काटकर शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि इस राजकीय मेडिकल कॉलेज में एडवांस तरह की मशीनो का संचालन हो रहा है। अब जनपद वासियों को एडवासं फेको सिस्टम के माध्यम से मोतियाबिंद की सर्जरी आधुनिक तरीके से मुहैया होगी। साथ ही सी आर्म मशीन के माध्यम से हड्डी का छोटे से लेकर बड़ा ऑपरेशन आसानी से किया जा सकता है। डा.आलोक रंजन ने एडवांस फेको सिस्टम की जानकारी देते हुये बताया कि मशीन के माध्यम से मोतियाबिंद हटाने के लिए सबसे सफल और सबसे सुरक्षित एवं आधुनिक सर्जरी मानी जाती है। अल्ट्रासोनिक तरंगों का उपयोग कर मोतियाबिंद को छोटे टुकड़ों में तोड़ दिया जाता है और उन टुकड़ो आंख से निकाल दिया जाता है। आँखों की रोशनी में सुधार करने के लिए आंख के (तजपपिबपंस समदे) लगाया जाता है। सर्जरी के बाद आंखो की रोशनी में तेजी से सुधार होता हैं। डा.प्रेम बाजपेयी ने बताया कि सी आर्म मशीन हड्डी से जुड़े आपरेशन के लिए बहुत ही उपयोगी होती है। ऑपरेशन के दौरान इस मशीन के माध्यम से पूरी हड्डी की जगह को स्क्रीन पर देखा जा सकता है। सर्जरी के दौरान कौन सा स्क्रू/रॉड/प्लेट कहां डालनी है, इस मशीन के आधार पर ही लगाए जाते हैं। इसके जरिए माइनर से लेकर बड़ा ऑपरेशन आसानी से किया जा सकता है। इस अवसर पर मंत्री के प्रतिनिधि विवेक पाठक, प्रिंसिपल डॉ सी0पी0 पाल, सी0एम0एस0 डॉ दिलीप सिंह सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## पुरातत्व संग्रहालय में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की उपस्थिति में राजकीय पुरातत्त्व संग्रहालय, कन्नौज एवं इंडियन ट्रेडिशन एंड हेरिटेज सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली, पोस्टर, स्लोगन लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के मध्यम से एक बृहद शैक्षिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मंत्री ने प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न विधाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धरोहर एवं संग्रहालयों के महत्व को सृजनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किए गए रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन का अवलोकन किया।

## मंडल कार्यक्रम प्रबंधक ने नागरिकों को दिए स्वग्छता के टिप्स

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज।**
**गुरसहायगंज।** मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, कानपुर, पलक शर्मा एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, कन्नौज शिवम सिंह द्वारा नगर के वार्ड संख्या-09 हर्ष नगर में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक में प्रतिभाग कर आम जनता को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों से अवगत कराया एवं वार्ड में कूड़ा के सोर्स सेग्रीगेशन के सम्बन्ध में सम्बन्धित सफाई मित्र एवं सफाई नायक से वार्ता कर उन्हें सोर्स सेग्रीगेशन के महत्व को समझाते हुये बताया कि कचरे को सोर्स पर ही गीले एवं सूखे कचरे में अलग-अलग करने से उनका निस्तारण आसान हो जाता है जबकि मिश्रित कचरा को निस्तारित किया जाना एक दुर्गम प्रक्रिया है जिसमें समय एवं संसाधनों का अपव्यय होता है एवं वातावरण भी प्रदूषित होता ह।

# गुगरापुर, तालग्राम और जलालाबाद के एमओआईसी को मिली चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यू विन पोर्टल एवं आयुष्मान कार्ड की आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि गत सप्ताह वरिष्ठ नागरिक (60 एवं 70प्लस) के 1017 आयुष्मान कार्ड बनाये गये है। आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य में गति लायी जाये। उन्होने कहा कि सीएचओ, एएनएम, आशा, आयुष्मान मित्र, पंचायत सहायक के साथ-साथ कोटेदार भी आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के कार्य में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यू-विन पोर्टल को गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण रिकार्ड को डिजिटल रूप में संग्रहित करने के लिये तैयार किया गया हैं। कहा कि प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक गुगरापुर, जलालाबाद चिकित्सा के साथ प्रशासनिक कार्य को भी बेहतर ढंग से करें। उन्होनें कहा कि गुगरापुर, तालग्राम टीकाकरण की खराब स्थिति को सुधारें, कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटना नहीं चाहिए। कहा कि यू-विन ड्यू लिस्ट पर फोकस करें। ओवर ड्यू डेटा 23806 को पोर्टल पर अपडेट करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, सहित अन्य संबंधित चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में ईशन नदी जीर्णोद्धार के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि ईशन नदी के प्रवाह क्षेत्र से सम्बन्धित तहसील कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ के ग्रामों में कुल गाटा तथा क्षेत्रफल की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाएं। उन्होनें समस्त तहसीलदारों को मौके पर जाकर नदी के गाटों का परीक्षण तथा अतिक्रमण की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया, साथ ही राजस्व व सिंचाई विभाग को नदी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र को जल्द ही डिमार्केशन कर नदी के किनारे रिक्त पड़ी भूमि पर वन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग, पंचायतीराज विभाग के अन्तर्विभागीय समन्वय कर आगामी वर्षाकाल में वृक्षारोपण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया कि नदी के प्रवाह क्षेत्र से सम्बन्धित विकासखण्ड का सर्वे कर रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रेषित कर दी गयी है तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नदी के जल की गुणवत्ता रिपोर्ट भी प्रेषित की गयी है। अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई विभाग द्वारा ईशन नदी की वर्तमान स्थिति की ड्रोनोग्राफी करा ली गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नदी के प्रवाह क्षेत्र के निकट स्थित ग्रामों से किसी भी प्रकार का प्रदूषणकारी अपशिष्ट अथवा प्रवाह ईशन नदी में न जाने पाए। ईशन नदी गंगा नदी की सहायक नदी हैं। नदी के पूरे जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण के लिए भारत सरकार के गंगा पुनर्जीवन अधिसूचना 2016 के समस्त प्राविधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। नदी के प्रवाह को अनवरत करने हेतु जिस स्थान पर डिसिल्टिंग की आवश्यकता हो उसे 01 माह के अन्दर करा लिया जाए।

# बिहार कैबिनेट के बड़े फैसले: ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को 50 लाख मुआवजा, गया बना गयाजी, जीविका को मिला अपना बैंक



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। कुल 69 एजेंडों पर मुहर लगाई गई, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर में शहीद होने वाले जवानों के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा, गया शहर का नाम बदलकर 'गयाजी', जीविका का खुद का बैंक और जन्म-मृत्यु निबंधन का जिम्मा पंचायत सचिवों को जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। इन फैसलों ने राज्य के प्रशासनिक, सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य पर दूरगामी प्रभाव डालने के संकेत दिए हैं।

### शहीदों को मिलेगा 50 लाख का मुआवजा

कैबिनेट बैठक में एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए बिहार के जवानों के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की योजना को स्वीकृति दी गई। यह अनुग्रह अनुदान गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, नई योजना के तहत दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे शहीदों के बलिदान को सम्मान और उनके परिवार को राहत मिलेगी।

### जीविका को मिला बैंक का दर्जा

अब बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का गठन कर इसे बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 के तहत निबंधित किया जाएगा। इसका उद्देश्य जीविका समूहों को वित्तीय रूप से और सशक्त बनाना है। राज्य में वर्तमान में 11 लाख जीविका समूहों से 50 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। अपने बैंक के माध्यम से ये महिलाएं अब आसानी से ऋण ले सकेंगी, जिससे स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### गया अब कहलाएगा 'गयाजी'

राज्य सरकार ने गया का नाम बदलकर 'गयाजी' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय गयाजी के धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए लिया गया है। सरकार का मानना है कि नाम परिवर्तन से इसकी पौराणिक पहचान और धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।

### राजकीय समारोह के रूप में मनेगी सुशील मोदी की जयंती

कैबिनेट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की पांच जनवरी की जयंती को हर वर्ष राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय राजनीतिक इतिहास में एक नई परंपरा की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

### राज्य कर्मियों का बढ़ा महंगाई भत्ता

सरकार ने सातवें वेतनमान के अंतर्गत सभी राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता (डीए) दो फीसदी बढ़ा दिया है। इससे सातवें वेतनमान के तहत डीए 53% से बढ़ाकर 55%, पांचवें वेतनमान में 246% से 252%, और छठे वेतनमान में 455% से 466% कर दिया गया है। इस फैसले से राज्य सरकार पर 1,070 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

### पंचायत सचिवों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की जिम्मेदारी

अब ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों को सौंपी गई है। इससे ग्रामीण जनता को स्थानीय स्तर पर त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी।

### बिहार कैंसर केयर एंड रिसर्च सोसाइटी का गठन

राज्य में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए बिहार कैंसर केयर एवं रिसर्च सोसाइटी के गठन को भी मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य कैंसर की रोकथाम, चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करना और समय पर इलाज सुनिश्चित करना है।

### पटना हाईकोर्ट में बनेंगे बहुमंजिला भवन

राज्य सरकार ने पटना हाईकोर्ट परिसर में प्रशासनिक भवन, आईटी भवन, ऑडिटोरियम, मल्टी-लेवल पार्किंग सहित 302 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से कई बहुमंजिला भवनों के निर्माण को मंजूरी दी है।

### राज्य में होगी विभिन्न विभागों में नियुक्तियां और पुनर्गठन

मंत्रिमंडल ने वायुयान संगठन, सहकारिता विभाग, वित्त विभाग और मत्स्य विभाग में सैकड़ों पदों की बहाली और संवर्ग पुनर्गठन को मंजूरी दी है। इनमें वायुयान संगठन में नई नियमावली, सहकारिता विभाग में 498 पद, वित्त विभाग में 18 वाहन चालक पद और मत्स्य विभाग में 170 पदों का पुनर्गठन शामिल है।

### राज्य में इन नई योजनाओं और परियोजनाओं को हरी झंडी

अमृतसर-दिल्ली-कोलकाता कॉरिडोर परियोजना के तहत डोभी मोड़ से बभनदेव जंगल तक 142 करोड़ की लागत से चार लेन सड़क, अनुसूचित जनजातियों के लिए भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों का पुनर्निर्माण, अल्पसंख्यक छात्रावासों और बोधगया में ध्यान केंद्र जैसी परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी गई है।

### 1,069 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण को मंजूरी

राज्य सरकार ने 1,069 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण के लिए 27 अरब 84 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। प्रत्येक भवन में एक सुधा मिल्क पार्लर स्थापित किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा।

### जीविका समूह को सफाई की जिम्मेदारी

राज्य के प्रखंड सह अंचल कार्यालयों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी अब जीविका समूहों को सौंपी जाएगी। इससे महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा और स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

### दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरी में सीधा आरक्षण

राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इससे दिव्यांगजनों को सामाजिक और आर्थिक समानता में भागीदारी सुनिश्चित होगी।

### बिजली ढांचे को मिलेगा नया विस्तार

उत्तर और दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत 1,576 करोड़ रुपये की लागत से 104 नए विद्युत उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इस परियोजना में केंद्र और राज्य की 60:40 हिस्सेदारी होगी।

# भारत की रैंकिंग 159वें स्थान से हुई 151 अमेरिका दो पायदान गिरकर 57वें स्थान पर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के 180 देशों में किये गए इस वर्ष के सर्वेक्षण के अनुसार विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग पिछले वर्ष के 159वें स्थान से सुधरकर 151 हो गई है। फिनलैंड, एस्टोनिया और नीदरलैंड इस सूचकांक में शीर्ष तीन स्थान पर हैं। सूचकांक में अमेरिका 57वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है। 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' के सहायक महानिदेशक थिबॉट ब्रुटिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने रैंकिंग को अंतिम रूप देने के लिए दुनियाभर से करीब 5,000 लोगों की प्रतिक्रिया मांगी थी। इनमें नीति निर्माताओं, पत्रकारों और अन्य हितधारकों समेत विविध समूह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने इन उत्तरदाताओं की पहचान उजागर नहीं की है और इस बात पर जोर दिया कि यह विभिन्न विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विविध समूह हो। भारत में करीब 900 निजी स्वामित्व वाले टीवी चैनल हैं, जिनमें से आधे समाचार चैनल हैं। 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' ने बताया कि 20 से अधिक भाषाओं में लगभग 1,40,000 प्रकाशन प्रकाशित होते हैं। जिनमें करीब 20,000 दैनिक समाचार पत्र हैं, जिनकी संयुक्त प्रसार संख्या 39 करोड़ प्रतियों से अधिक है।

### कुछ खास लोगों के हाथों में मीडिया का नियंत्रण चिंता की विषय

रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया (29वें), कनाडा (21वें) और चेक गणराज्य (दसवें) जैसे उच्च रैंकिंग वाले देशों में भी कुछ खास लोगों के हाथों में मीडिया का नियंत्रण होना चिंता का विषय है।

## रक्षा बजट 50 हजार करोड़ रुपये बढ़ाने की तैयारी कर रहा भारत, सेना के लिए खरीदे जाएंगे हथियार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारत अपनी सेनाओं को उन्नत हथियारों, गोला-बारूद और विभिन्न सैन्य उपकरणों से लैस करने के लिए रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, यह बढ़ोतरी संसद के शीत सत्र के दौरान अनुपूरक बजट के माध्यम से की जा सकती और इसके साथ कुल रक्षा आवंटन को 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।



सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सरकार ने महसूस किया है कि भारतीय सेनाओं को सामरिक लिहाज से और मजबूत करना और इस्राइल की आयरन डोम जैसी उन्नत वायु रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराने की जरूरत है। यही वजह है कि रक्षा मंत्रालय की तरफ से लड़ाकू विमानों, मिसाइलों आदि की खरीद के लिए रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह राशि हथियार खरीद के अलावा स्वदेशी स्तर पर अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने में इस्तेमाल की जाएगी। हालांकि, रक्षा बजट 2014 से ही मोदी सरकार की प्राथमिकता में शामिल रहा है। भाजपा सरकार के पहले वर्ष 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष 1 फरवरी को पेश 2025/26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए थे। यह आवंटन 2024-25 के 6.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 9.2 प्रतिशत अधिक था।

# अब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को किया बेनकाब, कहा, भारतीय मिसाइलों से हमें कोई नुकसान नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान के झूठ को भारत लगातार उजागर कर रहा है। अब अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान को बेनकाब किया है। अफगानिस्तान के कार्यकारी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने कहा कि भारतीय मिसाइलों से उनके देश को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मुत्तकी ने यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर से फोन पर बातचीत के दौरान कही। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक पाकिस्तान लगातार एक के बाद एक झूठ बोल रहा है। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आरोप लगाया था कि भारत की मिसाइलों ने अफगानिस्तान को नुकसान पहुंचाया है। पाकिस्तान ने यह भी कहा था कि भारत ने पहलगाम हमला तालिबान से कराया था। इन आरोपों को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ फोन पर बातचीत में अफगानिस्तान के कार्यकारी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने खारिज कर दिया। सूत्रों ने बताया कि फोन पर हुई वार्ता में तालिबान पक्ष ने पहलगाम हमले की भी कड़ी निंदा की। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुत्तकी के झूठी और निराधार रिपोर्टों के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने के प्रयासों को खारिज करने का स्वागत किया। सूत्रों ने बताया कि जयशंकर और मुत्तकी दोनों ने संपर्क में बने रहने पर भी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि हम सभी स्तरों पर नियमित संपर्क में हैं। इससे तीन सप्ताह पहले अफगानिस्तान में भारत के प्रतिनिधि आनंद प्रकाश ने काबुल में मुत्तकी के साथ बातचीत की थी। इस दौरान मुत्तकी ने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर जोर दिया था और कहा था कि भारतीय निवेशकों को अफगानिस्तान में निवेश के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।

### तालिबान के सत्ता पर काबिज करने के बाद पहली बार हुई बात

जयशंकर और मुत्तकी के बीच अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद पहली बार बात हुई। इस दौरान भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार को बढ़ावा देने पर भी बात हुई। भारत ने सूखे मेवे लेकर आने वाले 160 अफगान ट्रकों को अटारी सीमा से प्रवेश की मंजूरी दी है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने वाघा सीमा तक ट्रकों को जाने की मंजूरी देने में देरी की।

### अफगानिस्तान में विकास योजनाओं पर विचार कर रहा भारत

सूत्रों ने बताया कि भारत अफगान लोगों के लिए कुछ विकास परियोजनाओं पर भी विचार कर रही है। भारत पाकिस्तान से निष्कासित अफगान शरणार्थियों के लिए मानवीय सहायता पर भी काम कर रहा है। 2021 से अब तक भारत ने अफगानिस्तान को 50,000 टन गेहूं, 350 टन दवाइयां, 40,000 लीटर मैलाथियान कीटनाशक और 28 टन भूकंप राहत सामग्री भेजी है। साथ ही अफगानी छात्रों के लिए 2,000 ऑनलाइन छात्रवृत्तियां भी दी हैं। भारत इस पर भी जोर दे रहा है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

# 9-10 मई की रात स्वदेशी आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम ने बदले हालात, रक्षा मंत्रालय का बयान



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि 9-10 मई की रात पाकिस्तान ने बड़ा और संगठित मिसाइल व ड्रोन हमला किया, जिसका निशाना भारतीय सेना और नागरिक ढांचा था। इस हमले के बीच भारत ने एक खामोश ताकत आकाशतीर को पेश किया, जिसमें स्थिति को बदल दिया। मंत्रालय ने कहा, इस पूरी तरह से स्वदेशी और स्वचालित (ऑटोमैटिक) वायु रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस सिस्टम) ने खतरे की सटीकता का पता लगाया, उसकी निगरानी की और उसे निष्प्रभावी कर दिया। यह आधुनिक युद्ध में एक ऐतिहासिक क्षण था। इसने आगे कहा, पारंपरिक वायु रक्षा प्रणालियां इंसानी मदद और तय बुनियादी ढांचे पर निर्भर करती हैं। वहीं, आकाशतीर कई रडार, सेंसर और संचार नेटवर्क को रियल-टाइम मोबाइल कमांड सिस्टम से जोड़ता है। यह प्रणाली आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विकसित की गई है। यह प्रणाली सेना, नौसेना और वायु सेना में निर्बाध रूप से संचालित होती है, क्योंकि यह आईएसीसीएस और त्रिगुण नेटवर्क के साथ जुड़ी हुई है।

### आकाशतीर को किसने तैयार किया

आकाशतीर को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और तैयार किया है। यह वायु रक्षा प्रणाली स्वचालित (ऑटोमैटिक) है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित है। पाकिस्तान के साथ तनाव के दौरान इस प्रणाली ने ड्रोन, मिसाइलों, छोटे मानव रहित विमान (यूएवी) और लॉइटरिंग म्यूनिशन (भटकते बम) को रोक दिया, जिससे यह एक वैश्विक स्तर की रक्षा प्रणाली बन गई है। बीईएल के मुताबिक, इस प्रणाली को मार्च 2023 में हस्ताक्षरित 1,982 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत विकसित किया गया। आकाशतीर प्रणाली निगरानी करने वाले उपकरणों, रडार और कमान यूनिट को एक नेटवर्क में जोड़ता है और भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयों को लगातार जानकारी देता है। यह प्रणाली युद्ध क्षेत्र में भारतीय सेना के ऊपर के हवाई क्षेत्र पर निगरानी रखता है और जमीन पर मौजूद वायु रक्षा उपकरणों को प्रभावी तरीके से नियंत्रित करता है।

# बर्खास्त शिक्षकों का आंदोलन तेज, लाठीचार्ज के बाद भी नहीं टूटा हौसला, भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल के साल्ट लेक स्थित शिक्षा विभाग मुख्यालय विकास भवन के बाहर शुक्रवार को भी शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी शिक्षकों की मांग कर रहें है कि उन्हें दोबारा परीक्षा देने के लिए मजबूर न किया जाए और उनकी नौकरियां तुरंत बहाल की जाएं। बता दें कि बीते गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान पुलिस और शिक्षकों के बीच जमकर झड़प हुई थी। कई शिक्षक घायल हो गए थे, जिनमें से 60-70 को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। बावजूद इसके शुक्रवार को हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी दोबारा इकट्ठा हुए और प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि गुरुवार को शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों पर पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज कर दिया, जबकि वे बीमार और महिला कर्मचारियों को निकलने देने पर सहमत हो गए थे। अब शिक्षकों का आंदोलन और तेज होने की आशंका है, क्योंकि शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में सिविल राइट्स कार्यकर्ता और राजनीतिक कार्यकर्ता भी समर्थन में जुटने वाले हैं।

### मामले में भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

शिक्षकों पर गुरुवार को हुए पुलिस लाठीचार्ज को लेकर भाजपा ने ममता सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने इसे निर्दयता की भयावह मिसाल बताया है। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी पर तानाशाही और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर मंत्रिमंडल चोरों को बचाने का फैसला करता है, तो उन्हें जेल में होना चाहिए। अधिकारी ने यह भी कहा कि खुद उन्होंने यही परीक्षा देकर पहली नौकरी हासिल की थी और अब प्रतिभाशाली उम्मीदवारों के साथ अन्याय हो रहा है। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने भी ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ÷राज्य को एक बाज़ार बना दिया गया है जहाँ पैसे देकर शिक्षक की नौकरी खरीदी जाती है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रद्द हुई थी नियुक्तियां

पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे ये वही शिक्षक हैं जिनकी नियुक्तियां हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रद्द कर दी गई थीं। कोर्ट ने 2016 की स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) परीक्षा के जरिए हुई 25,753 नियुक्तियों को दागी और भ्रष्ट करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जिनकी नियुक्ति बेगुनाह मानी गई है, वे 31 दिसंबर 2025 तक काम कर सकते हैं और वेतन ले सकते हैं।

# गृह मंत्रालय ने नौकरशाही में किया बड़ा फेरबदल, 40 आईएएस और 26 आईपीएस अफसरों का तबादला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने शुक्रवार को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर के 40 आईएएस और 26 अफसरों के तबादले और नियुक्तियां की हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश में कार्यरत चार आईएएस और पांच आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं। मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबित, यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### इन आईएएस अधिकारियों का दिल्ली किया गया तबादला

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2012 बैच के अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह को दिल्ली भेजा गया है, जो अभी अरुणाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परवार कल्याण विभाग में सचिव हैं। वहीं, लोअर दिबांग वैली के उपायुक्त सौम्य सौरव (2014 बैच),



राजधानी ईटानगर के उपायुक्त तालो पोटोम और लोहित के उपायुक्त शाश्वत सौरभ (दोनों 2016 बैच) का भी तबादला दिल्ली कर दिया गया। वहीं, गोवा में कार्यरत तीन आईएएस अधिकारियों स्नेहा सूर्यकांत गिट्टे और अश्विन चंद्रु ए (दोनों 2019 बैच) और यशस्विनी बी (2020) को अरुणाचल भेजा गया है।

### भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों का भी तबादला

वहीं, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में 2013 बैच के शरद भास्कर दराड़े को दिल्ली भेजा गया है। दराड़े इस समय राज्यपाल के सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उनके साथ 2014 बैच के महेश कुमार बर्णवाल को भी दिल्ली भेजा गया है।

### इन आईपीएस अफसरों की अब दिल्ली और अरुणाचल प्रदेश में तैनाती

ईटानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह, विशेष जांच प्रकोष्ठ (एसआईटी) के एसपी अनंत मित्तल (दोनों 2015 बैच) और पश्चिम सियांग के एसपी अभिमन्यु पोसवाल (2018 बैच) का भी तबादला दिल्ली कर दिया गया है। वहीं, दिल्ली में तैनात आईपीएस अधिकारी देवेश कुमार महला (2012 बैच), सुरेंद्र चौधरी (2013), और अनुराग द्विवेदी (2020) को अरुणाचल प्रदेश भेजा गया है। साथ ही, मिजोरम में तैनात 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी शिवेंदु भूषण को भी अब अरुणाचल प्रदेश में तैनाती दी गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)